सुप्रभात
रांची, मंगलवार
01.10.2024
* * नगर संस्करण। पेज : 12
khabarmantralive.com

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net
आश्विन, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी, संवत् 2081
मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 82



12 फाल्के अवॉर्ड पर भावुक हुए मिथुन, कहा- मेरे पास शब्द नहीं

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## जलसहिया बहनों को खुशियों का उपहार





**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड
द्वारा

जलसहिया बहनों को जल एवं स्वच्छता
के क्षेत्र में Jhar-Jal App के माध्यम से कार्य करने
के लिए स्मार्ट फोन हेतु

## ₹12 हजार का उपहार

राज्य स्तरीय जलसहिया क्षमतावर्द्धन-सह-स्वच्छता
ही सेवा कार्यक्रम



PRNO 337708 ( Drinking Water and Sanitation) IPRD 24-25

### जलसहिया बहनों पर है सरकार का ध्यान

- ग्राम स्तर पर कार्यरत जलसहिया बहनों को **प्रतिमाह ₹2,000 मानदेय राशि निर्धारित**
- राज्य सरकार आम नागरिक और सरकार के विभिन्न अंग को अपने साथ खड़े होने के लिए **उनका हक और अधिकार** दे रही है।

**दिनांक : 01 अक्टूबर, 2024 | समय: अपराह्न 01:00 बजे**
**स्थान : प्रभात तारा मैदान, धुर्वा, रांची**

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड सरकार

# जन आंदोलन से ही मिटेगा कुपोषण : राज्यपाल

## रांची के शौर्य सभागार से 11,000 सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों का ऑनलाइन उद्घाटन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने सोमवार को 11,000 सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों का रांची से ऑनलाइन उद्घाटन किया। डोरंडा स्थित शौर्य सभागार में आयोजित सातवें राष्ट्रीय पोषण माह के समापन कार्यक्रम में झारखंड सहित देशभर में पोषण अभियान को जन आंदोलन का रूप देने की अपील की गई। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कुपोषण के खिलाफ इस अभियान को एक सतत प्रक्रिया बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। कहा कि यह जागरूकता अभियान केवल एक माह तक सीमित न रहे, बल्कि निरंतर चलता रहे, ताकि देश से कुपोषण की समस्या का जड़ से उन्मूलन हो सके। वहीं, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि बापू की धरती गुजरात से पोषण अभियान का शुभारंभ हुआ था और अब भगवान बिरसा की धरती पर इसका समापन हो रहा है। इस अभियान का उद्देश्य कुपोषण रूपी दानव को समाप्त करना है। मौके पर महिला, बाल विकास विभाग, केंद्र सरकार के सचिव अनिल कुमार मल्लिक, विभागीय सचिव मनोज कुमार, निदेशक शशि प्रकाश झा, उप निदेशक कंचन सिंह सहित केंद्र एवं राज्य सरकार के कई पदाधिकारी उपस्थित थे। अंत में महिला, बाल विकास विभाग, झारखंड सरकार के निदेशक ने सभी का आभार प्रकट किया।

**सामूहिक प्रयास से ही कुपोषण का उन्मूलन संभव :** राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय पोषण माह का उद्देश्य केवल जागरूकता बढ़ाना ही नहीं है, बल्कि इसे एक जन आंदोलन का रूप भी देना है। कुपोषण के खिलाफ सामूहिक प्रयास से ही यह संभव है। हर व्यक्ति, विशेषकर महिलाएं और बच्चे सही पोषण प्राप्त करें, ताकि एक सशक्त और स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण हो सके।

उन्होंने कहा कि इस कार्य में आंगनबाड़ीकर्मियों की भी अहम भूमिका है। राज्यपाल ने उन सभी आंगनबाड़ी कार्यकताओं, स्वयंसेवकों और संस्थाओं को बधाई दी, जिन्होंने राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान आमजनों को जागरूक करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा कि एक सशक्त भारत के निर्माण के लिए हर बच्चे और हर मां को सही पोषण मिलना अत्यंत आवश्यक है।

### झारखंड में 19.53 लाख गतिविधियां हुईं : अन्नपूर्णा

कार्यक्रम में अन्नपूर्णा देवी ने बताया कि पोषण माह के दौरान देश के सभी 36 राज्यों के 766 जिलों में करोड़ों गतिविधियों का आयोजन किया गया। सिर्फ झारखंड में भी 19 लाख 53 हजार गतिविधियां आयोजित की गईं। पोषण माह के दौरान कई नई जानकारियों को सीखने-जानने को मिलता है। इसके आधार पर देश के आनेवाले भविष्य को संवारने का भी मौका मिलता है। देश भर में 13 लाख 95 हजार आंगनबाड़ी हैं। इनमें पीएम मोदी की अपील पर 87 लाख पौधे एक पेड़, मां के नाम कार्यक्रम के तहत लगाए गये। आंगनबाड़ी केंद्रों के अलावा केंद्र सरकार के स्तर से पीएम जनमन योजना, मिशन वात्सल्य, मिशन शक्ति, पीएम मातृ वंदना योजना सहित अन्य प्रयासों के जरिए भी महिलाओं एवं बच्चों के कल्याण के लिए काम किए जा रहे हैं। मौके पर राज्यपाल द्वारा बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी किया गया। साथ ही धात्री महिलाओं की गोद भराई रस्म भी हुई।

**कुपोषण के खिलाफ लड़ाई को सशक्त बना रहे हैं :** राज्यपाल ने कहा कि इस वर्ष राष्ट्रीय पोषण माह का थीम- एनीमिया, विकास निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी पढ़ाई भी, प्रौद्योगिकी और एक पेड़ मां के नाम जैसे विषयों पर केंद्रित रहा। इन विषयों के माध्यम से कुपोषण के खिलाफ लड़ाई को और अधिक सशक्त बनाया जा रहा है। पोषण केवल शारीरिक स्वास्थ्य का नहीं, हीं बल्कि मानसिक और सामाजिक विकास का भी आधार है।

पीएम मोदी के दृढ़ संकल्प और दूरदर्शी सोच के कारण पोषण योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने पीएम के ईट लोकल, थिंक ग्लोबल के आह्वान का उल्लेख करते हुए लोगों से मोटा अनाज, साग-सब्जियां जैसे पौष्टिक खाद्य पदार्थों को अपने आहार में शामिल करने का आह्वान किया। स्थानीय खाद्य पदार्थों को अपने आहार का हिस्सा बनाने पर भी जोर दिया।

# पीएम कल झारखंड को देंगे करोड़ों की सौगात

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2 अक्तूबर को झारखंड में 83 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री हजारीबाग में उनासी हजार करोड़ रुपये से अधिक के कुल परिव्यय के साथ धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ करेंगे। इस अभियान के अंतर्गत लगभग 63 हजार गांव शामिल होंगे। इससे देश भर के 549 जिलों और दो हजार 740 प्रखंडों में पांच करोड़ से अधिक जनजातीय लोग लाभान्वित होंगे। श्री मोदी दो हजार 800 करोड़ रुपये से अधिक की लागत के 25 एकलव्य विद्यालयों की आधारशिला भी रखेंगे। श्री मोदी प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान, पीएम-जनमन के अंतर्गत एक हजार 360 करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे। इनमें सड़क, आंगनवाड़ी, बहुउद्देशीय केंद्र, स्कूल छात्रावास परियोजनाएं शामिल हैं। प्रधानमंत्री पीएम जनमन के अंतर्गत ऐतिहासिक उपलब्धियों की एक श्रृंखला का भी अनावरण करेंगे।

### कल एयरपोर्ट के आसपास नो फ्लाइंग जोन

रांची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो अक्तूबर के दौरे को देखते बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के आसपास के इलाकों को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। दो अक्तूबर को एयरपोर्ट के 200 मीटर के दायरे में ड्रोन, पारा ग्लाइडिंग एंड हॉट एयर बैलुन के उड़ान पर रोक लगा दी गयी है। इस संबंध में उपायुक्त के निर्देश पर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने बीएनएसएस की धारा-163 के तहत आदेश जारी कर दिया है।


झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, लोहरदगा

**शुद्धि-पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 22.09.2023 को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित PR 336547 Lohardaga (24-25)D (अति–अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना, ई–टेण्टर रेफ्रेंस नं. : प.नि.वि./लोहरदगा–619/2024–25) में निम्न विवरणी के अनुसार आंशिक संशोधन किया जाता है :–

| | | |
|---|---|---|
| 6. | वेबसाईट में निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 07.10.2024 को मध्याह्न 12:00 बजे तक। |
| 7. | वेबसाईट में निविदा खोलने की तिथि | 08.10.2024 को अपराह्न 12:30 बजे। |

शेष क्रम संख्या पर अंकित विवरणी यथावत रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, लोहरदगा।
PR.NO.337617 Lohardaga(24-25):D

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, कोडरमा

**आवश्यक सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा निकाली गई अतिअल्पकालीन निविदा सूचना संख्या–21/2024–25 जिसका पी0आर0 संख्या–337479Building(24-25).D है के ग्रुप संख्या–04 को अपरिहार्य कारण वश स्थगित किया जाता है साथ हीं ग्रुप संख्या–01 एवं 05 में प्राक्कलित राशि, परिमाण विपत्र की राशि एवं अग्रधन की राशि में निम्नवत् संशोधित किया जाता है:–

| ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | संशोधित प्राक्कलित राशि | संसोधित परिमाण विपत्र की राशि | संसोधित अग्रधन की राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of A.C. Office with electrical work and aluminium partition work at Collectorate Builiding Block A Koderma Dist. | 11,31,431.00 | 2500.00 | 22700.00 |
| 5 | Repair work to C.O. Chamber and Office in Koderma block cum Circle Office at Koderma. | 3,24,693.00 | 750.00 | 6500.00 |

शेष शर्तें यथावत् रहेगा।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन प्रमण्डल, कोडरमा
PR 337655 Building (24-25)_D

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
WATER WAYS DIVISION, RANCHI.
(Room N0-503, Jal Bhawan, Doranda-834002)

**e-Procurement Notice**

[4th Call, PR-319293]

Re e-Tender Reference No. –WRD/WWD/RANCHI- 06/2024-25. Date-28.09.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of work | Demarcation & RCC Pillaring for Both Banks of Harmu River from Bajra (Hehal Anchal) to Baraghaghra (Argora Anchal) of Ranchi District. |
| 2 | Estimated Cost (Rs) | Rs. 46,92,305.04 |
| 3 | Bid Security (Rs.) | Rs. 94000=00 (Online mode) |
| 4 | Cost of Tender Document | Rs. 5,000=00 (Non-Refundable) (Online mode) |
| 5 | Time of Completion | 12 (Twelve) Months. |
| 6 | Availability of Tender On Line | 01.10.2024 From 02:00 PM |
| 7 | Bid Submission | From 01.10.2024, 02:00 PM to 21.10.2024 upto 05:00 PM |
| 8 | Date & Time of Opening of Bid | 23.10.2024, 02:00 PM |
| 9 | Name and address of office inviting tender | Executive Engineer, Water Ways Division, Ranchi. |
| 10 | Contact No. of Procurement Officer | 7004715652 |

Note:-
1. Onlye-tenderwillbeaccepted.Detailsavailableonwebsite https://jharkhandtenders.gov.in
2. EstimatedCostMayvary.OnlineBOQamountshallprevail.
3. TenderFeeandEarnestMoneyshouldbedepositedthroughonlinemodeonlyas perWRD,Jharkhandletterno-907dated-04.10.2023andI.T.&e-GovernanceDept. JharkhandLetterno-120dated-03.10.2023

Executive Engineer
Water Ways Division, Ranchi.
PR 337621 (Water Resource) 24-25 (D)

झारखण्ड सरकार
कारा निरीक्षणालय,उप कारा, खूँटी

**अल्पकालीन ई0–निविदा सूचना**
**HJ & DM/SJ-KHUNTI/Q-1/2025/4849**

1. कारा का नाम– उप कारा, खूँटी।
2. विषय– कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यान्नों, हरी सब्जी, आलु, फल, चीनी एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई.–निविदा का आमंत्रण। (प्रथम त्रैमासिक निविदा दिनांक–01.01.2025 से 31.03.2025 तक)
3. निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non refundable) Online स्वीकार की जायेगी, जो निम्न प्रकार है – 5,000.00 (पाँच हजार रूपये) मात्र।
4. वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय– 07.10.2024 से 13.10.2024 के अपराह्न 04:00 बजे तक।
5. निविदा Online upload करने की तिथि– 07.10.2024 से 13.10.2024 के अपराह्न 04:00 बजे तक।
6. आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि– दिनांक–14.10.2024 को अपराह्न 05:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा।
7. अग्रधन राशि (EMD) (₹2500/– से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि। दिनांक–14.10.2024 को अपराह्न 05:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा।
8. निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान– तिथि–15.10.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे अनुमंडल पदाधिकारी, खूँटी के कार्यालय कक्ष में अनुमंडल पदाधिकारी, खूँटी की उपस्थिति में।

नोट:–
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, उप कारा, खूँटी के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक,
उप कारा, खूँटी
PR 337590 Prison(24-25).D


# रोजगार, विकास और बदलाव के लिये बनायें भाजपा की सरकार : मोहन यादव

झामुमो- कांग्रेस की सरकार ने जल, जंगल और जमीन को लूटा, बढ़ रहा बांग्लादेशी घुसपैठये, खतरे में आदिवासियों का अस्तित्व

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची/दुमका।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि पाप करने वाली हेमंत सरकार का अंत निकट है। श्री यादव सोमवार को दुमका के आउटडोर स्टेडियम में परिवर्तन यात्रा के समापन पर बोल रहे थे। उन्होंने झामुमो-कांग्रेस और राजद की गठबंधन सरकार ने झारखंड को लोगों के साथ अन्याय किया है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों को प्रोत्साहित करने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अहम योगदान रहा है। देश में पहली बार किसी आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनाने का कार्य मोदी ने किया है। यहां की महिलाओं, मजदूरों और युवाओं में मेहनत और लगन की अपार क्षमता है। लेकिन, झारखंड अपने नंबर वन स्थान को खोकर सबसे नीचे आ गया है। इसका कारण हेमंत सरकार की नाकामी है। हेमंत सरकार केवल चुनाव जीतने के लिये वोट मांगती है और जनता से झूठ बोलती है। हेमंत सरकार ने 2019 के चुनाव में जो वादे किये थे। उनमें से एक भी वादे पूरे नहीं हुये हैं।

उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार में लाखों करोड़ों का घोटाला हुआ है। जिसने घपला किया है, उसे जेल जाना पड़ेगा। हेमंत सरकार के दौरान 300 करोड़ का भूमि घोटाला और 100 करोड़ का खनिज घोटाला हुआ। बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर हेमंत सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि झारखंड में लगातार खतरा बढ़ रहा है। बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्या मुसलमानों की संख्या बढ़ रही है। जबकि आदिवासियों की संख्या घट रही है।

### चुनाव नजदीक आते ही आयी जनता की याद

इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में बदलाव की लहर है। झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार हर दिन नई-नई घोषणायें कर रही है। लेकिन पिछले पांच वर्षों में उन्होंने कुछ भी नहीं किया। झामुमो-कांग्रेस गठबंधन सरकार पिछले पांच वर्षों में सिर्फ कमाई और जनता को लूटने में लगी रही। अब राज्य सरकार योजनाओं की सौगात दे रही है। लेकिन जो जमीन उन्होंने लूटी थी, उसी का पैसा बांटा जा रहा है। गठबंधन सरकार ने युवाओं, महिलाओं, विधवाओं, बुजुर्गों और गरीबों को धोखा दिया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने मेरे खिलाफ छह-छह थानों में केस दर्ज करवा दिये। उन्होंने कहा कि झारखंड के नौजवानों के भविष्य के लिये अगर जेल भी जाना पड़ा, तो जायेंगे। यह यात्रा तब तक चलती रहेगी, जब तक परिवर्तन नहीं हो जाता। इस अवसर पर अर्जुन मुंडा ने भी गठबंधन सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठ से खतरे में संथाल व कोल्हान की धरती है। आदिवासियों की जमीन पर कब्जा हो रहा है।

## लालू के बेलर के बेटे की हत्या के आरोपी की जमानत रद्द कराने सुप्रीम कोर्ट जायेगी पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** चारा घोटाला मामले में लालू प्रसाद यादव के जमानतदार राजू गोप के बेटे की हत्या के आरोपी को हाईकोर्ट से जमानत मिल गयी थी। अब हत्या के आरोपी संजीव कुमार पंडा की जमानत रद्द कराने रांची पुलिस सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर करेगी। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने इस संबंध में केस की समीक्षा के बाद रांची एसएसपी को इस संबंध में आदेश जारी किया है। राजू गोप के आठ वर्षीय पुत्र शौर्य की 3 फरवरी 2023 को अपहरण कर हत्या कर दी गई थी। मोरहाबादी के ऐदलहातू रामनगर में रहने वाला शौर्य अपने घर के बाहर बिस्किट खरीदने निकला था, इसके बाद अचानक ही गायब हो गया था। बाद में उसका शव नगड़ी इलाके से बरामद हुआ था। पुलिस ने जांच के बाद संजीव पंडा को गिरफ्तार किया था। संजीव पूर्व में राजू गोप के यहां किराये पर अपने बहन-बहनोई के साथ रहता था। जांच में यह बात सामने आयी थी कि कोरोना काल में बेंगलुरू में नौकरी करने वाले संजीव की नौकरी छूट गयी थी। इस दौरान लोन चुकाने और शादी के बाद हुए कर्ज को चुकाने को लेकर वह दबाव में था। इसी लालच में उसने परिचित शौर्य का अपहरण कर लिया पर शौर्य के द्वारा पहचान लिए जाने पर संजीव ने उसकी हत्या कर दी थी। बरियातू थाने में केस दर्ज है।

**ट्रायल में हो सकता है खतरा, रद करायें जमानत :** डीजीपी ने एसएसपी को आदेश दिया है कि कांड में आरोपी को जमानत मिलने से ट्रायल के दौरान गवाहों को क्षति पहुंचा सकता है। इस मामले में राजू गोप ने डीजीपी को आवेदन दिया था। जिसमें बताया गया है कि संजीव पंडा के द्वारा फिर से धमकी दी जा रही है, रेकी भी करायी जा रही है।

ओड़िशा के सीएम ने कोल्हान के जगरनाथपुर में कहा

## ओड़िया भाषा की उपेक्षा झारखंड में एक षडयंत्र

झारखंड में पिछले 4 वर्षों से चल रही कठपुतली की सरकार

उड़िया शिक्षकों का मानदेय 3 से 6 हजार रु. किया जायेगा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/जगरनाथपुर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा है कि झामुमो- कांग्रेस की सरकार पर निशाना साधा और कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों से झारखंड में कठपुतली की सरकार चल रही है। आशा है कि मां दुर्गा आने वाले चुनाव में इनका नाश अवश्य करेंगी। उन्होंने किसानों की स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि यहां खेतिहरों किसानों की न्यूनतम मासिक आय मात्र 4,400 रुपया है। यह देश में सबसे कम है। इसके लिये राज्य की हेमंत सरकार जिम्मेदार है।

इसलिये झारखंड में भाजपा की सरकार बनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि ओडिशा और झारखंड दो अलग राज्य होते हुये भी एक जान के जैसे हैं। अखंड राज्य में कभी ये दोनों राज्य एक हुआ करते थे।

उन्होंने कहा कि राज्य में उड़िया भाषी लोग दोयम दर्जे की हालत में हैं। उड़िया भाषा को विलुप्त करने का हेमंत सरकार एक षडयंत्र रच रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भी डबल इंजन की सरकार बनानी है।

उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनने पर 136 स्कूलों में उड़िया शिक्षकों का निवेदन को स्वीकार करते हुये उनका मानदेय में वृद्धि किया जायेगा। उन्होंने कहा कि उड़िया शिक्षकों का मानदेय 3 से 6 हजार किया जायेगा। शिक्षकों का बकाया पैसा भी दिया जायेगा। महिलाओं के खाते में आयो गोगो दीदी योजना के तहत 2100 रुपये दिये जायेंगे।

## खबरें अदालत की

### हाइकोर्ट ने कहा- महिलाओं की सुरक्षा को गंभीरता से लेना होगा

**रांची।** झारखंड के अलग–अलग जिलों में महिलाओं और स्कूली बच्चों समेत नाबालिग लड़कियों के साथ बढ़ते अपराध पर रोक के लिए दायर जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सोमवार की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया गया, जिसे स्वीकार करते हुए अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए गुरुवार की तिथि निर्धारित की है। अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और उनके खिलाफ अपराध की घटनाओं को गंभीरता से लेना होगा। हाईकोर्ट की महिला अधिवक्ता भारती कौशल ने इस संबंध में जनहित याचिका दायर की है। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता गौरव कुमार ने इस मामले में पक्ष रखा।

### लिंग के आधार पर महिला को नौकरी से वंचित करना संविधान का उल्लंघन : हाईकोर्ट

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने एक आदेश में कहा है कि इस आधार पर किसी महिला उम्मीदवार को नियुक्ति से वंचित नहीं किया जा सकता कि किसी पुरुष को नामित नहीं किया गया है। यह लिंग के आधार पर महिला उम्मीदवार को रोजगार से वंचित करना है और संविधान के अनुच्छेद 14 और 15 के खिलाफ है। इस आदेश के साथ जस्टिस एसके द्विवेदी की अदालत ने ईसीएल को प्रार्थी शिप्रा तिवारी की नियुक्ति करने का निर्देश दिया है। जामताड़ा में ईसीएल ने जमीन को लेकर प्रार्थी के पिता के साथ समझौता किया था। समझौते में मुआवजे के साथ आश्रित को नौकरी देने की बात भी थी। लेकिन ईसीएल ने शिप्रा तिवारी को नौकरी नहीं दी। इसके बाद वर्ष 2005 में याचिकाकर्ता शिप्रा तिवारी के पिता ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जिस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की एकल पीठ ने ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड को याचिकाकर्ता के पिता के आश्रित को मुआवजे के साथ–साथ नौकरी देने का निर्देश दिया। हाईकोर्ट के इस आदेश को ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने एलपीए दायर कर चुनौती दी थी, जिसे हाईकोर्ट ने वर्ष 2013 में खारिज कर दिया। हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी प्रार्थी को नौकरी नहीं दी गई, इसके बाद प्रार्थी ने पुनः याचिका दायर की। सुनवाई के दौरान ईसीएल की ओर से कहा गया कि इस मामले में सिर्फ पुरुषों को ही नौकरी देने का प्रावधान है, लेकिन जमीन मालिक ने किसी पुरुष का नाम नहीं दिया था, सिर्फ महिला का नाम दिया था, इस कारण नौकरी नहीं दी गई।

### निशिकांत को मेडिकल कॉलेज मामले में राहत बरकरार

**रांची।** बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट देवघर द्वारा परित्राण मेडिकल ट्रस्ट से मेडिकल कॉलेज खरीदे जाने के विरोध में दर्ज एफआईआर को चुनौती देने वाली सांसद निशिकांत दुबे की याचिका पर अब 28 अक्टूबर को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। मामले में सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक हाईकोर्ट ने बरकरार रखा है। कोर्ट ने मामले के सूचक शिवदत्त शर्मा को जवाब दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया है। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने शिकायतकर्ता देवघर परित्राण मेडिकल ट्रस्ट के सचिव शिवदत्त शर्मा को नोटिस जारी किया था। निशिकांत दुबे की ओर से याचिका दाखिल कर इससे संबंधित एफआईआर को निरस्त करने का आग्रह किया गया है। परित्राण मेडिकल ट्रस्ट के सचिव शिवदत्त शर्मा की ओर से एफआईआर दर्ज कर कहा गया है कि बाबा बैजनाथ मेडिकल ट्रस्ट, देवघर जिसमें सांसद निशिकांत दुबे की पत्नी ट्रस्टी भी हैं, उनके द्वारा जालसाजी कर परित्राण मेडिकल ट्रस्ट से मेडिकल कॉलेज खरीदा गया है।

### जेजेएमपी उग्रवादी को हाइकोर्ट से मिली जमानत

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के उग्रवादी शिवपूजन भूमिहार उर्फ शिवपूजन मुंडा को सोमवार को जमानत दे दी। उसे सभी तिथियों पर ट्रायल कोर्ट में निजी तौर पर हाजिर होने की शर्त पर जमानत मिली है। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस नवनीत कुमार की अदालत ने जमानत दी। शिवपूजन को एके–47 के साथ पिछले वर्ष गढ़वा जिले के रंका थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया था।

### सुनील तिवारी के खिलाफ ट्रायल पर रोक जारी

**रांची।** झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के सलाहकार सुनील कुमार तिवारी के खिलाफ यौन उत्पीड़न से संबंधित एवं गवाहों को धमकाने को लेकर दाखिल दो अलग–अलग मामले में दायर याचिकाओं पर सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट सुनवाई हुई। सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए अदालत से समय देने का आग्रह किया गया, जिसे अदालत में मंजूर करते हुए सुनवाई तीन अक्तूबर को निर्धारित कर दी। सुनील तिवारी के खिलाफ निचली अदालत में चल रहे ट्रायल पर रोक को हाईकोर्ट ने बरकरार भी रखा है। वहीं, पीड़िता द्वारा सुनील तिवारी पर गवाहों को धमकाने के आरोप को लेकर अरगोड़ा थाना में दर्ज प्राथमिक को निरस्त करने को लेकर दाखिल याचिका पर भी सुनवाई हुई। इस मामले में भी सुनील तिवारी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक को अदालत ने बरकरार रखा।

# चार गुजराती चला रहे हैं देश, दो बेचनेवाला और दो खरीदनेवाला है : बघेल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा और केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा समाज में जहर घोलने का काम कर रही है। चुनाव के समय में केंद्र से तमाम बड़े नेता झारखंड आ रहे हैं, जिनका मकसद सिर्फ हिन्दू-मुसलमान करना है। भाजपा अपने किये हुए कामों पर वोट नहीं मांगती। उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने सीएए और एनआरसी को मुद्दा बनाया लेकिन आज वह मुद्दे हवा हो गए हैं। पिछले चुनाव में झारखंडी जनता ने भाजपा के मुद्दों को करारा जवाब दिया और यहां की सत्ता बदल दी। वह रांची के लालगुटवा बैंक्वेट हॉल में कांग्रेस द्वारा आयोजित संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि देश की संपत्ति में चार लोगों का नहीं 140 करोड लोगों का है यही राहुल जी कहते हैं। भाजपा की सोच है कि कोई भ्रष्टाचारी दूसरी पार्टी में नहीं भाजपा में रहना चाहिए। जम्मू कश्मीर में अमित शाह वादा ईद में दो सिलेंडर मुफ्त देंगे और झारखंड में मुसलमान का विरोध करते हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस जनकल्याण की बात करती है। लड़ाई विचारधारा की है, भाजपा के बहकावे में नहीं आना है। ये लोग सरकारी संपत्तियों को बेचने का काम कर रहे हैं।



### पहले लड़े थे गोरों से, अब लड़ेंगे चोरों से

भूपेश बघेल ने कहा कि देश को चार गुजराती चला रहे हैं। इनमें दो देश को बेचनेवाले और दो खरीदने वाले हैं। इनसे देश को बचाना है। उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि हम चोरों से डरनेवाले नहीं हैं, पहले लड़े थे गोरों से, अब लड़ेंगे चोरों से।

### प्रदेश कांग्रेस को सलाह- पार्टी की छवि नहीं बिगाड़ें

भूपेश बघेल ने झारखंड कांग्रेस को भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि टिकट को लेकर पार्टी की छवि को बिगाड़ने का काम नहीं करें। टिकट बंटवारे में सहूलियत बरतें। टांग खींचने का काम नहीं करें। भाजपा को काउंटर करने के लिये तैयार रहें। उन्होंने कांग्रेस नेता व कार्यताओं से कहा कि भाजपा समाज में जहर घोलने का काम करती है, समाज को बांटने का काम कर रही है। इसलिए आपको मजबूती के साथ डट के खड़ा रहना है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने बेहतर प्रदर्शन किया। वहीं, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर और झारखंड के विधानसभा चुनाव में भाजपा हार रही है। महाराष्ट्र झारखंड हारी तो मध्यावधि चुनाव तय है और यदि यह हुआ तो भाजपा 20 वर्षों तक खड़ा नहीं हो पाएगी।

### सीएम से मिला झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपकर अपनी भावनाओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड अलग राज्य एक लंबे संघर्ष के बाद मिला है।

इसके लिये एक लंबी लड़ाई लड़नी पड़ी थी। कई आंदोलनकारियों ने अपनी शहादत भी दी थी। हम सभी झारखंड आंदोलनकारियों का सम्मान करते हैं। हमारी सरकार झारखंड आंदोलनकारियों और उनके परिजनों ध्आश्रितों को मान-सम्मान और हक अधिकार देने के लिये पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात
रांची, मंगलवार
01.10.2024
नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | आश्विन, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 82 | 12



कंगना रनौत ने खरीदी नयी रेंज रोवर कार

## न्यूज डायरी

### पीएम मोदी कल आयेंगे हजारीबाग, तैयारी पूरी

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो अक्टूबर को हजारीबाग आयेंगे। प्रदेश में भाजपा की ओर से परिवर्तन यात्रा चलाया जा रही है जिसका समापन हजारीबाग में होगा, इसमें पीएम मोदी शामिल होंगे। साथ ही झारखंड को कई सौगात भी देंगे।

### राज्य के पूर्व मंत्री गोपाल कृष्ण जदयू में शामिल

**रांची।** झारखंड के पूर्व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर सोमवार को जदयू में शामिल हुए। जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने नयी दिल्ली के केंद्रीय कार्यालय में राजा पीटर को पार्टी की सदस्यता दिलायी।

### 1 करोड़ 45 लाख गबन मामले में छह साल कैद

**रांची।** न्यायिक दंडाधिकारी अक्षत श्रीवास्तव की अदालत ने कंपनी का एक करोड़ 45 लाख 44 हजार गबन मामले के अभियुक्त मृत्युंजय कुमार मिश्रा को छह साल कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने उस पर ₹20 हजार का जुर्माना भी लगाया है।

### एडवोकेट मनीष कुमार सिंह ने जीता गोल्ड

**हजारीबाग।** आठवीं ईस्ट जोन शूटिंग चैंपियनशिप में हजारीबाग के एडवोकेट मनीष सिंह ने गोल्ड मेडल जीता है। यह प्रतियोगिता आसनसोल में आयोजित हुई थी। ईस्ट जोन में गोल्ड हासिल करने के बाद अब मनीष नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में शामिल हो सकेंगे।

बलियापुर में स्किल कॉनक्लेव में सीएम ने कहा

# मुफ्त शिक्षा के लिए श्रम आवासीय स्कूल खोलेंगे

**सीएम ने कहा- शिक्षित झारखंड हमारा संकल्प**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद/रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को धनबाद में झारखंड स्किल कॉनक्लेव में कहा कि राज्य के सभी जिलों में श्रम आवासीय विद्यालयों की स्थापना की जायेगी, जहां श्रमिकों के बच्चों को मुफ्त शिक्षा मिलेगी। उन्होंने पांच हजार मॉडल स्कूल खोलने की भी घोषणा की ताकि बच्चों को क्वालिटी एजुकेशन मिले। उन्होंने कहा कि उनका मकसद है कि गरीबों के बच्चों को भी अच्छी शिक्षा मिले।

कार्यक्रम के दौरान सीएम हेमंत ने धनबाद जिले को कई योजनाओं की सौगात दी। इस अवसर पर श्री सोरेन ने 129 करोड़ 30 लाख 29 हजार 63 रुपये की लागत वाली 133 योजनाओं का शिलान्यास किया और 48 करोड़ 81 लाख 90 हजार 836 रुपये की लागत की 84 योजनाओं का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य के 36996 लाभुकों को जॉब ऑफर लेटर सौंपा। कार्यक्रम में मंत्री सत्यानंद भोक्ता और इरफान अंसारी के साथ झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह और टुंडी विधायक मथुरा महतो मुख्यमंत्री के साथ मौजूद रहे।



**वोट के व्यापारी हेलीकॉप्टर से घूमने लगे :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा की ओर इशारा करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में वोट के लिए व्यापारियों का हेलीकॉप्टर पूरे राज्य में घूमने लगा है। चुनाव में याद रखियेगा।

**हेमंत को गरीबों की तो भाजपा को पूंजीपतिया की चिंता : कल्पना**
वहीं गिरिडीह में कृषि मेला सह प्रदर्शनी में गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत सरकार गरीबों, किसानों की चिंता है जबकि भाजपा को सिर्फ पूंजीपतियों की फिक्र रहती है। उन्होंने कहा, किसान हमारे अन्नदाता हैं। उनकी मेहनत से ही हमारे मुंह में अनाज का निवाला जाता है, इसलिए हेमंत सरकार किसानों की चिंता कर उनके लिए कर्ज माफी योजना लेकर आयी। दुर्भाग्य की बात है कि केंद्र सरकार किसानों के बारे में नहीं सोचती। हमें संगठित हो कर अपने हक की लड़ाई लड़नी होगी, क्योंकि हर जगह उनके हेमंत दादा या इंडी गठबंधन की सरकार नहीं मिलेगी।

**सीएम आज बाकारो को देंगे सौगात :** सीएम हेमंत सोरेन मंगलवार को बोकारो के चंदनकियारी प्रखंड के चंडीपुर में आयोजित कार्यक्रम में बोकारो, रामगढ़ और हजारीबाज जिले से संबंधित 1240 करोड़, 57 लाख की 50 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम में 36 करोड़, 46 लाख रुपये की योजनाओं का उद्घाटन और 1204 करोड़, 11 लाख रुपये की योजनाओं का शिलान्यास होगा।

## फिल्म अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार

मुझे खुशी है कि मिथुन चक्रवर्ती जी को भारतीय सिनेमा में उनके अद्वितीय योगदान को मान्यता देते हुए प्रतिष्ठित दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वह एक सांस्कृतिक प्रतीक हैं, जिन्हें उनके बहुमुखी अभिनय के लिए पीढ़ियों से सराहा जाता रहा है। उन्हें बधाई और शुभकामनाएं।

**नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**



अभिनेता-राजनेता मिथुन चक्रवर्ती को प्रतिष्ठित दादा साहब फाल्के पुरस्कार के लिए चुना गया है जो सिनेमा के क्षेत्र में योगदान के लिए दिया जाने वाला सर्वोच्च सरकारी सम्मान है। तीन बार राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने वाले मिथुन चक्रवर्ती अपने पहले ही अभिनय में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीतने वाले बहुत कम कलाकारों में से एक हैं। हिंदी, बंगाली, भोजपुरी, उड़िया, तेलुगु और तमिल में 350 से अधिक फिल्मों में काम कर चुके हैं। (पेज 12 भी देखें)

**₹17500 नहीं जुटा पाया था अतुल कुमार**

## गरीब दलित विद्यार्थी को आइआइटी धनबाद दाखिला दे : सुप्रीम कोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आइआइटी धनबाद को उस दलित छात्र को बीटेक कोर्स में दाखिला देने के लिए कहा जिसने फीस जमा करने की समय सीमा चूकने के कारण अपनी सीट गंवा दी थी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि हम ऐसे प्रतिभाशाली युवा को जाने नहीं दे सकते। सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी असाधारण शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए आइआइटी धनबाद को छात्र अतुल कुमार को बीटेक में दाखिला देने के आदेश दिया। बता दें कि 18 साल अतुल कुमार के माता-पिता 24 जून तक स्वीकृति शुल्क के रूप में 17,500 रुपये जमा करने में विफल रहे थे। 24 जून सीट आरक्षित करने के लिए जरूरी शुल्क जमा करने की अंतिम तारीख थी। अतुल कुमार के पिता एक दिहाड़ी मजदूर हैं। उनका परिवार यूपी के मुजफ्फरनगर जिले के टिटोरा गांव में रहता है। वह बीपीएल परिवार से आते हैं।

### छह आइएएस बदले भजंत्री रांची उपायुक्त

**रांची।** राज्य सरकार ने रांची डीसी समेत छह आइएएस अफसरों का तबादला कर दिया है। इसमें चार जिलों के डीसी भी बदले गये हैं। मंजूनाथ भजंत्री को रांची जिले के डीसी बनाया गया है। वहीं शशि प्रकाश सिंह को जामताड़ा, उत्कर्ष गुप्ता को लातेहार और मनीष कुमार को पाकुड़ के डीसी की जिम्मेवारी सौंपी गयी है। वहीं पवन कुमार को उत्तरी छोटानागपुर का प्रमंडलीय आयुक्त बनाया गया है। इनके अलावा रंजीत कुमार लाल को उर्जा उत्पादन निगम के एमडी की जिम्मेवारी सौंपी गयी है। कार्मिक विभाग ने सोमवार को इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है।

# राहत: नहीं बढ़ेगी बिजली की दर, मीटर रेंट भी होगा माफ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य में बिजली की दरों में अभी कोई वृद्धि नहीं होगी। झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग ने सोमवार को इसकी घोषणा की। उपभोक्ताओं के लिए दूसरी राहत यह भी है कि उन्हें अब मीटर का रेंट भी नहीं देना होगा। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने बिजली दरों में 30.89% की बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया था जिसे विद्युत नियामक आयोग ने ऊर्जा वितरण में समुचित सुधार नहीं होने का कारण बताकर प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया। आयोग ने जेबीवीएनएल के वित्त वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के प्रस्ताव पर एक साथ सुनवाई करते हुए कई बिंदुओं पर बिजली उपभोक्ताओं को राहत दी है। जिसके तहत प्रीपेड मीटरिंग पर स्विच करने वाले कंज्यूमर के एनर्जी चार्ज पर तीन प्रतिशत की छूट होगी और प्रीपेड मीटर के इंस्टॉलेशन के एक महीने के भीतर सिक्योरिटी डिपॉजिट जेबीवीएनएल को वापस करना होगा।

आयोग के सदस्य तकनीकी अतुल कुमार और सदस्य विधि महेंद्र प्रसाद ने कहा कि चूंकि 1 अप्रैल 2024 से राज्य में नयी बिजली दर निर्धारित कर, इसमें वृद्धि की गई थी। ऐसे में 7 महीने के भीतर बिजली की दर में वृद्धि करना उचित नहीं है। फरवरी 2025 में एक बार फिर नए प्रस्ताव पर विचार होना है, ऐसे में आयोग ने जेबीवीएनएल के बिजली दर में अभी वृद्धि के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है।



## स्पीड न्यूज

### पाटन के सभी बूथों पर सुनी मन की बात



**पाटन पलामू।** भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में पाटन के सभी बूथों पर भाजपाइयों व ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी। बूथ संख्या 166/67 में विधायक पुष्पा देवी, 101 पर पूर्व सांसद घुरन राम, 180/181 209 में प्रभात भुइयां, निरंजन पासवान ने बरवाडीह बूथ पर मन की बात सुनी।

### हुसैनाबाद में मना जन समाधान दिवस



**हुसैनाबाद पलामू।** राज्य सरकार व पलामू पुलिस के निर्देश पर सोमवार को हुसैनाबाद थाना परिसर में अनुमंडल स्तरीय जन शिकायत व समाधान कार्यक्रम किया गया, जिसमें हुसैनाबाद, महिला व जेनरल थाना हैदनगर व मोहम्मदगंज, देवरी ओपी, दंगवार ओपी प्रभारी शामिल थे। कुल 20 आवेदक फरियाद लेकर पहुंचे। सभी अधिकारियों ने अपने थाना के अंतर्गत मामला को गंभीरता से जांच करमामले पर त्वरित कार्यवाही की। जिसमें 5 का तुरंत निष्पादन हुआ। मौके पर हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय यादव, महिला एवं बाल संरक्षण थाना प्रभारी पार्वती कुमारी, हैदर नगर थाना प्रभारी अफजल अंसारी, देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार ,दंगवार ओपी प्रभारी सोनू गुप्ता आदि मौजूद थे।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



**रामगढ़ पलामू।** थाना पुलिस ने चौपरिया के लमटी टोला से नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। एमआरएमसीएच में उसकी मेडिकल जांच कराने के बाद रविवार सुबह 10 बजे उसे जेल भेज दिया गया। युवक की पहचान चौपरिया के लमटी टोला निवासी 21 वर्षीय विनेश कोरवा पिता स्व. पहलू कोरवा के रूप में हुई है। उसके खिलाफ 27 सितम्बर को रामगढ थाना में मामला दर्ज कराया गया था। मामला दर्ज होने पर थाना प्रभारी राजेश रंजन ने तत्काल कार्रवाई की। 24 घंटे के भीतर शनिवार को उसे गिरफ्तार किया गया।

### दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक



**पांडू पलामू।** पांडू थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें पूजा समिति के सदस्यों जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने भाग लिया। इसमें सीओ रणबीर कुमार एवं पुलिस अंचल निरीक्षक रामाशीष पासवान मौजूद रहे। अध्यक्षता थाना प्रभारी कुमार सौरभ ने की। कहा कि दुर्गा पूजा में डीजे बजाने पर प्रतिबंध रहेगा, सरकारी गाइडलाइन का पालन करना अति आवश्यक है। 1930 नंबर देते हुए कहा कि अगर आप ठगी का शिकार हो जाते हैं तो तत्काल 30 मिनट के अंदर दिये गये नंबर पर जानकारी दें। मौके पर पांडू जिप प्रतिनिधि अरबिंद सिंह, पांडू प्रमुख प्रतिनिधि प्रदुम्न सिंह, मुखिया राम कुमार यादव, शशिभूषण पाल, इसरार अहमद, जवाहिर पासवान, प्रवेश साव भी थे।

### एक सप्ताह में मिलेगा मानदेय : पूनम



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** नीलांबर पीतांबरपुर स्थित बहु ग्रामीण पेयजलापूर्ति योजना लेस्लीगंज विगत 15 दिन से बंद होने और उसके निवारण हेतु कार्यपालक अभियंता ई राजेश्वर गुप्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर के निर्देश के आलोक व निर्देशन में जिला कार्यालय मेदिनीनगर में बैठक हुई। जिसमें अध्यक्ष पूनम देवी ने बताया कि प्रखंड के 32 गांवो को पेयजलापूर्ति करने वाली योजना से सम्बंधित कर्मी कर्मी का 11 महीना से मानदेय का भुगतान नही होने के कारण हड़ताल में है। अध्यक्ष पूनम देवी व पदाधिकारियों के आशवासन के बाद एक सप्ताह के अंदर मानदेय भुगतान कर दिया जायेगा। उसके बाद कर्मियों ने हड़ताल वापस लिया है। बैठक में नौडीहा पंचायत के मुखिया मंदीप मेहता, पूर्णाडीह मुखिया गुड्डी देवी, लेस्लीगंज मुखिया प्रतिनिधि व प्रखंड चेंबर अध्यक्ष छोटेलाल सोनी उपस्थित थे।

### गुरुनानक देव जी की पुण्यतिथि मनी



**चैनपुर (पलामू)।** नगर निगम क्षेत्र के चैनपुर बाजार स्थित प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कृष्ण दशमी तिथि को बाबा गुरु नानक देव की पुण्यतिथि मनायी गयी। साथ ही पूजा अर्चना के बाद प्रसाद का भी वितरण किया गया। वहीं मनोज दास ने पूजा अर्चना के बाद बाबा गुरुनानक देव जी का इतिहास के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि कि अंग्रेजी कैलेंडर से 22 सितंबर 1539 ईस्वी को गुरुनानक देव जी ज्योति जोत में समा गए थें। तभी से सिख धर्म के अनुवाइयों ने गुरु नानक देव जी का कृष्ण दशमी को पुण्यतिथि मनाते आ रहे हैं। वहीं उनका जन्म 1469 में कातिक पूर्णिमा के दिन तलवंडी नामक गांव में हुआ था और उनका बचपन अध्यात्म एवं भक्ति की तरफ आकर्षित था। मौके पर पूजा अर्चना में महंत शंकर दास, महंत सागर दास, अशोक दास,मनोज दास, अजय कुमार दास, अरविंद कुमार दास,श्याम दास, देव कुमार दास, धर्मदेव सिंह, गोपाल प्रसाद सिंह, प्रदीप कुमार, दीपक कुमार गुप्ता, दिनेश कुमार कश्यप सहित कई भक्तगण मौजूद थे।

### चार फीसदी मानदेय कटौती को लेकर पारा शिक्षकों में आक्रोश : हरेंद्र कुमार

**पाटन।** पलामू के 345 पारा शिक्षकों का 4 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि (एक्रीमेंट) के साथ जनवरी 2024 से एरियर को काटकर अगस्त माह का मानदेय का भुगतान किया गया है जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण। इसको लेकर प्रखंड के तमाम पारा शिक्षकों में काफी आक्रोश है। पारा शिक्षक संघ पाटन पलामू अध्यक्ष हरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि सरकार के साथ-साथ पदाधिकारी भी पारा शिक्षकों के प्रति संवेदनहीन हो गए हैं, मानदेय को बढ़ाकर देने के बजाय मानदेय काट कर दिया जाना यह संवेदनहीनता का प्रतीक है। सरकार से एवं पदाधिकारी से अनुरोध है कि 12 अक्टूबर के दशहरा पर्व को देखते हुए सितंबर माह का मानदेय 4 फीसदी एक्रीमेंट के साथ जनवरी माह से एरियर का भुगतान करने की कृपा की जाये।

# सरकार के गाइड लाइन के अनुसार मनायें पर्व : एसडीएम सुलोचना मीणा

- पर्व के दौरान सुरक्षा का पुख्ता व्यवस्था रहेगा : एसडीपीओ मणिभूषण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना प्रांगण में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक एसडीएम सुलोचना मीणा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें दोनों समुदाय के अलावे मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी, रामनवमी पूजा जेनरल, केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति, नगर निगम, बिजली विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के लोग उपस्थित थे। बैठक में सदस्यों ने शहर में बिजली, पानी, साफ सफाई, यातायात, सुरक्षा समेत विभिन्न बिंदुओं को उठाते हुए प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया।



**खास बातें :** मौके पर एसडीएम सुलोचना मीणा ने कहा कि किसी भी पूजा पर्व व त्योहार को ऐसा मनायें कि विधि व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो। सभी लोग नियम अनुसार कार्य करें। इसमें किसी को कोई परेशानी नहीं होगी। उन्होंने पूजा समितियों से आग्रह करते हुए कहा कि सरकार का जो गाईड लाईन है उसके अनुसार ही पर्व को मनायें। यदि कहीं किसी को किसी प्रकार की कोई परेशानी होती तो या कोई भ्रामक खबर हो तो इसकी सूचना संबंधित थाना को या कंट्रोल रूम को सूचना दें इस पर त्वरित कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर त्वरित कार्य कराने के लिए प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया है। उस पर संबंधित विभाग के अधिकारी से बात कर समाधान कराया जायेगा। सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने कहा कि सरकार द्वारा पूजा के दौरान विगत वर्ष के स्थिति का रिपोर्ट मांगा जाता है। बैठक में मुमताज खान, युगल किशोर, पंकज जायसवाल, बीएम पांडेय, समाजसेवी कलाम खान, राजेश रौशन समेत अन्य ने अपने विचार व्यक्त किये। बैठक में रामनाथ चंद्रवंशी, जियाउद्दीन अंसारी, प्रदीप अकेला, विवेका त्रिपाठी, मंजु गुप्ता, मो अशफाक, दीपू चौरसिया समेत कई गणमान्य लोग शामिल थे।

# हिंदू बेटियों की आबरू बचाने के लिए जेल क्या, जान भी देने-लेने को तैयार : शशिभूषण

- विधायक ने पुलिस द्वारा 12 घंटे की मोहलत मांगने पर दिया समय
- यदि पुलिस अपहृत बेटी को 12 घंटे के अंदर सकुशल लाने पर पुलिस को देंगे पुरस्कार स्वरूप पांच लाख

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के आह्वान पर पूर्व घोषित समय पर बेदानी मोड़ के पास सैकड़ों हिन्दू समाज के लोगों का जुटान हुआ। बेदानी मोड़ सुबह से ही पुलिस छावनी में तब्दील थी। बावजूद विधायक के साथ जमा हुए। पुलिस ने विधायक को बताया कि अपहृत नाबालिग लड़की का पता चल गया। 12 घंटे का समय दीजिए उसे सकुशल वापस कर लिया जायेगा।



**खास बातें :** विधायक ने पुलिस प्रशासन को खुली चुनौती देते हुए कहा कि हिंदू समाज अब डरने वाला नहीं है। हिंदू समाज की बहु बेटियों की आबरू बचाने के लिए जेल क्या जान देने और जरूरत पड़ी तो जान लेने से पीछे नहीं हटेंगे। उनके जिंदा रहते कोई भी हिंदू समाज को डराने-धमकाने का दुस्साहस नहीं कर सकता। कुछ पुलिस के दलाल प्रवृत्ति के लोगों ने चेतावनी देते हुए कहा कि दलित परिवार को न बरगलायें। बल्कि पुलिस की दलाली करने के बजाय दलित परिवार की बेटी को सकुशल वापस लाने में सक्रिय भूमिका निभाना चाहिए था। डॉ मेहता ने कहा कि पुलिस ने जो आज हिंदू समाज के लोगों को डराने के उद्देश्य से जितना ताकत लगाकर सुबह से ही डेरा डाले हुए हैं उतनी ताकत पुलिस को नाबालिग को खोजने में लगाना चाहिए था। डॉ मेहता ने पुलिस प्रशासन को कहा कि 12 घंटे अंदर नाबालिग को सकुशल वापस ला दें आपको पुरस्कार स्वरूप पांच लाख नगद देंगे और समय बितने के बाद भी लड़की के नहीं आने पर पुलिस के लिए महंगा पड़ेगा। विधायक ने अपहरणकर्ताओ को भी चेतावनी दी कि अभी तो सिर्फ घर छोड़े हैं यदि लड़की सकुशल वापस नहीं हुई तो परमानेंट गांव छोड़ना पड़ सकता है। मौके पर प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, तरहसी मंडल अध्यक्ष अजीत गुप्ता, प्रमुख सुनील पासवान, अजय पासवान, सुनील कुशवाहा समेत कई लोग मौजूद थे।

# पार्टी हित में रघुवर सरकार के सुशासन की चर्चा : ज्योतिरीश्वर

- सत्ता में वापसी का मार्ग करेगा प्रशस्त
- लिखा केंद्रीय व राज्य नेतृत्व को पत्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर/रांची।** भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ज्योतिरीश्वर सिंह ने रघुवर सरकार के सुशासन को भाजपा की पूंजी बताया हैं। राज्य में सत्ता वापसी के लिए रघुवर सरकार सुशासन की भी चर्चा चुनावी मंचो से हो तो इसका व्यापक लाभ पार्टी को मिल सकता हैं। इसे लेकर श्री सिंह ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, गृह मंत्री, प्रदेश चुनाव प्रभारी, सह



ज्योतिरीश्वर सिंह।

प्रभारी को पत्र लिखा हैं। पत्र में मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि आज पार्टी में अनुभव संपन्न नेता हैं। बाबूलाल मंराडी, अर्जुन मुंडा, चंपाई सोरेन का कार्यकाल उपलब्धियों से भरा रहा हैं।

■ राज्य के पहले मुख्यमंत्री के तौर पर मंराडी जी के कार्यकाल में ही शांति स्थापना की दिशा में काम हुआ। वह जिस पलामू प्रमंडल से आते हैं,वहां उग्रवादी बंकर में रहते है इसका उदभेदन मंराडी जी के कार्यकाल से ही शुरू हुआ। मुंडा जी ने उस कार्य को आगे बढ़ाया। आज की तिथि में यह सब बताने के लिए हमलोगो के पास है। खासतौर पर रघुवर दास का 2014 से 2019 का कार्यकाल राजनीतिक स्थिरता के लिए जाना जाता है। राज्य गठन के बाद स्थिरता के साथ पांच वर्षो का कार्यकाल पूरा करने वाले पहले सीएम हैं। पूरे राज्य को नक्सल मुक्त बनाने से लेकर महिलाओं को स्वावलंबी और समाज में प्रतिष्ठित करने के लिए एक रुपए में जमीन की रजीस्ट्री शुरू कराया। उनके शासन काल में एक आम आदमी भी सीएम तक सीधे मुख्मंत्री जनसंवाद के माध्यम से अपनी बात पहुंचा सकता था। पर आज राज्य में कुशासन है। ऐसे में हमारी जो राजनीतिक समझ हैं। उसके अनुसार वह अपनी बात केंद्रीय व राज्य नेतृत्व तक पहुंचा रहे हैं। क्योकि अभी हम सभी का लक्ष्य है झारखंड की सत्ता में भाजपा की वापसी कराना। उन्होने कहा कि एक सामान्य कार्यकता के हैसियत से चुनावी अभियान के दौरान जो बाते मिसिंग दिखी उससे नेतृत्व को अवगत कराया हैं। क्योकि उनकी समक्ष हैं यह चर्चा भी भाजपा की सत्ता वापसी का मार्ग प्रशस्त करने में सहायक साबित हो सकता है।

सदर एसडीओ व सीओ ने अवैध शराब के खिलाफ सदर प्रखंड क्षेत्र में की छापेमारी

# अवैध शराब विक्रेता सचेत हो जायें अन्यथा होगी कार्रवाई : सुलोचना

- छापेमारी की भनक लगते ही घर से भागे शराब विक्रेता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर एसडीओ सुलोचना मीणा, सीओ अमरदीप सिंह बल्होत्रा, थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय व उत्पाद विभाग की टीम ने रविवार की रात सदर प्रखंड क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी अभियान के दौरान ग्राम मटपुरही, सुआ शराब भट्ठी समेत सदर थाना क्षेत्र के लाईन होटलों, किराना दुकानों में अवैध शराब की जांच की गयी। इस दौरान पुलिस को कुछ जगहों से अवैध शराब भी बरामद हुआ है। इधर प्रशासन द्वारा चलाये गये छापेमारी अभियान की



छापामारी के लिए जातीं एसडीओ।

भनक लगते ही शराब बिक्रेता घर छोड़कर भाग गये। सदर एसडीओ ने कहा कि लाईन होटलों व किराना दुकानों में भी छापेमारी की गयी। साथ ही शराब भट्ठी में जांच की गई इस दौरान शराब बिक्रेता फरार हो गये हैं। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा व विधानसभा चुनाव को लेकर सदर अनुमंडल क्षेत्र में लगातार अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने शराब भट्ठी संचालक व शराब बिक्रेताओं को चेतावनी देते हुए कहा कि अवैध शराब की बिक्री बंद कर दें। छापेमारी में अवैध शराब के साथ पकड़े जाने कार्रवाई की जायेगी। सदर सीओ अमरदीप सिंह बल्होत्रा ने बताया कि आये दिन ग्रामीणों द्वारा सूचना दी जाती है कि सदर प्रखंड में महुआ का अवैध शराब बनाकर बेचा जाता है। किसी भी हालत में अवैध शराब की बिक्री नहीं करने दी जायेगी। अवैध शराब बेचना गैर कानूनी है। अवैध शराब बेचनेवालों को बख्शा नहीं जायेगा। उन पर मामला दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी। सदर थाना प्रभारी उत्तम राय ने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान शराब पर प्रतिबंध लगाया गया है।

## कसमार पिकेट को हटाने की जानकारी मिलने पर डरे सहमे हैं ग्रामीण, आक्रोश

- पांकी विधायक कसमार पुलिस पिकेट में ग्रामीणों से मिले लेस्लीगंज एसडीपीओ को पहल करने को कहा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबर/तरहसी।** कसमार पिकेट को हटाये जाने की जानकारी मिलने पर ग्राम पंचायत कसमार, गोइंदी उदयपुरा, नौगढ़ व सोनपुरा इन पांच ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि व ग्रामीण डरे सहमे हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कसमार पिकेट के खुलने से वे लोग शांति से रहते थे। असामाजिक तत्वों व नक्सलियों का आवागमन बंद हो गया था। इसे लेकर ग्रामीण कसमार पिकेट को नहीं हटाने की मांग को लेकर पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता से पहल करने को कहा। पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड तरहसी के ग्राम पंचायत



कसमार और प्रखंड नीलांबर पीतांबरपुर के डबरा पुलिस पिकेट को नहीं हटाया जाए इसके लेकर पांकी बिधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने सोमवार को ग्रामीणों के कहने पर कसमार पुलिस पिकेट में ग्रामीणों से मिले।

## अफवाह से बचें, सोशल मीडिया पर रहेगी पुलिस की नजर : एसडीएम

- हरिहरगंज में दशहरा पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड क्षेत्र में दशहरा शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर रविवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें बिहार झारखंड के प्रशासनिक अधिकारी तथा प्रखंड क्षेत्र की पूजा समितियों के पदाधिकारी सहित हिंदू मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए। औरंगाबाद एसडीएम संतन सिंह ने कहा कि हरिहरगंज तथा महाराजगंज के सभी समुदाय के अभिभावक एक कमेटी बनायें। यह कमेटी पूजा के दौरान अप्रिय घटना से बचने के लिए तत्पर रहे। साथ ही अफवाह से बचें। एसडीपीओ औरंगाबाद संजय पांडे ने कहा कि सोशल मीडिया पर नजर रखी जायेगी। एसडीपीओ ने नवरात्र शांतिपूर्ण तथा हर्षोल्लास के साथ मनाने को लेकर एक दूसरे को सहयोग की अपील की। लोगों की मांग पर सीओ मनीष सिन्हा ने शहर की सफाई तथा सड़क को दुरुस्त कराने की बात कही।

### नाबालिग का अपहरण करनेवाला गिरफ्तार



**पाटन पलामू।** पाटन थाना कांड संख्या 101/24 धारा 96/303 (2) बीएनएस का अभियुक्त मो तौसीफ पिता इस्लाम साइन पता गढ़गांव पांकी को गिरफ्तार कर न्यायालय में उपस्थापन के लिए भेजा गया है। इस कांड की नाबालिग अपहृता को भी बरामद कर लिया गया है। 10 दिनों में तीन लड़कियां बरामद की गयी हैं। गिरफ्तार युवक पर नाबालिग का अपहरण करने का आरोप था। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### सत्येंद्र कुमार दूसरी बार बने प्रखंड अध्यक्ष



**मोहम्मदगंज पलामू।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रखंड इकाई के गठन के लिए प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय भजनिया में संघ की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता व संचालन विंध्याचल पाल ने किया। प्रखंड इकाई का गठन चुनाव प्रभारी जिला संगठन सचिव राजीव रंजन पांडेय, पर्यवेक्षक जिला उपाध्यक्ष नंदकिशोर सिंह, संयुक्त सचिव मनोज द्विवेदी की देखरेख में हुआ। सर्वसम्मति से पुनः दूसरी बार सत्येंद्र कुमार प्रखंड अध्यक्ष, मृत्युंजय कुमार सचिव, मणिकांत उपाध्यक्ष, बाल्मीकी, मनीष कुमार कोषाध्यक्ष, दिनेशचंद्र पासवान संगठन सचिव, हेमंत कुमार संयुक्त सचिव, संजय कुमार रवि अंकेक्षण बने।

### लेस्लीगंज थाना में शांति समिति की बैठक



**नीलांबर पीतांबर पलामू।** दुर्गा पूजा को लेकर लेस्लीगंज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के सभी पूजा पंडाल समिति के लोगों को बुलाया गया था और पूजा पंडाल के आसपास विधि व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने के लिए सुझाव मांगे गये। साथ में प्रशासन की ओर से भी कई निर्देश दिए गए। इस दौरान सभी से दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण और सौहार्द पूर्ण ढंग से मनाने की अपील की गयी। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी बजरंगी सोनी तथा संचालन रमेश कुमार कुशवाहा ने किया। मौके पर थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने कहा कि कई बार ऐसा होता है कि जो निर्धारित रूट है उस रास्ते को छोड़ देते हैं और मनमानी करते हुए गलत रास्ते में चले जाते हैं ऐसे में यदि वीडियो ग्राफी के माध्यम से पता चला कि गलत रास्ते से जा रहे हैं तो दुगार्पूजा लायसेंस धारी पर कार्रवाई कि जायेगी किसी तरह का अफवाह नहीं फैलायें।

## शिक्षाविद अशोक पांडेय से मिले पूर्व मंत्री चंद्रवंशी, जाना कुशलक्षेम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** क्षेत्र के प्रसिद्ध शिक्षाविद अशोक पांडेय से रविवार को पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी उनके भंडार गांव स्थित पैतृक आवास पर जाकर मिले। श्री चंद्रवंशी ने अशोक पांडेय का कुशलक्षेम जाना। श्री पांडेय ने विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्हें गुलदस्ता भेंट करते हुए अंगवस्त्र देकर सम्मानित भी किया। श्री चंद्रवंशी ने अशोक पांडेय को क्षेत्र में अपने द्वारा कराये जा रहे विकास



योजनाओं के बारे में बताया। अशोक पांडेय ने विधायक श्री चंद्रवंशी को विकास पुरुष की संज्ञा देते हुए विश्रामपुर को शिक्षा का हब बनाने पर बधाई दी.मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, सुशील पांडेय, गणेश पांडेय, नरेंद्र पांडेय, उदय पांडेय, दिलीप पासवान, दिलीप चंद्रवंशी, प्रकाश पांडेय, सतेंद्र शर्मा, राजमुनी भुइयां भी थे।

## अनुमंडलीय अस्पताल में चलाया अभियान

**छत्तरपुर पलामू।** छत्तरपुर अनुमंडल स्थित गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज, सड़मा, छत्तरपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत अनुमंडलीय अस्पताल में स्वच्छता ही सेवा अभियान का नेतृत्व प्रभारी प्राचार्य प्रो राजकिशोर लाल ने किया। इसमें चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेश अग्रवाल एवं उनकी टीम ने भी अपनी सहभागिता निभायी। प्रभारी प्राचार्य सह कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो राजकिशोर लाल ने कहा कि भारत सरकार के स्वच्छता ही सेवा-24 के तत्वावधान में 01 अक्टूबर तक विभिन्न क्षेत्रों में सफाई अभियान चलेगा।

## ग्रामीणों की समस्या संबंधित छह आवेदनों का निष्पादन

- छतरपुर थाना परिसर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय शिविर का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर।** पलामू पुलिस कप्तान रीष्मा रमेसन के निर्देशन में छतरपुर थाना परिसर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय शिविर आयोजित की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता छतरपुर एसडीपीओ नौशाद आलम ने की। बताया कि अनुमंडल क्षेत्र के चारों थाना से आये हुए शिकायतकर्ता लोगों से रूबरू हुए। जिसमे 19 आवेदन प्राप्त हुए। तत्काल प्रभाव से 6 आवेदन का निष्पादन ऑन



स्पोर्ट किया गया। छतरपुर थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने कहा कि जो भी लोग अपनी शिकायत लेकर पहुंचे उन्हें सरलता से समाधान किया गया। पलामू पुलिस की यह अनूठी पहल है।

# हुसैनाबाद एसडीओ कृष्णकांत ने किया अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण

- प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को दिये कई निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद एसडीओ कृष्णकांत कांवड़िया ने सोमवार को अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न विभागों से जानकारी ली। उन्होंने जांच केंद्र में सीबीसी मशीन नहीं रहने पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को सीबीसी मशीन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मरीजों की जांच सही होगी



निरीक्षण करते एसडीओ कृष्णकांत कांवड़िया।

तभी रोग पकड़ में आयेगा। उन्होंने कहा कि जांच के बाद बेहतर इलाज करने में मदद मिलेगी। एसडीओ ने एड्स विभाग की जानकारी ली। बताया गया कि क्षेत्र में एड्स के 377 रोगी हैं। उन्हें नियमित दावा व सलाह दी जाती है। टीबी विभाग के कर्मचारी ने बताया कि टीबी के मरीजों को स्वास्थ्य सहिया के माध्यम उनके घर पर दावा उपलब्ध करा कर उन्हें खिलाने तक की व्यवस्था की गई है। एसडीओ ने ओपीडी दावा वितरण के साथ साथ ऑक्सीजन प्लांट व वितरण का भी जायजा लिया। उन्होंने मरीजों को हर संभव मदद करने की हिदायत चिकित्सा पदाधिकारियों व कर्मियों को दी। उन्होंने साफ सफाई पर भी विशेष ध्यान रखने की हिदायत दी है।

रामगढ़ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित

# पुलिस जनता की सेवा के लिए है, बस आप सब सहयोग करें : थाना प्रभारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़ पलामू।** दुर्गा पूजा को लेकर रामगढ़ थाना में शांति समिति की बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता रामगढ़ चैनपुर इंस्पेक्टर जितेंद्र महली ने की। बैठक में रामगढ़, सरहुवा, नवाडीह, हुटार, बेरमा बभंडी, कुंडपानी, बाघी, काचन, सरहुआ माधवखाड़ पंचायत के गणमान्य शामिल हुए। लोगों से जुलूस रूट के बारे में विशेष जानकारी ली। थाना प्रभारी राजेश रंजन ने उपस्थित लोगों से शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए बारी-बारी से सुझाव लिया। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस जनता



शांति समिति की बैठक में शामिल पदाधिकारी व अन्य ग्रामीण।

की सेवा, रक्षा के लिए ही है। दुर्गा पूजा का त्योहार साल में एक बार आता है, मां दुर्गा हर लोगों के लिए खुसहाली, समृद्धि लेकर आती है। दुःख, दर्द का नाश कर जीवन को खुशहाल बनाती है, ऐसे में हमें शांतिपूर्वक दुर्गा पूजा मनाने के लिए हर व्यक्ति को मिलकर काम करना चाहिए। छोटी-छोटी बातों को नजर अंदाज कर दोनों समुदाय प्रेम, भाईचारे के साथ एक होकर त्योहार मनाएं। मौके पर एसआई, विजय कुमार मंडल, एएसआई, सोमाय मलगंडी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी उदयनाथ राम, 20 सूत्री अध्यक्ष कलीम अंसारी भी थे।

## स्पीड न्यूज

### बीपीओ ने शिक्षकों के साथ की बैठक यू डायस का दिया गया प्रशिक्षण



घाघरा। प्रखंड कार्यालय परिसर घाघरा के सभागार में शिक्षा विभाग की बीपीओ पुष्पा टोप्पो ने सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों के साथ बैठक की। बैठक में यू डायस पर प्रमोद टोप्पो द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही शिक्षकों को टीचर मॉड्यूल, स्कूल प्रोफाइल, स्टूडेंट मॉड्यूल, साइकिल वितरण, छात्रवृत्ति डाटा एंट्री,ई कल्याण सावित्रीबाई फुले समृद्धि योजना, बच्चो का पंजीयन सहित कई बिंदुओं पर चर्चा की गई और कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही बीपीओ पुष्पा टोप्पो ने आने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर आधारभूत संरचना बिजली, पानी, रैंप, शौचालय, फर्नीचर, भवन, लाइट की व्यवस्था चार्जिंग पॉइंट सहित सभी व्यवस्था से संबंधित रिपोर्ट जमा करने की बात कही। साथ ही स्कूल में बने सभी बूथ केंद्रो के मूलभूत सुविधा को दुरुस्त करने का भी निर्देश दिया। स्मोक पर शिक्षक सदय प्रताप जायसवाल, भगवान चंद्र दीक्षित, मनोज तिवारी, अजय कुमार प्रजापति, रोहित खेस, महावीर महतो सहित कई शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

### डीएवी स्कूल में अंग्रेजी राइम्स प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

गुमला। डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में सोमवार को अंग्रेजी राइम्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से द्वितीय तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। मौके पर प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू ने कहा कि विद्यार्थियों में भाषा कौशल एवं आत्मविश्वास में वृद्धि के लिए यह प्रतियोगिता आयोजित की गई है। इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थियों की भाषा में समझ बढ़ती है और वे अपनी बातों को बेझिझक रखना सीखते हैं। जिससे उनका मनोबल भी बढ़ता है। प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी में शिवम नवीन, फरहान मसरूर एवं निवांशी डे, एलकेजी में स्नेहा बाखला, अवेस हुसैन एवं प्रकृति, यूकेजी ए में कियान साबू,नव्या साबू एवं अनय शिव महली, यूकेजी बी में वनिशा कुमारी,शौर्य कुमार दुबे एवं शाज्या तहसीन क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में हर्षिता कुमारी, मोनिका कुमारी, निशा जयसवाल, सुधांशु देवगढ़िया, श्वेता कुमारी, कौशल किशोर महाराज, अमृता, तनुश्री की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### भालू के हमले में महिला की मौत

गुमला। रायडीह थाना क्षेत्र के कांसीर जामटोली गांव निवासी महिला जगरी देवी की मौत भालू के हमले में चार दिन पूर्व जंगल में हो गयी। चार दिन बाद शव मिलने पर ग्रामीण उसे गांव में ही दफना देने की योजना बना रहे थे। लेकिन मिशन बदलाव महिला समिति सदस्य सोनमती देवी के द्वारा ग्रामीणों से वार्ता कर भालू के हमले मृतक महिला जगरी देवी का शव पोस्टमार्टम हेतु रायडीह पुलिस की मदद से गुमला भेजवायी। सोनमती देवी ने बताया कि चार दिन पहले महिला जंगल गयी थी। जहां भालू ने उसपर हमला कर मौत की नींद सुला दिया था। महिला जंगलों से कंदमूल दातुन और खुखड़ी चुनका अपना जीविकोपार्जन करती थी। चार दिनों के बाद उसकी बॉडी जंगल में मिलने के बाद ग्रामीणों ने और मुखिया ने कहा कि उसको दफना देते हैं। क्योंकि क्योंकि बॉडी सड़ रहा था और दुर्गंध आ रहा थ्सी। जिसके बाद सोनामती को इसके बारे में जानकारी हुआ तो तुरंत जामटोली गांव का दौरा किया और ग्रामीणों को समझाया कि जब तक पोस्टमार्टम नहीं कराया जाएगा तब तक सरकारी योजना का लाभ नहीं ले पाएंगे। इसको ध्यान में रखते हुए उन्होंने डीएफओ गुमला को कॉल किया और सभी महत्वपूर्ण जानकारी दी और स्थानीय थाना और प्रशासन को भी सूचित किया। गांव पहुंचकर मृतक के परिवार को विभागों के द्वारा 5000 की राशि दी गयी। सोनामती के प्रयास से ग्रामीणों के बीच जागरूकता भी आयी।

### आलू की खेती पर किसान गोष्ठी संपन्न



गुमला। आलू की खेती में उर्वरक प्रबंधन एवं बदलते मौसम में फसल को बदरी पानी से सुरक्षित रखने को लेकर अक्षज फारमर्स प्रोडक्शन कंपनी विशुनपुर व इफको रांची के द्वारा विशुनपुर प्रखंड में आयोजित दो दिवसीय वृहत किसान गोष्ठी संपन्न हो गयी। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र विशुनपुर के मध्य वैज्ञानिक डॉ संजय पांडे, डॉ नीरज वैश्य व सुनील कुमार ने किसानों से वार्ता कर उन्हें बरसाती आलू के पोषक तत्व एवं झुलसा से बचाने के उपाय बतायें। इफको के प्रबंधक चंदन कुमार ने कहा कि आलू एक ऐसा फसल है जो नब्बे दिनों के अंदर तैयार हो जाता है। बरसाती आलू जो खेतों में लगे हैं उसकी गुणवता व अधिक उत्पादन के लिए इफको नैनो डीएपी, नैनो यूरिया, सल्फेट ऑफ पोटाश का स्प्रे करें। अक्षज फारमर्स प्रोड्यूसर कंपनी के विशुनपुर निदेशक लक्ष्मीनारायण साहू ने कहा कि किसान कंपनी की सदस्यता ग्रहण करें। कंपनी किसानों के साथ अंत्योदय योजना की तरह काम करने को कटिबद्ध है। साहू ने कहा कि वे प्रखंड के सभी किसानों तक पहुंचकर कंपनी की योजना का लाभ देंगे। किसान गोष्ठी में भारी संख्या में किसान शामिल थे।

## खेल वर्तमान समय में कैरियर बनाने का सशक्त माध्यम : जिप अध्यक्ष

### गुमला : छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज युवा मंच ने फुटबॉल टूर्नामेंट का किया शुभारंभ



खबर मंत्र संवाददाता

गुमला। छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज युवा मंच गुमला के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ सोमवार को कार्तिक उरांव महाविद्यालय मैदान में हुआ। मैच का उदघाटन समाज के जिला अध्यक्ष श्याम सुंदर साहू ने समाज का झंडोतोलन कर किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष किरणमाला बाड़ा, विशिष्ट अतिथि जिप उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, समाज के मुख्य संरक्षक हीरा साहू, संरक्षक मुनेश्वर साहू, संरक्षक राधा मोहन साहू व आयोजन समिति के अध्यक्ष कौशल साहू ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया। मौके पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए किरणमाला बाड़ा ने कहा कि खेल वर्तमान समय में कैरियर बनाने का सशक्त माध्यम बन गया है। गुमला जिला वास्तव में खेल नगरी के रूप में विख्यात है तो इसमें कहीं ना कहीं छोटा नागपुरिया तेली उत्थान समाज का भी मुख्य भूमिका है। मुख्य संरक्षक हीरा साहू ने कहा कि हमारा समाज विगत 22 वर्षों से लगातार सामूहिक विवाह का कार्यक्रम करते आ रही है। वहीं प्रतियोगिता का उदघाटन मैच सुरीन ब्रदर तोरपा व चेटर एफसी गुमला के बीच खेला गया। जिसमें सुरीन ब्रदर तोरपा की टीम 2-1 से चेटर एफसी को पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया। वहीं दूसरा मैच कृष्णा छात्रावास गुमला व वीरू ब्रदर्स बांसडीह के बीच खेला गया। जिसमें बांसडीह की टीम दो गोल से जीतकर अगले चक्र में प्रवेश किया। वहीं तीसरा मैच संग स्टार एफसी गुमला व ब्लू स्टार मुरकुंडा के बीच खेला गया। जिसमें संग स्टार की टीम दो गोल से जीती। चौथा मैच वाइएफसी तेलगांव व सीटीयूसी गुमला के बीच खेला गया। जिसमें पेनाल्टी शूट आउट में तेलगांव की टीम एक गोल से जीती। उदघाटन समारोह में तेली समाज के महिला जिला अध्यक्ष प्रमिला देवी, आयोजन समिति के उपाध्यक्ष वीरेंद्र साहू, शिवनारायण साहू, उत्तम साहू, धनेश्वर साहू, सचिव बलराम साहू, कोषाध्यक्ष दिनेश साहू, संजय साहू, विकास साहू, सुरेंद्र साहू, अनूप साहू, शंभू साहू, प्रभु साहू, भोला चौधरी, सहित छात्रावास के सभी विद्यार्थी एवं टीम के प्रबंधक मौजूद थे।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान कों लेकर मिनी मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन



खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत सोमवार को जिला जल एवं स्वच्छता समिति लोहरदगा और नगर परिषद द्वारा 'स्वच्छता मिनी-मैराथन प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा प्रतिभागियों को स्वच्छता शपथ ग्रहण कराया और प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर निर्धारित रूट के लिए रवाना किया गया। यह दौड़ समाहरणालय मैदान से प्रारंभ होकर कचहरी मोड़, साइडिंग, पावरगंज चौक, सोमार बाजार, बड़ा तालाब, भट्ठी चौक, नगर परिषद कार्यालय रोड, अलका सिनेमा (न्यू रोड), पावरगंज चौक, मैना बगीचा होते हुए वापस समाहरणालय मैदान में संपन्न हुई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उत्साह के साथ प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस मिनी मैराथन दौड़ में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले सभी विजेताओं लड़के एवं लड़कियों को शील्ड, मेडल अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा दिया गया। प्रथम 10 प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर नगर प्रशासक मुक्ति किड़ो, कार्यपालक अभियंता अनुप हांसदा व पदाधिकारी समेत प्रतिभागी उपस्थित थे।

## गुमला : आर्ट इंटीग्रेटेड एंड टॉय बेस्ड क्लासरूम का डीसी ने किया उदघाटन



खबर मंत्र संवाददाता

गुमला। जवाहर नवोदय विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक सोमवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यसक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विद्यालय के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की गई एवं उपायुक्त द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। विद्यालय की ओर से छात्रावास में सोलर चलित वाटर हीटर लगाने, सोलर चलित इनवर्टर लगाने, वाटर कूलर लगाने एवं 50 सोलर स्ट्रीट लाइट आदि की व्यवस्था करने की मांग की गई। वहीं दिव्यांग छात्रों हेतु रैंप निर्माण, वर्षा जल संग्रहण हेतु सोक पिट एवं कैनाल के निर्माण, खेल के मैदान दर्शक दीर्घा का निर्माण एवं अतिरिक्त डीप बोरिंग के निर्माण के मुद्दों पर प्रमुख रूप से चर्चा हुई। बैठक में तानाखुदी से विद्यालय के मुख्य द्वार तक सड़क मरम्मती करने हेतु प्रमुख रूप से चर्चा हुई। बैठक में उपायुक्त ने पीपीटी के माध्यम से विद्यालय की उपलब्धियों की समीक्षा की। शैक्षणिक भवन के भ्रमण के दौरान उपायुक्त ने बायोलॉजी, केमिस्ट्री, फिजिक्स एवं मैथ्स लैब का भी निरीक्षण किया। इसके पश्चात उपायुक्त के द्वारा वृक्षारोपण किया गया एवं उसके उपरांत कला प्रदर्शनी क्लास रूम (आर्ट इंटीग्रेटेड एंड टॉय बेस्ड क्लासरूम) का उदघाटन किया एवं संग्रहालय एवं एस्ट्रोनाभी लैब का भी निरीक्षण किया। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष किरण बाला, जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलको, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नवल कुमार, विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार शुक्ला, शिक्षक बिनोद कुमार, प्राचार्य, शशि नीलम तिर्की, नवीस, डॉ सतीश कुमार, सांसद प्रतिनिधि गुमला आलोक साहू, दिलीप महली, हीरामणि कुमारी सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## सोशल मीडिया पर नियंत्रण रखें : डीसी

### दशहरा पूजा को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की हुई बैठक





खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में दशहरा पूजा को लेकर सोमवार को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक जिला परिषद कार्यालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि दुर्गा पूजा लोहरदगा जिला में बहुत ही धूमधाम और सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनाया जाता रहा है। सभी पूजा समिति अपने संबधित थानों में दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन के समय से अवगत करा दे। जो समय निर्धारित है उसी अवधि के अंदर प्रतिमा का विसर्जन हो। आयोजक अपने सोशल मीडिया समूह पर विशेष नियंत्रण रखें, जिसमें किसी को भी उकसाने वाला कंटेट फारवर्ड करने की अनुमति नहीं हो। समितियों के वॉलेंटियर्स के साथ पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारियों की एक बैठक निर्धारित की जाएगी, जिसमे वॉलेंटियर्स के तौर पर अपने कर्तव्यों के निर्वहन की जानकारी दी जाएगी। साथ ही अग्निशमन विभाग के पदाधिकारियों द्वारा पूजा पंडाल में अग्नि के खतरों से आपात स्थिति में निबटने के तरीकों और अग्निशामक के इस्तेमाल के बारे भी बताया जाएगा। वॉलेंटियर्स के लिए एक आईडी कार्ड भी जारी किया जाय जिसमें संबधित थाना प्रभारी का हस्ताक्षर हो। रावण दहन के दौरान लगनेवाले मेला में तीन-चार स्थानों पर हेल्प डेस्क की व्यवस्था हो ताकि आमजनों को किसी तरह की समस्या को प्रशासन तक पहुंचाने में कम से कम समय लगे, उन तक कम समय में मदद पहुंचायी जा सके। पुलिसकर्मी अपने निर्धारित स्थान पर तैनात रहेंगे इधर उधर नहीं जाएंगे।

**ग्रामीण क्षेत्रों में भी होगी पेट्रोलिंग : एसपी**

पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा दुर्गा पूजा के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में भी पुलिस की पेट्रोलिंग होगी। मुख्य सडक में पडने वाले पूजा पंडालों के लिए विशेष ट्रैफिक मैनेजमेंट की व्यवस्था की जाएगी। पूजा समितिया पूजा पडालों में अग्निशामक की व्यवस्था रखेंगे ताकि किसी विशेष परिस्थिति से निबटा जा सके। साथ ही यह भी योजना बना लेंगे कि पूजा पडालों में फायर ब्रिगेड की गाडी किस तरह जल्दी पहुंच सकेगी। सभी पडालों में सीसीटीवी कैमरा लगाना अनिवार्य होगा। साथ ही सीसीटीवी से पूजा पडाल की निगरानी होने की सूचना बैनर के माध्यम से लोगों को भी दी जाए।

## कोंडरा पंचायत को बांटकर अलग कसीरा पंचायत बनाने की मांग

>> पूर्व में कोंडरा व कसीरा अलग-अलग पंचायत थे, वर्ष 2010 में चुनाव के दौरान जोड़कर एक कर दिया गया था

### कोंडरा पंचायत का क्षेत्रफल व जनसंख्या अत्याधिक है, जिसे पूरे क्षेत्र में नहीं होता है विकास कार्य



खबर मंत्र संवाददाता

गुमला। रायडीह प्रखण्ड के कोंडरा पंचायत के कसीरा, नवाटोली, बाघकोना, करमटोली व खापूटोली के ग्रामीणों ने सोमवार को बैठक कर अपने क्षेत्र के विकास के लिए योजना बनायी। मौके पर बैठक को संबोधित करते हुए युवा नेता देवेन्द्र लाल उरांव ने कहा कि कोंडरा पंचायत की जनसंख्या दो पंचायत की जनसंख्या के बराबर है और क्षेत्रफल भी दो पंचायत के बराबर है। बड़ी जनसंख्या और बड़ा क्षेत्रफल होने के कारण कोंडरा पंचायत का विकास नहीं हो पा रहा है। विकास के कार्य में तेजी लाने के लिए कोंडरा को दो भागों में बांटकर एक अलग कसीरा पंचायत की मांग की गयी। वहीं बैठक में जरूरत पड़ने पर तो आन्दोलानात्मक रूख भी अपनाने की बात कही गयी। ग्रामीण सीताराम उराँव ने कहा कि सड़क, पानी, आवास जैसे योजना हम लोगों के गाँव तक नहीं पहुंच रही है। श्यायमसुन्दर नगेसिया ने कहा कि विधानसभा चुनाव में राजनीतिक दल और उनके उम्मीदवारों से अलग पंचायत की मांग होगी। पूर्व मुखिया पारसनाथ उरांव ने कहा कि सीमित योजना और राशि को पूरे क्षेत्र के लोगों तक पहुँचाने में दिक्कत होती थी। दो पचांयत बनने से पूरे क्षेत्र का और सबका विकास होगा। ग्राम प्रधान चन्द्रनाथ उरांव ने बताया कि पूर्व में कोंडरा और कसीरा दोनों अलग अलग पंचायत थे। दोनो पंचायत के अपने अपने सरपंच और मुखिया होते थे। लेकिन फिर 2010 से पंचायत चुनाव होने प्रारंभ हुए तो दोनो पंचायत को मिला दिया गया और सिर्फ कोंडरा पंचायत से ही पूरे क्षेत्र का संचालन होता है। पंचायत समिति सदस्य यशोदा उरांव ने कहा कि एक पंचायत में एक मुखिया हैं। लेकिन पंचायत समिति सदस्य दो हैं तो मुखिया भी दो हों और पंचायत अलग हो। मौके पर श्यामसुन्दर नगेसिया, श्यामलाल खड़िया, विश्वा नगेसिया, रातो उरांव, सुखदेव उरांव, बलराम उरांव, नासरित एक्का, संदीप उरांव, राजू कोरवा, सरिता लोहराईन, प्रतिभा कुमारी सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## मधुर मेडिकेयर हॉस्पिटल में 32 लोगों ने किया रक्तदान, सभी को उपहार स्वरूप दिया गया हेलमेट




लोहरदगा। इमरजेंसी केयर और मधुर मेडिकेयर हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को शहरी क्षेत्र के पतराटोली में स्थित मधुर मेडिकेयर हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सदर हॉस्पिटल के उपाधीक्षक डॉ शंभूनाथ चौधरी, समाज सेवी हाजी जबारूल,अस्पताल निदेशक अजय मधुर, सावित्री मधुर, डॉ विवेक मधुर, डॉ नेहा ज्योति मधुर, इमरजेंसी केयर के अध्यक्ष विक्रम चौहान, उपाध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा, सचिव देशराज गोयल, एचआर हेड सजल कुमार, मनोज कुमार गुप्ता, निखिल बर्मन ने दीप प्रज्जवलित कर किया। रक्तदान शिविर में शाम तक 32 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को सड़क सुरक्षा को लेकर प्रेरित करने और यातायात नियमों के अनुपालन को लेकर एक-एक हेलमेट भी दिया गया। उपाधीक्षक शंभूनाथ चौधरी ने रक्तदान की आवश्यकता और इसके होने वाले फायदे पर प्रकाश डाला। वर्तमान में लोहरदगा में खून की बहुत जरूरत पड़ रही है इसलिए ज्यादा से ज्यादा लोग रक्तदान करें। मधुर मेडिकेयर हॉस्पिटल के निदेशक अजय मधुर ने सभी रक्तदाताओं को हेलमेट उपहार स्वरूप दिया, साथ ही साथ सभी रक्तदाताओं का अभिवादन भी किया। इस रक्तदान शिविर में अध्यक्ष विक्रम चौहान ने रक्तदान को एक सूत्र में जोड़ने वाला कार्य बताया, जिसमें रक्तदाता जात पात, ऊंच नीच, भेदभाव से ऊपर उठ कर सेवा भाव से काम करते हैं, उपाध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा ने कहा कि रक्तदान के साथ साथ सड़क सुरक्षा के लिए भी हमें आगे आने की जरूरत है, खून दे कर जीवन देना सबसे बड़ा नेकी का काम है। सचिव देशराज ने शहर के सभी हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर लगाने की अपील की। एच आर हेड सजल कुमार ने कहा कि रक्तदान दूसरों को जीवन देने का महान कार्य है। डॉक्टर शंभूनाथ चौधरी, डॉ विवेक मधुर और डॉ नेहा ज्योति ने लोहरदगा में इमरजेंसी केयर के कार्यों की सराहना कि और कहा उनका प्रयास होगा कि समय समय पर अपने हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर लगाते रहें। हाजी जबारूल ने कहा कि संस्था के युवाओं का उत्साह दूसरे लोगों को भी रक्तदान को लेकर प्रेरणा देता है। मौके पर डॉ चंदन कुमार, डॉ एस के गुप्ता, डॉ आस्था, अरुण राम, पवन कुमार, अचरज, नीलम, देवंती, रौनिता, अमन, खालिद, अंगद, उमेश, सद्दाम अंसारी आदि मौजूद थे।

### महिला व बच्ची मधुमक्खियों के हमले में घायल

गुमला। पालकोट प्रखंड के नाथपुर निवासी महिला सोमती देवी अपने डेढ़ साल की बच्ची रेखा कुमारी के साथ गुमला सोमवार को आयी थी। इसी दौरान तर्री बाईपास के पास उसपर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। मधु मक्खियों के हमले में महिला व बच्ची जख्मी हो गयी। वहीं पर दूर खड़े मिशन बदलाव के सदस्य संदीप बड़ाईक ने महिला व बच्ची पर मधुमक्खियों का हमला होते देखा तो उसने एंबुलेंस और 108 को कॉल किया। लेकिन एंबुलेंस समय पर पहुंचा। महिला की स्थिति गंभीर होते देखा संदीप स्वयं बच्ची और महिला को सदर अस्पताल में एडमिट कराया।

## अनियंत्रित होकर ऑटो पलटा, दस घायल



खबर मंत्र संवाददाता

भंडरा। भंडरा-सिसई मुख्य पथ भंडरा थाना क्षेत्र के सेमरा बाजार मोड़ के समीप बीती देर रात ऑटो के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से ऑटो सवार आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। जिसे स्थानीय ग्रामीणों की मदद से 108 एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां सामाजिक कार्यकर्ता सह मुखिया संघ के अध्यक्ष परमेश्वर महली के सहयोग से चिकित्सकों ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि सिसई पंडरानी से एक परिवार के सभी लोग भरनो थाना क्षेत्र के बनटोली गांव नया मेहमानी कराकर लौट रहे थे। इसी दौरान सेमरा बाजार मोड़ के समीप ऑटो संख्या जेएच जीरो 7 एफ -2670 अनियंत्रित हो पलट गई। जिसमें सवार सभी लोग घायल हो गए। इस दौरान ऑटो के पलटने से सिसई प्रखंड के पंडरानी गांव निवासी सुनील उरांव (30 वर्ष), सुखु उरांव (40 वर्ष), लोथ्या उरांव (30 वर्ष), मिलो उरांव (60 वर्ष), सुमित्रा उरांव (40 वर्ष), आशा उरांव (35 वर्ष), धरमू उरांव (70 वर्ष), जावा उरांव (35 वर्ष), बिरसो उरांव (40 वर्ष) व बुदु उरांव (40 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए है। जिसमें धरमू उरांव की स्थिति चिंताजनक है। घटना के बाद टेम्पो चालक ऑटो लेकर फरार हो रहा था। जिसे ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस को सौपा. इधर घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय भंडरा थाना पुलिस जांच-पड़ताल में जुट गई है।

## परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



खबर मंत्र संवाददाता

चैनपुर। परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज चैनपुर में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सोमवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एनएसएस के छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ हिस्सा लिया और स्वच्छता का संदेश देने वाली रंगोलियां बनायी। मौके पर प्रोग्राम ऑफिसर अमित कुमार और आंजना कुजूर उपस्थित थे। उन्होंने छात्रों के प्रयासों की सराहना की और स्वच्छता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह अभियान हमारे जीवन का हिस्सा बनना चाहिए। उन्होंने सभी छात्रों को स्वच्छता बनाए रखने और अपने आस-पास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया।

## दिवंगत फुटबॉलर मोनिका बाड़ा को न्याय के लिए ग्रामीण उतरे सड़क पर

>> पावरगंज चौक को किया 2 घंटे जाम
>> तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से मोनिका की 4 सितंबर को हो गई थी मौत



चौक जाम करते आक्रोशित लोग।



ग्रामीणों को समझाते एसडीओ।

खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। जिले की राष्ट्रीय स्तर की फुटबॉल खिलाड़ी 15 वर्षीय मोनिका बाडा की सड़क दुर्घटना में मौत के करीब एक महीने हो जाने पर भी दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से आक्रोशित आदिवासी समाज के लोग सोमवार सड़क पर उतर गए। लोहरदगा के पावर गंज सुभाष चौक को जाम कर दिया। कुडू-लोहरदगा-गुमला स्टेट हाईवे पर गाड़ियों का परिचालन रोक दिया। सड़क जाम कर रहे लोगों में काफी आक्रोश नजर आया। प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे नेताओं में एक चैतू उराँव ने कहा कि 4 सितंबर को लोहरदगा स्टेशन रोड में शाम के समय तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से होनहार खिलाड़ी मोनिका बाड़ा की मौत हो गई। इस घटना में पुलिस ने उक्त कार को कब्जे में लेने के अलावा और कोई कार्रवाई नहीं की है। पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला है। परिवार के एक सदस्य को नौकरी और एक करोड रुपए का मुआवजा मिलना चाहिए। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि दुर्घटना के लिए जिम्मेदार लोग पहुंच वाले हैं जिस वजह से उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है। पुलिस प्रशासन पर यह भी आरोप लगाया कि आदिवासियों को न्याय दिलाने में पुलिस की रुचि नहीं नजर आ रही है। हमने काफी सब्र किया और जब न्याय मिलता नहीं दिख तो हमें सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करना पड़ रहा है। विरोध प्रदर्शन कर रहे आदिवासी नेताओं ने कहा कि पुलिस तत्काल दोषियों पर कार्रवाई करें और पीड़ित परिवार को मुआवजा दे अन्यथा आंदोलन उग्र किया जाएगा। सड़क जाम कर रहे लोगों में महिला पुरुष और काफी संख्या में युवा और खिलाड़ी भी शामिल थे। जिन्होंने दिवंगत मोनिका बाड़ा की तस्वीरों के साथ पोस्टर और प्ले कार्ड हाथों में ले रखा था। सड़क जाम किए जाने के कारण शहर में ट्रैफिक बुरी तरह बाधित रहा। लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। मौके पर पहुंचे सीओ आशुतोष कुमार और बीडीओ ललित प्रसाद सिंह की बात और आश्वाशन सुनने से इंकार करते हुए उच्चाधिकारी को बुलाने की मांग पर ग्रामीण आड़े रहे, जिसके बाद एसडीओ अमित कुमार मौके पर पहुंचे जिसके बाद 48 घंटे के अंदर दोषियों की गिरफ्तारी की आश्वाशन और उचित मुआवजा की पहल करने की बात पर जाम हटा।

## सड़क सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर गुनिया के ग्रामीणों की हुई बैठक

भाजपा नेता अशोक उरांव ने दशहरा से पहले गांव में बिजली ट्रांसफार्मर लगाने का दिया अश्वासन



खबर मंत्र संवाददाता

घाघरा। घाघरा प्रखंड के गुनिया गांव में ग्रामीणों ने मूलभूत सुविधा सड़क की मांग को लेकर बैठक किया। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा नेता अशोक उरांव और जिला परिषद सदस्य सतवंती देवी शामिल हुई। बैठक में ग्रामीणों ने बरवाटोली गांव में ट्रांसफार्मर जल जाने की शिकायत की और जल्द बदलवाने की बात कही। इसके साथ ही गुनिया गांव के ग्रामीणों ने गुनिया से बसुवा जाने वाले सड़क पर कई जगह गड्ढे होने की बात कही। जिससे आवागमन में काफी दिक्कतों की सामना करना पड़ता है। वहीं ग्रामीणों ने आधा किलोमीटर सड़क की स्थिति जर्जर होने की बात कही। इसके साथ ही ग्रामीणों ने कहा कि क्षेत्र में सांसद और विधायक होने का बावजूद भी कई मूलभूत सुविधा का अभाव है। किसी भी तरह की कोई पहल नहीं होती है। हम लोग सिर्फ वोट देने के लिए हैं। जिस पर भाजपा नेता अशोक उरांव ने कहा कि ट्रांसफार्मर की जो मांग आप लोगों द्वारा की गई है। मैं बिजली विभाग से बात कर दशहरा से पूर्व ट्रांसफार्मर लगवाने का प्रयास करूंगा। इसके साथ ही जर्जर सड़क को मिट्टी मोरम डलवाकर गड्ढे भरने की बात कही। वहीं उरांव ने कहा की मेरा भी आर्थिक सहयोग रहेगा आप सभी कार्य शुरू करे। वहीं रोड कंस्ट्रक्शन विभाग से बात कर आधा किमी सड़क बनवाने का मैं प्रयास कराऊंगा। ताकि लोगों को आवागमन में परेशानी ना हो। मौके पर करीमन पहान, प्रमोद साहू, जयंत पाठक, प्रमोद मांझी, लहुरा साहू, अजीत साहू सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# मिलावटी दवाई ?

बुखार, दर्द, उच्च रक्तचाप, मधुमेह आदि से मुक्ति दिलाने का दावा करने वाली 53 दवाइयां जांच में गुणवत्ता के मानकों पर खरी नहीं उतरी हैं। देश में धड़ल्ले से इस्तेमाल होने वाली पैरासिटामोल भी इन दवाओं में शुमार है। कैसी विडंबना है कि काफी समय से सरकारों की नाक के नीचे ये दवाइयां धड़ल्ले से बिकती रही हैं। केंद्रीय औषधि नियामक ने गुणवत्ता के मानकों पर खरा न उतरने वाली दवाओं की सूची जारी की है। आम लोगों के मन में सवाल बाकी है कि यदि ये दवाएं मानकों पर खरी नहीं उतरती तो इनके नकारात्मक प्रभाव किस हद तक हमारी सेहत को प्रभावित करते हैं। यह भी कि जो लोग घटिया दवाइयां बेच रहे थे क्या उनके खिलाफ कोई कार्रवाई की पहल भी हुई है? फिलहाल इस बाबत कोई जानकारी आधिकारिक रूप से सामने नहीं आई है। निस्संदेह, यह शर्मनाक है और तंत्र की विफलता को उजागर करता है कि शारीरिक कष्टों से मुक्त होने के लिये लोग जो दवाएं खरीदते हैं, वे घटिया हैं? बहुत संभव है ऐसी घटिया दवाओं के नकारात्मक प्रभाव भी सामने आते होंगे। इस बाबत गंभीर शोध-अनुसंधान की जरूरत है। विडंबना देखिए कि ताकतवर और धनाढ्य वर्ग द्वारा संचालित इन दवा कंपनियों पर राज्य सरकारें भी जल्दी हाथ डालने से गुरेज करती हैं। जिसकी कीमत आम लोगों को ही चुकानी पड़ती है। विडंबना देखिए कि लोगों द्वारा आमतौर पर ली जाने वाली पैरासिटामोल भी जांच में फेल पायी गई। निश्चय ही केंद्रीय औषधि नियामक की गुणवत्तारहित दवाओं की सूची में इसके शामिल होने से लोगों के इस विश्वास को ठेस पहुंचेगी। दुर्भाग्यपूर्ण है कि मानवीय मूल्यों में इस हद तक गिरावट आई है कि लोग अपने मुनाफे के लिये दुखी मरीजों के जीवन से खिलवाड़ करने से भी नहीं चूक रहे हैं।




**मेष : कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-3-6-8**

**वृष : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-6-7-9**

**मिथुन : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-3-4-8**

**कर्क : मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-4-8-9**

**सिंह : संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-6-8-9**

**कन्या : पुराने मित्र से मिलन होगा। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। शुभांक-4-2-9**

**तुला : माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-6-8-9**

**वृश्चिक : नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-6-7**

**धनु : कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-7-9**

**मकर : कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। किसी कार्य विशेष के लिए यात्रा आवश्यक होगी। शुभांक-6-7-8**

**कुंभ : शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है, अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। शुभांक-2-5-7**

**मीन : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी। शुभांक-3-7-8**

## कार्टून वर्ल्ड



# खरसावां विधानसभा से दशरथ गगराई सबसे आगे हैं

चक्रधरपुर से टोकलो रोड के रास्ते हम खरसावां के कुचाई प्रखण्ड पहुंचे। शहर की हवा सबको पता होता है, चुनाव का असली खेल तो ग्रामीण इलाकों में होता है।

कुचाई के बिरसा मुंडा स्टेडियम में दशरथ गगराई की सभा हो रही थी। मोड़ पर दुकानें हैं, वहां कुछ लोग बैठकर राजनीति पर चर्चा कर रहे थे। हम बैठकर सुनने लगे, भाषा थोड़ी अलग थी, पर भाव समझ में आ गया। वे लोग कह रहे थे कि अर्जुन मुंडा के मुकाबले काम तो कुछ नहीं किया, लेकिन हमेशा मौजूद रहता है। हेमंत सोरेन के कारण आदिवासी वोट भी मिल ही जाएगा। कुल मिलाकर दशरथ गगराई की स्थिति ठीक ही दिख रही है। उसके बाद हम स्टेडियम में जनसभा की ओर बढ़े। महिलाओं को खरसावां विधायक संबोधित कर रहे थे, पर पंडाल आधा भी नहीं भरा था। बारिश एक वजह हो सकती है, लेकिन महिलाओं में उत्साह की भी कमी थी। सबका ध्यान भाषण पर कम और नाश्ते के पैकेट और बाद में बंटने वाली खिचड़ी पर अधिक था।

खरसावां विधानसभा कुल पांच प्रखण्डों में फैला है।

1. कुचाई- सभी 10 पंचायत
2. खरसावां- सभी 13 पंचायत
3. खूंटपानी- कुल 12 में से 10 पंचायत खरसावां विधानसभा में
4. सरायकेला- कुल 14 में से **07 पंचायत**
5. गम्हरिया- कुल 14 में से 07 पंचायत

अगर हर पंचायत के डेमोग्राफी को देखें तो कुचाई में 60 प्रतिशत आदिवासी हैं। यहां पहाड़ों के ऊपर मुंडा समाज है और बाकी हो या ईसाई हैं। मुंडा समाज आमतौर पर भाजपा का वोटर है और हो समाज झामुमो को वोट देता है। झामुमो विधायक दशरथ गगरई हो समाज से आते हैं।

खूंटपानी प्रखण्ड झारखण्ड मुक्ति मोर्चा का सबसे मजबूत गढ़ है। इसकी वजह कि इस प्रखण्ड में करीब 65 प्रतिशत ईसाई हैं। ईसाई समाज पारंपरिक रूप से कांग्रेस और हाल के वर्षों में झामुमो का एकतरफा समर्थन करता है। खूंटपानी प्रखण्ड में झामुमो की मजबूती का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि पिछले चुनाव में झामुमो के दशरथ गगरई को सिर्फ इस प्रखण्ड से 20 हजार वोटों की लीड मिली थी। बाकी सभी प्रखण्ड मिलाकर उनकी लीड करीब 15 हजार वोटों की थी।

इसके अलावा करीब 12,000 मुस्लिम मतदाता एकतरफा झामुमो की तरफ जाते हैं। हो , ईसाई और मुस्लिम का कंबिनेशन के कारण दशरथ गगराई लगातार दो बार से विधायक बन रहे हैं। इन तीनों के अलावा



थोड़ा-बहुत खुदरा वोट अपने व्यवहार के कारण बटोर ही लेते हैं।

महागठबंधन या इंडिया गठबंधन से वर्तमान विधायक दशरथ गगरई को ही टिकट मिलने की संभावना है। वे लगातार 10 सालों से विधायक हैं और क्षेत्र में मजबूत पकड़ है। कोई दूसरा उनके मुकाबले में दिख भी नहीं रहा है। अगर भाजपा की बात करें तो कुल तीन उम्मीदवारों की चर्चा हो रही है।



**- पंकज प्रसून**

**लोग कह रहे थे कि अर्जुन मुंडा के मुकाबले काम तो कुछ नहीं किया, लेकिन हमेशा मौजूद रहता है। हेमंत सोरेन के कारण आदिवासी वोट भी मिल ही जाएगा। कुल मिलाकर दशरथ गगराई की स्थिति ठीक ही दिख रही है। महागठबंधन या इंडिया गठबंधन से वर्तमान विधायक दशरथ गगरई को ही टिकट मिलने की संभावना है। वे लगातार 10 सालों से विधायक हैं और क्षेत्र में मजबूत पकड़ है। कोई दूसरा उनके मुकाबले में दिख भी नहीं रहा है।**

1. अर्जुन मुंडा/ मीरा मुंडा

पति-पत्नी दोनों में से किसी को मिले, प्रतिष्ठा तो पूर्व केन्द्रीय मंत्री और झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा की ही जुड़ी रहेगी। अर्जुन मुंडा ने खरसावां विधानसभा का 4 बार प्रतिनिधित्व किया है।

**1995 में सबसे पहले अर्जुन मुंडा जेएमएम के टिकट पर चुनाव जीते**

इसके बाद 2000 और 2005 में भाजपा के टिकट पर चुनाव जीते

2009 में मंगल सिंह सोय अर्जुन मुंडा के ही नाम पर भाजपा से चुनाव जीतकर विधायक बने। एक साल बाद उन्होने अर्जुन मुंडा के लिए वो सीट छोड़ दी।

उसके बाद 2010 में अर्जुन मुंडा उप-चुनाव जीतकर दोबारा खरसावां से विधायक चुने गए। लेकिन 2010 के बाद स्थितियां बदलने लगीं। 2014 में जब पूरे राज्य में भाजपा के पक्ष में हवा थी तो खरसावां में अर्जुन मुंडा के खिलाफ जबरदस्त एंटी-इंकंबेंसी दिखी। दशरथ गगरई ने उन्हें पराजित किया। उसके बाद 2019 के विधानसभा चुनावों में चाईबासा से जवाहर वानरा को लाकर लड़ाया गया। दसरथ गगराई ने जवाहर वानरा को करीब 23 हजार वोटों से शिकस्त दी। दशरथ गगरई को 73, 341 वोट मिले, जबकि भाजपा के जवाहर वानरा को 50, 546 वोट। स्थानीय लोग बताते हैं कि खरसावां विधानसभा में खरसावां के नेता को ही लड़ाना चाहिए। चाईबासा से आदमी लाकर लड़ाने से बाहरी-भीतरी को मुद्दा बनाया जाता है। जवाहर वानरा की बड़ी हार की एक वजह ये भी रही।

2. सोनाराम बोदरा

भाजपा की ओर से जिस दूसरे प्रत्याशी की चर्चा हो रही है वो हैं सरायकेला जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा। सोनाराम बोदरा ने चंपई सोरेन के साथ ही झामुमो छोड़कर भाजपा ज्वाइन किया है. रांची में उन्होने भाजपा में शामिल होते वक्त जिस तरह भीड़ जुटाई, उसकी चर्चा रांची तक थी। स्थानीय पत्रकार बताते हैं कि चंपई सोरेन सोनाराम बोदरा को टिकट दिलाने के लिए पैरवी कर रहे हैं। सोनाराम बोदरा हो समाज से आते हैं। इलाके में हो आदिवासियों की अच्छी खासी संख्या है। सोनाराम बोदरा की सभाओं में भीड़ भी जुट रही है।

3. गणेश महली

अगर अर्जुन मुंडा या उनकी पत्नी मीरा मुंडा खुद नहीं लड़े तो वे अबतक सरायकेला से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ते रहे गणेश महली को खरसावां से लड़वा सकते हैं। गणेश महली अर्जुन मुंडा के करीबी माने जाते हैं। उनके पास चुनाव लड़ने के लिए संसाधनों की कमी नहीं।

भाजपा और झामुमो के अलावा खरसावां में इस बार तीसरे मोर्चे की भी खूब चर्चा है। ये है जयराम महतो की पार्टी की। खइङरर खुद चुनाव लड़कर जीत सकेंगे इसकी उम्मीद कम है, लेकिन वो खरसावां विधानसभा क्षेत्र में 12 से 15 हजार वोट लाकर बड़ी पार्टियों की जीत-हार के समीकरण बदल देंगे। खइङरर से दो उम्मीदवार टिकट की रेस में हैं। पांडुराम हायबुरु और खूंटपानी प्रखण्ड प्रमुख सिद्धार्थ होनहागा।

अगर खरसावां विधानसभा के बड़े मुद्दों की बात करें तो

1. 2011 में अर्जुन मुंडा ने 152 करोड़ की लागत से कोल्हान के सबसे बड़े अस्पताल की आधारशीला रखी थी। ये अस्पताल आजतक बनकर तैयार नहीं हुआ

2. खरसावां सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की हालत बहुत खराब है। खपड़ैल के जर्जर भवन में चल रहा है। वो शायद खरसावां राजघराने का भवन है।

3. अर्जुन मुंडा के जमाने में हुए काम को खरसावां के लोग आज भी याद करते हैं। लेकिन महतो वोटर की नाराजगी और बड़ा हाई-फाई नेता होने का आरोप भी लोग लगाते हैं।

निष्कर्ष:स्थानीय पत्रकारों का आकलन है कि दशरथ गागरई को कोई हरा सकता है तो वे अर्जुन मुंडा ही हैं। लेकिन अर्जुन मुंडा से महतो वोटर नाराज हैं। दूसरी बात जो स्थानीय पत्रकारों ने बताई कि अर्जुन मुंडा के लोगों ने उनका बहुत नुकसान पहुंचाया है। आम लोगों को अर्जुन मुंडा से मिलने ही नहीं देते। सिर्फ बड़े-बड़े ठेकेदार और जमशेदपुर-आदित्यपुर के धन्नासेठ डेरा डाले रहते हैं। इससे अर्जुन मुंडा की छवि प्रभावित हुई है। (लेखक एनएमएफ से जुड़ें हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### चुनौती और समाधान

मोदी सरकार ह्यएक देश, एक चुनावह्न, ह्यएक देश, एक पेंशनह्न, ह्यएक देश, एक कार्डह्न, ह्यएक देश, एक संविधानह्न और ह्यएक देश, एक भाषाह्न जैसे मुद्दों पर तेजी से काम कर रही है। भाजपा (एनडीए) ने सत्ता में आते ही जनहित और देशहित में कार्य आरंभ किया, जिससे लोगों को सरलता और सुलभता मिल सके। इसके विपरीत, कांग्रेस की कार्य प्रणाली एक परिवार के हितों के इर्द-गिर्द घूमती है।

**- शकुंतला, कोडरमा**

### सार्थक नसीहत

जज सुनवाई के दौरान किसी भी अवांछित टिप्पणी से बचें। यह महत्वपूर्ण टिप्पणी सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की है। हाल ही में, कर्नाटक के एक न्यायाधीश ने राज्य के एक भूभाग को पाकिस्तान जैसा बताने की टिप्पणी की, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए सुनवाई की। न्यायाधीश ने माफी मांग ली। कोर्ट ने कहा कि ऐसी टिप्पणियां क्षेत्रीय अखंडता के विपरीत हैं। **- वीरेंद, रांची**

## एक्स - ट्वीट

**मोदी** जी गरीबों की जेब से 'तूफान' की तरह पैसा निकाल कर, 'सुनामी' की तरह अडानी जी की तिजोरी में डाल रहे हैं।

मेरा लक्ष्य है - जितना पैसा उन्होंने अपने 'मित्रों' को दिया है, उतना पैसा मैं हिंदुस्तान के गरीबों, शोषितों और वंचितों को दूंगा।

**- राहुल गांधी, सांसद कांग्रेस**

**आज** का दिन गांडेय और गिरिडीह के विकास के नाम समर्पित! वर्षों से रुके हुए विकास कार्यों को आगे बढ़ाते हुए, आज मैंने गाँडेय विधानसभा में विभिन्न सड़क और निर्माण परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

**- कल्पना मुर्मू सोरेन, विधायक, गांडेय**

# देश को सशक्त स्त्री विमर्श की जरूरत

**हृदयनारायण दीक्षित**

सामयिक

देश स्त्री उत्पीड़न की घटनाओं से चिंतित है। यह समाज और राज दोनों के लिए पीड़ादायी है। स्त्री उत्पीड़कों को दण्डित करने के लिए अनेक कानूनी प्रावधान हैं। कानून पालन कराने वाले शासकीय तंत्र द्वारा अपना काम किया जा रहा है। लेकिन समाज में ऐसी घटनाओं पर समुचित चिंतन नहीं हो रहा है। हम सहस्त्रों वर्ष प्राचीन राष्ट्र हैं। संस्कृति ही समाज की गतिशीलता तय करती है। संस्कृति ही राष्ट्रजीवन की संचालक है। स्त्री-पुरुष सम्बंधों पर वैदिक काल में काफी चिन्तन हुआ था। संस्कृति की महत्ता का चिन्तन इसलिए और जरूरी है कि भारत का राष्ट्रजीवन संस्कृति और दर्शन के क्षेत्र में बहुप्रतिष्ठित था और समाज के नियमन का काम करता रहा है। स्त्री महत्ता और प्रतिष्ठा के अनेक सूक्त ऋग्वेद से लेकर आधुनिक काल तक विद्यमान हैं। स्मृतियों में दीर्घकाल तक अविवाहित बने रहने की आलोचना की गई है और गृहस्थ धर्म की प्रशंसा। विवाहित होना सम्मानीय था। एक सुंदर मंत्र में अग्नि से प्रार्थना है कि वह सभी देवों को पत्नी सहित लाएं। पत्नी हीन पुरुष को यज्ञ करने के अधिकार से वंचित किया गया है।

भारतीय समाज में स्त्रियां प्रत्येक स्थिति में सम्मानीय रही हैं। वैदिक काल में स्त्री सम्मान की अनेक कथाएं चलती थीं। वैदिक काल की एक प्रतिष्ठित महिला मुदग्लानी हैं। वह रथ पर चढ़ कर युद्ध में हिस्सा लेती थीं। उनकी वीरता की प्रशंसा थी। युद्ध के वर्णन में कहा गया है कि, ह्यह्ययुद्ध के समय उनके वस्त्रों का संचालन वायु देव ने किया था।ह्यह्य ऋग्वेद के अनुसार युद्ध में विपशला का पैर कट गया। अश्वनी देवों ने उसे धातु का पैर लगा दिया था। पति और पत्नी को मिला कर दंपत्ति बनता है। दंपत्ति में नारी की प्रतिष्ठा है। दंपत्ति स्त्री-पुरुष दोनों से मिल कर बना है। ऋग्वेद में अनेक सूक्तों में किसी न किसी रूप में स्त्री सम्मान का तत्व मौजूद है। सृष्टि की उत्पत्ति जल से होने का तथ्य चार्ल्स डार्विन ने भी स्वीकार किया है। ऋग्वेद में ह्यआपः मातरमह्य- जलमाताओं को नमस्कार किया गया है। सृष्टि के आदितत्व की खोज महत्वपूर्ण अभिलाषा है। लेकिन उसे स्त्रीलिंग में याद करना स्त्री का आदर है। ऐसा यूनान में भी नहीं रहा। ऐसे ही ऋग्वेद में अदिति नाम की एक महादेवी अदिति हैं। वह अखण्ड अस्तित्व हैं। कहा गया है, ह्यह्यइस अस्तित्व के सभी तत्व अदिति हैं। अब तक जो कुछ हो गया है और जो कुछ भविष्य में होगा वह सब अदिति है।ह्यह्य ऋग्वेद का सूक्त पठनीय है। अदितिः द्यौः अदितिः अन्तरिक्षं अदितिः माता सः पिता सः पुत्रः अदितिः विश्वेदेवाः अदितिः पंचजनाः अदितिः जातम जनित्वम-द्युलोक अदिति है, अंतरिक्ष उसके नीचे है, वह भी अदिति है, माता-पिता-पुत्र सब अदिति हैं, सारे देव अदिति हैं, जो पंचजन सप्तसिन्धु में निवास करते हैं, वह सब अदिति हैं। जो कुछ उत्पन्न हुआ है और जो कुछ आगे उत्पन्न होगा, वह सब अदिति है। (ऋग्वेद 1.89.10) इस तरह एक अद्वैत शक्ति की अनुभूति देवी के रूप में की गई है। यूनानी देवतंत्र में अदिति के समान भाव और गूढ़ दार्शनिक अर्थ रखने वाली कोई भी देवी नहीं है। विवाह नाम की संस्था का विकास धीरे-धीरे हुआ है। ऋग्वेद के रचनाकाल तक विवाह संस्था का समुचित विकास हो रहा था। ऋग्वेद में अनेक मंत्रों में विवाह की प्रतिष्ठा है। विवाह सूक्त के एक सुंदर मंत्र में नववधु को आशीर्वाद दिया गया है और नववधु को शुभकामनाएं देते हुए कहा गया है कि, ह्यह्ययह नववधु दीर्घकाल तक जिए। दीर्घकाल तक काम करे। ससुर और सभी परिजनों पर शासन करे।ह्यह्य यह भारतीय संस्कृति का प्राचीन तत्व है। परंपरा पीछे सहस्त्रों वर्ष से चली आ रही है। किसी स्त्री को तंग करने और परेशान करने की कोई छूट प्राचीन परंपरा में नहीं है। तुलसीदास जी ने स्त्री अपमान के विरुद्ध चौपाई में कहा है, ह्यह्यअनुज बधू भगिनी सुत नारी/सुनु सठ ए कन्या सम चारी/इन्हहि कुदृष्टि बिलोकइ जोई/ताहि बधे कछु पाप न होई।- तुलसीदास ने स्त्री उत्पीड़क को सीधे मौत की सजा सुनाई है। कानून अपना काम करे और समाज अपना। समाज के लिए वर्तमान समय चुनौतीपूर्ण है।

भारत में नारी की स्थिति सभी कालों में सम्माननीय रही है। उन्हें मातृशक्ति की संज्ञा दी गई है। पूर्वजों ने स्त्री को समाज का संरक्षक माना है। बृहदारण्यक उपनिषद के अनुसार एक समय राजा जनक ने विद्वानों की सभा बुलाई थी। बहुत दूर-दूर के विद्वान इस गोष्ठी में सम्मिलित थे। उनमें से एक गार्गी भी थी। विद्वानों की सभा में गार्गी ने याज्ञवल्क्य से सीधे सवाल पूछे थे। पूछा गया था कि, यह संपूर्ण अस्तित्व किस तत्व पर टिका हुआ है?

# अगस्टिना सोरेन को महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में राष्ट्रीय पुरस्कार

**बासुकीनाथ पाण्डेय**

सम्मान

मार्था फैरेल फाउंडेशन ने महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता में उत्कृष्टता के लिए 8वें वार्षिक मार्था फैरेल पुरस्कार के लिए पुरस्कार समारोह की मेजबानी की। यूनेस्को नई दिल्ली क्लस्टर कार्यालय में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित पुरस्कार समारोह में लैंगिक समानता की दिशा में उनके अथक प्रयासों के लिए इस वर्ष के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता में उत्कृष्टता के लिए मार्था फैरेल पुरस्कार डॉ. फैरेल और उनके आदर्शों की याद में 2016 में स्थापित किया गया था। यह मध्य-कैरियर वाले व्यक्तियों और प्रतिबद्ध संस्थानों की खोज, पहचान और सम्मान करने की अपनी तरह की पहली पहल है, जिन्होंने महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता से संबंधित कार्य के क्षेत्रों में बहुमूल्य योगदान दिया है।

वार्षिक पुरस्कार दो श्रेणियों में दिया जाता है - मोस्ट प्रोमिसिंग इंडिवीडियल फॉर जेंडर मैनस्ट्रीमिंग और लैंगिक समानता के लिए सर्वश्रेष्ठ संगठन। 2020 से, मोस्ट प्रोमिसिंग इंडिवीडियल फाइनलिस्टों को प्रत्येक श्रेणी में एक विशेष जूरी पुरस्कार दिया गया है। विशेष रूप से डिजाइन की गई ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र के साथ, प्रत्येक विजेता को नकद पुरस्कार भी मिलता है।

मोस्ट प्रोमिसिंग इंडिवीडियल फॉर जेंडर मैनस्ट्रीमिंग पुरस्कार 25 से 40 वर्ष की आयु के बीच किसी भी लिंग के किसी भी पेशेवर को दिया जाता है, जिसने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और रोजमर्रा की जिंदगी में नारीवाद को बढ़ावा देने के लिए कम से कम पिछले पांच वर्षों से लगातार काम किया है।

8वें मार्था फैरेल पुरस्कार के लिए नामांकन 17 जनवरी 2024 को खोले गए और 15 मई 2024 को बंद कर दिए गए। भारत के 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कुल 251 नामांकन प्राप्त हुए थे। इस प्रक्रिया के बाद, चार विजेताओं - दो व्यक्तियों और दो संस्थानों - को 8वें मार्था फैरेल पुरस्कार के विजेता के रूप में चुना गया। व्यक्तिगत श्रेणी के फाइनलिस्टों में झारखंड की एक सामाजिक कार्यकर्ता ऑगस्टिना सोरेंग; उत्तर प्रदेश की पत्रकार कविता बुन्देलखण्डी; जी नैन्सी एंजेलिन, कर्नाटक की एक डॉक्टर; हमीदा खातून, उत्तर प्रदेश की एक सामाजिक कार्यकर्ता;




और असम की वकील तानिया सुल्ताना लस्कर शामिल थी । 8वें मार्था फैरेल पुरस्कार का विजेता - सबसे मोस्ट प्रोमिसिंग इंडिवीडियल फॉर जेंडर मैनस्ट्रीमिंग , ऑगस्टिना को दिया गया।

सोरेंग, झारखंड के सिमडेगा जिले की रहने वाली एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं, जो भारत के संविधान के तहत गारंटीकृत अधिकारों के अनुसार आदिवासी महिलाओं और लड़कियों के उत्थान के लिए स्वतंत्र रूप से काम कर रही हैं। ऑगस्टिना का काम समाज के विभिन्न वर्गों तक फैला हुआ है, जिसका उद्देश्य विशेष रूप से आदिवासी महिलाओं को प्रभावित करने वाले मुद्दों, जैसे प्रवासन, मानव तस्करी, डायन-शिकार, घरेलू हिंसा, यौन हिंसा, वन अधिकार और भूमि अधिकार के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

विशेष जूरी पुरस्कार - व्यक्तिगत का विजेता, असम के बराक घाटी की एक नारीवादी वकील तानिया सुल्ताना लस्कर को दिया गया। अल्पसंख्यक समुदायों की महिलाओं को कानूनी सहायता प्रदान करके, तान्या दस्तावेजीकरण, कानूनी हस्तक्षेप, कानूनी अनुसंधान और हाशिए पर रहने वाले समुदायों में कानूनी साक्षरता के निर्माण के माध्यम से लोगों के लिए न्याय तक पहुंच को आसान बनाने के लिए काम करती है। वह जमीनी स्तर के समुदायों के लिए एक निःशुल्क वकील के रूप में काम करती हैं, साथ ही कानूनी क्षेत्र में नए बदलाव लाने के लिए रणनीतिक मुकदमों में भी संलग्न रहती हैं। संगठन श्रेणी के फाइनलिस्टों में यह संस्थाएँ शामिल थीं: पश्चिम बंगाल से हिल सोशल वेलफेयर सोसाइटी; तमिलनाडु से थेन्ड्रल मूवमेंट; तमिलनाडु से पेरीफेरी ; पश्चिम बंगाल से गोरानबोस ग्राम विकास केंद्र; कर्नाटक से महिला अभिवृद्धि मद्दू संरक्षण संस्था; और नागालैंड से द एंटरप्रेन्योर्स एसोसिएट।

लैंगिक समानता के लिए सर्वश्रेष्ठ संगठन की श्रेणी में आठवां मार्था फैरेल पुरस्कार, कर्नाटक के बेलगाम जिले में स्थित, महिला अभिवृद्धि मद्दू संरक्षण संस्था (एमएएसएस) को दिया गया। 1997 में स्थापित, टअरर पूर्व-देवदासी महिलाओं के नेतृत्व वाला एक सदस्यता संघ है, जो देवदासी प्रथा को खत्म करने और दलित महिलाओं और बच्चों को सशक्त बनाने, उनके अधिकारों, आजीविका और सम्मान का जीवन सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है। विशेष जूरी पुरस्कार, गोरानबोस ग्राम विकास केंद्र (जीजीबीके) को दिया गया, जो लैंगिक समानता और मानवाधिकार को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक गैर-लाभकारी संगठन है। 1985 में पश्चिम बंगाल के सुंदरबन क्षेत्र में स्थापित, जीजीबीके मानव तस्करी, बाल और महिलाओं के अधिकारों और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों जैसे मुद्दों पर वंचित समुदायों के साथ काम करती है।

यह पुरस्कार जीतना हमारी मिशन का एक शक्तिशाली सत्यापन है।

टीम के लिए के लिए मार्था फैरेल पुरस्कार जीतना बहुत गर्व और प्रोत्साहन की बात है। **- डॉ. सीतावा जोदत्ती, सीईओ,**

# सांसद मनीष जायसवाल की अध्यक्षता में दिशा की बैठक का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** जिला समाहरणालय सभाकक्ष में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल की अध्यक्षता में सोमवार को डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कोऑर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमिटी डीडीसीएमसी/दिशा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में रामगढ़ विधायकसुनीता चौधरी, उपायुक्त चंदन कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी सहित अन्य उपस्थित हुए।

सर्वप्रथम बैठक में पूर्व में हुई दिशा की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की सभी को विस्तार से जानकारी दी गई। जिसकी क्रमवार समीक्षा करते हुए पोटो हो खेल विकास योजना के तहत संचालित खेल मैदानों की सूची को लेकर सांसद द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों को उनके क्षेत्र में संचालित पोटो हो खेल मैदान की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही उनके द्वारा खेल मैदान का उपयोग कर ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को खेल की दिशा में आगे बढ़ाने का निर्देश दिया गया।

जेएसएलपीएस के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए सांसद द्वारा वर्तमान में जिले में संचालित सखी मंडलों एवं उन्हें मिल रहे लाभ की जानकारी ली गई। मौके पर विभिन्न उपायों से जेएसएलपीएस के संगठनों को मजबूत करने, रोजगार से अधिक से अधिक जोड़ने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

विद्युत संबंधित योजनाओं की समीक्षा करते हुए सांसद द्वारा वर्तमान में विद्युत आपूर्ति, ट्रांसफार्मर की मरररम्मति आदि की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही उन्होंने नए कनेक्शन हेतु प्राप्त आवेदनों को भी त्वरित निष्पादित करने का निर्देश दिया। सामाजिक सुरक्षा शाखा अंतर्गत संचालित विभिन्न राष्ट्रीय व राज्य पेंशन योजनाओं की समीक्षा के क्रम में सभी योग्य लाभार्थियों को योजनाओं से आच्छादित करने का निर्देश दिया।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत चल रहे कार्यों को लेकर जानकारी लेते हुए सांसद द्वारा कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क समस्याओं पर विशेष ध्यान देने, सड़क की स्थिति को देखते हुए सर्वे करने तथा सड़क निर्माण से संबंधित प्रस्ताव उपलब्ध कराने को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

सांसद मनीष जायसवाल द्वारा सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत संचालित प्रोजेक्ट इंपैक्ट, पाठ्यपुस्तक वितरण, पोशाक डीबीटी आदि की जानकारी लेते हुए ससमय कार्यों को संचालित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही उन्होंने मध्यान भोजन को लेकर विद्यालयों में निर्धारित रोस्टर का अनुपालन सुनिश्चित करने, सभी विद्यालयों की दीवारों पर मध्यायन भोजन का रोस्टर अंकित होना सुनिश्चित करने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर उनके द्वारा सेंट्रलाइज्ड किचन निर्माण की स्थिति की भी जानकारी ली गई एवं आवश्यक निर्देश दिए गए। समेकित बाल विकास योजना के तहत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों की समीक्षा के क्रम में माननीय सांसद ने वर्तमान में सरकारी भवनों तथा निजी भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों की जानकारी ली एवं योजनाबद्ध तरीके से आने वाले समय में निजी भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों को सरकारी भवनों में संचालित करने को लेकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के क्रम में सांसद द्वारा सदर अस्पताल रामगढ़ सहित अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली गई। मौके पर उन्होंने सामान्य डिलीवरी आदि का प्रचार प्रसार करने, नियमित टीकाकरण अभियान, ट्रॉमा सेंटर आदि को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

जलापूर्ति योजनाओं की समीक्षा के क्रम में सांसद द्वारा कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़ से वर्तमान में जिले के अलग-अलग क्षेत्र में संचालित जलापूर्ति योजनाओं की जानकारी ली गई। मौके पर उन्होंने जिले के अलग-अलग क्षेत्र में खराब पड़ी जलापूर्ति योजनाओं अथवा अन्य समस्याओं से बंद पड़े जलापूर्ति योजनाओं को लेकर बृहद रूप से सर्वे करने तथा योजनाबद्ध तरीके से जलापूर्ति योजनाओं की मरम्मती सुनिश्चित करने को लेकर चर्चा के क्रम में आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक के दौरान एनएचएआई के अधिकारियों से चूट्टूपालू घाटी में हो रही सड़क दुर्घटनाओं में एलाइनमेंट तथा लाइट का नियमित रूप से कार्य नहीं करने को लेकर सांसद द्वारा कार्यों को गंभीरता से लेने तथा तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान गोला मार्केटिंग परिसर के सफल संचालन, ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट निर्गत किए जाने, आदि को लेकर बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।



## आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण माह को लेकर कार्यशाला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़।** बिष्णुगढ़ प्रखंड के अलपिटो पंचायत अंतर्गत ग्राम हेठली बोदरा आंगनबाड़ी केन्द्र में पोषण माह के अवसर पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । आयोजन के दौरान सर्वप्रथम पंचायत समिति सदस्य घनश्याम पाठक के द्वारा फीता काटकर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया श्री पाठक नेलोगों को बतलाया कि आंगनबाड़ी से ही बच्चे आगे बढ़ते हैं इसलिए अपने बच्चों को पोषण की सही जानकारी के लिए ऐसे कार्यक्रम में शामिल होना चाहिए। आंगनबाड़ी सेविका ममता देवी ने बताई की प्रसव के पूर्व भी अपने सेहत पर गर्भवती महिलाओं को ख्याल रखना है साथ ही प्रसव होने पर 6 महीना तक बच्चों को बाहरी आहार नहीं देना है 6 माह के बाद सभी तरह के आहार जिससे बच्चों को सही पोषण मिल सके और आंतरिक मजबूती हो इसका ध्यान रखते हुए अवश्य ही बच्चों को आहार देना चाहिए इस अवसर पर सहायिका लीलावती देवी सावित्री देवी जीबाधन यादव (डीलर) रामेश्वर यादव राहुल कुमार यादव देवनारायण पंडित नेतल यादव सावित्री देवी समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## गोंदुलपारा कोयला खनन परियोजना द्वारा नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बड़कागांव।** गोंदुलपारा कोयला खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन की ओर से बड़कागांव में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महुगाई कला मुखिया बेबी कुमारी और चंदौल पंचायत उपमुखिया शमशेर आलम ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। इस अवसर पर दोनों जनप्रतिनिधियों ने इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य पहल को सुविधाजनक बनाने में अदाणी फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना की।




शिविर में विभिन्न आयु वर्गों के 140 से अधिक ग्रामीणों का नि:शुल्क इलाज किया गया। अब जल्द ही दृष्टि दोष वाले मरीजों के बीच नि:शुल्क चश्मों का भी वितरण किया जाएगा। नेत्र रोग विशेषज्ञों और गैर सरकारी संगठन हेल्पएज इंडिया के सहायक कर्मचारियों की कुशल टीम ने पूरे शिविर में कार्यक्रम के दौरान अपनी सेवाएं दीं। शिविर के दौरान ग्रामीणों के बीच दृष्टि दोष, कमजोर नजर और मोतियाबिंद जैसी बीमारियां मिली। मौके पर डॉक्टरों ने मरीजों को आंखों के स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया और दृष्टि दोष का पता लगाते हुए ग्रामीणों को आवश्यक उपचार परामर्श भी दिए।

## शारदीय नवरात्र की शुरूआत 3 अक्टूबर से मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की होगी आराधना



### शारदीय नवरात्रि तिथियां

- 3 अक्टूबर 2024, गुरुवार मां शैलपुत्री (पहला दिन) प्रतिपदा तिथि
- 4 अक्टूबर 2024, शुक्रवार मां ब्रह्मचारिणी (दूसरा दिन) द्वितीया तिथि
- 5 अक्टूबर 2024, शनिवार मां चंद्रघंटा (तीसरा दिन) तृतीया तिथि
- 6 अक्टूबर 2024, रविवार मां कुष्मांडा (चौथा दिन) चतुर्थी तिथि
- 7 अक्टूबर 2024, सोमवार मां स्कंदमाता (पांचवा दिन) पंचमी तिथि
- 8 अक्टूबर 2024, मंगलवार मां कात्यायनी (छठा दिन) षष्ठी तिथि
- 9 अक्टूबर 2024, बुधवार मां कालरात्रि (सातवां दिन) सप्तमी तिथि
- 10 अक्टूबर 2024, गुरुवार मां महागौरी (आठवां दिन) दुर्गा अष्टमी
- 11 अक्टूबर 2024, शुक्रवार महानवमी, (नौवां दिन) शरद नवरात्र व्रत पारण
- 12 अक्टूबर 2024, शनिवार मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन, दशमी तिथि (दशहरा)

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रजरप्पा।** मां दुर्गा की विशेष आराधना को समर्पित शारदीय नवरात्र पंचांग के अनुसार इस वर्ष 3 अक्तूबर 2024, गुरुवार से शारदीय नवरात्रि आरंभ हो रही है, जो 11 अक्तूबर 2024 को समाप्त होगी। वहीं 12 अक्तूबर को दुर्गा विसर्जन होगा। पुजारी छोटू पंडा के अनुसार, नवरात्र के दौरान व्रत धारण कर पूरी श्रद्धा से मां दुर्गा की पूजा अर्चना करने से वह अपने भक्तों पर प्रसन्न होती हैं। जिससे सुख, समृद्धि, धन-ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। घरों में अखंड जोत जलाने के साथ इन नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा होती है।

## ग्रामीणों की सेवा में आजसू का प्रत्येक कार्यकर्ता समर्पित : रोशनलाल चौधरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बड़कागांव।** प्रखंड के गरसुल्ला पंचायत के ग्राम चानो में पानी के तेज बहाव के कारण ग्रामीणों के आवागमन हेतू रास्ता छतिग्रस्त हो गया था। जिसकी जानकारी आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी को दिया गया। सूचना मिलते ही आजसू नेता रौशन लाल चौधरी ने अपने आजसू पार्टी कार्यकताओं को खराब पड़े सड़क पर मोरम डालकर रास्ते का मरम्मति करने का निर्देश दिया। जिसका अनुपालन करते हुए आजसू कार्यकताओं रास्ता को ठीक करने के कार्य में लग गए जिसका जायजा लेने आजसू रोशनलाल चौधरी चानो पहुंचे और लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा की ग्रामीणों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए मैं और हमारे पार्टी कार्यकर्ता दिन रात जनहित के कार्यों में लगे हुए हैं। उक्त सड़क की मरम्मत होने से हजारों ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। मौके पर केंद्रीय सदस्य सुनिल उरांव, महेश महतो, कैलाश महतो, राजेंद्र सर, सुरेश महतो, मेघन यादव, सोहर महतो, मुकेश महतो, संतोष महतो, मनोज, सुरेंद्र, कमलेश महतो, अब्बास अंसारी, फूलचंद महतो आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**दारू।** दुर्गा पूजा को लेकर सोमवार को थाना परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी हारून रशीद की अध्यक्षता मे शांति समिति की बैठक की गई। तथा बैठक का संचालन थाना प्रभारी सफीक खान ने किया। बैठक मे बीडीओ ने लोगों से अपील करते हुए कहा पूजा को शांतिपूर्ण सौहार्द के साथ मनाए। वही थाना प्रभारी सफीक खान ने कहा की डीजे पूर्ण प्रतिबंध है इसके साथ सभी अखाड़ाधारी को सीसीटीवी कैमरा, अग्निशमन संयंत्र की व्यवस्था जरूर रखें। वही दारू एवं झुमरा दुगार्पूजा समिति के लोगों ने चलन शौचालय की भी मांग की। इस मौके पर एएसआई गणेश हासदा, अभिषेक कुमार, सुरेश साव, संजीत कुमार, शेखर गुप्ता, सुलेमान मियां, शमसुद्दीन मियां, विजय कुमार, उस्मान अंसारी, राकेश कुमार, भैया संतोष सिन्हा, कृष्ण चंद्र यादव, जैनुल अंसारी, रविंद्र कुमार कैलाश प्रसाद इत्यादि कई लोग मौजूद थे।

## जल्द ही सिलाई एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रारंभ किया जाएगा: जगेश्वर

**कुजू।** मोतीराम कॉम्प्लेक्स बोंगावार में उज्जवला फाउंडेशन की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति व संचालन मनसरी देवी ने किया। बैठक के दौरान सदस्यों ने लेखा-जोखा प्रस्तुति कर फाउंडेशन का उत्थान पर विचार विमर्श किया। साथ ही, पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से फाउंडेशन में नए सदस्यों को जोड़ने का निर्णय लिया गया।



जिसमे पहले चरण के तहत 50 नए सदस्यों को संस्था में जोड़ा गया। साथ ही, उनका स्वागत किया गया। इस दौरान संस्था अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने सदस्यों को शपथ दिलाते हुए संस्था के प्रति निष्ठावान होकर कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जल्द ही सिलाई एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रारंभ किया जाएगा। बैठक में सुखदेव सोनी, वीणा कुमारी, शांति देवी, सुमन देवी, सुनीता देवी, अर्चना देवी, सुषमा देवी, फुल कुमारी, काजल, चिंता, दीपू, गुड़िया, आशा, आरती देवी, बेबी देवी, कौशल्या देवी समेत कई सदस्य मौजूद रहे।

# झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के हजारों सदस्य 03 अक्टूबर से रहेंगे हड़ताल पर, होगा ब्लैक आउट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** अपनी 6 सूत्री मांगों को लेकर झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के हजारों सदस्य 03 अक्टूबर से हड़ताल पर जा रहे है। इसकी तैयारी को लेकर झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय ने सोमवार को रामगढ़ सर्किल में बैठक कर तैयारी का जायजा लिया। बैठक की अध्यक्षता संघ के सर्किल अध्यक्ष परशुराम सिंह यादव ने की ।




बैठक में संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि पूरे राज्य में आउटसोर्स अभिशाप के रूप में देखा जा सकता है । हर जगह लूट खसोट चरम पर है और सरकार कुंभकरनी निद्रा में सोए हुए हैं ।ऐसे में हड़ताल के अलावा हमारे पास कोई दूसरा विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य के विद्युत कर्मी आक्रोश में है और सरकार से आर पार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं ।इसी को लेकर रामगढ़ सर्किल की बैठक में हड़ताल की तैयारी का जायजा लिया। उन्होंने दावा किया कि हड़ताल में लगभग 7000 विद्युत कर्मी शामिल हो रहे हैं और ऐसे में पूरे राज्य को ब्लैकआउट होने से कोई बचा नही सकता।

कहा कि ऊर्जा निगम के अंदर एक संगठित सिंडिकेट काम कर रहा है जिससे नियमित कर्मचारियों से लेकर मानव दिवस कमी परेशान है। एक ओर डीजनेशन मैपिंग के नाम पर अधिकारियों को तो प्रणति दे दी गई लेकिन कर्मचारियों को उनका अधिकार देने में भेदभाव किया जा रहा है जिसके कई उदाहरण है जिसका विरोध हर स्तर पर श्रमिक संघ करने पर विवश है ।

कहा कि केंद्र सरकार ने भी न्यूनतम मजदूरी की दर में बढ़ोतरी कर श्रमिक हित में फैसला लिया है जो स्वागत योग्य है। कहा की देखना अब झारखंड सरकार को है की वो कब इस संबंध में निर्णय लेता है ।

बैठक में परशुराम यादव, राजकुमार महतो, भीम कुमार रवि, विजय महतो, मेराज अंसारी, सुनील कुमार, अभिमन्यु महतो, अशोक कुमार रवि, अरुण महतो, मुनिलाल महतो, संजय पासवान, राजकुमार पासवान, किसून कुमार, जय प्रकाश, अजय कुमार राणा, जुगनू प्रसाद, ब्रजेश कुमार, विकास कुमार, संतोष महतो, हरिनाथ महतो, बैजू कुमार, कुंदन ओहदार, दिलीप कुमार, सुभाष बेदिया, मनोज यादव, प्रसादि महतो, रमेश महतो, लीलू कुमार, सुजीत कुमार, जागेश्वर मुंडा, डीवडिप महतो, महेंद्र महतो, इस्माइल अंसारी, गुलाब कुमार, प्रताप कुमार, दीपचंद करमाली, टार्जन कुमार महतो, जगमोहन मुंडा, वॉसिस्ट कुमार, प्रमानंद मंडल, ब्रेजेस कुमार, मनोज महतो, नरेश महतो आदि शामिल हुए।

### श्रमिक संघ की मांग

आउटसोर्स व्यवस्था खत्म कर पुरानी व्यवस्था लागू हो, होमगार्ड के तर्ज पर विद्युत कर्मियों का भी मानदेय 1000 रुपए से ऊपर अनुभव के आधार पर चार वर्गों में तय हो, नियमित नियुक्ति में प्राथमिकता तय हो, 10 वर्ष से ऊपर सेवा देने वाले कर्मियों की नियमित नियुक्ति हो, सभी सप्लाई एवम ट्रांसमिशन जोन में हुए एरियर घोटाले की जांच हो और जहां एरियर नहीं दिया गया है वहां पर उसका भुगतान सुनिश्चित हो।

प्रपत्र VII

## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
### (भू-अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

**अधिघोषणा**

(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)

ज्ञापांक:–1180/भू0अ0 — दिनांक:– 25.09.2024

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता, चतरा को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा **परियोजना– कठौतिया–शिवपुर न्यू बी0 जी0 रेलवे लाईन** हेतु ग्राम– **कटिया**, थाना नं0– **165**, थाना– **सिमरिया**, अंचल– **सिमरिया**, जिला– **चतरा** में कुल रकबा **3.445** एकड़ यानि **1.39417** हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खंड है, जो मानक माप से कमोवेश **3.445** एकड़ यानि **1.39417** हेक्टेयर है और जो ग्राम– **कटिया**, थाना नं0– **165**, थाना– **सिमरिया**, अंचल– **सिमरिया**, जिला– **चतरा** में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है:–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा संरचना उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 73 | 279 P | रैयती | धान II | 0.06 | मिथलेश पाण्डेय पिता–स्व0 अम्बिका पाण्डेय | प्लॉट सं0 276 | प्लॉट सं0 280 | प्लॉट सं0 281 | प्लॉट सं0 279 शेष |
| 2 | 84 | 281 | रैयती | धान II | 0.40 | गुनी ठाकुर वगैरह पिता–स्व0 गौरी ठाकुर एवं अन्य। | प्लॉट सं0 274 | प्लॉट सं0 284 | आहार पिण्ड | प्लॉट सं0 279 |
| 3 | 84 | 281 | रैयती | धान II | 0.16 | जगतप्रताप सिंह पिता–स्व0 मुखलाल सिंह एवं अन्य | प्लॉट सं0 274 | प्लॉट सं0 284 | आहार पिण्ड | प्लॉट सं0 279 |
| 4 | 75 | 285 P | रैयती | टांड II | 0.47 | अजीत कुमार पाण्डेय पिता–स्व0 ज्ञानीदत पाण्डेय | प्लॉट सं0 284 | प्लॉट सं0 286 | प्लॉट सं0 284 | प्लॉट सं0 222 |
| 5 | 75 | 285 P | रैयती | टांड II | 0.07 | तारा देवी पति–स्व0 भवानी पाण्डेय | प्लॉट सं0 284 | प्लॉट सं0 286 | प्लॉट सं0 284 | प्लॉट सं0 222 |
| 6 | 78 | 286 P | रैयती | – | 0.11 | बालेश्वर पाण्डेय वगैरह पिता–स्व0 गयादत पाण्डेय एवं अन्य। | प्लॉट सं0 285 | सरहद मुरवे | प्लॉट सं0 284 | प्लॉट सं0 285 |
| 7 | 75 | 313 P | रैयती | धान I | 0.01 | दिवाकर पाण्डेय वो दामोदर पाण्डेय पिता–स्व0 बनारस पाण्डेय | प्लॉट सं0 314 | प्लॉट सं0 313 शेष | प्लॉट सं0 313 शेष | प्लॉट सं0 283 |
| 8 | 75 | 314 P | रैयती | धान I | 0.04 | तारा देवी पति–स्व0 भवानी पाण्डेय | प्लॉट सं0 315 | प्लॉट सं0 313 | प्लॉट सं0 315 | प्लॉट सं0 283 |
| 9 | 78 | 317 P | रैयती | धान I | 0.05 | बालेश्वर पाण्डेय वगैरह पिता–स्व0 गयादत पाण्डेय एवं अन्य। | प्लॉट सं0 324 | प्लॉट सं0 315 एवं 316 | प्लॉट सं0 317 शेष | प्लॉट सं0 317 शेष |
| 10 | 78 | 317 P | रैयती | धान I | 0.05 | दिवाकर पाण्डेय वो दामोदर पाण्डेय पिता–स्व0 बनारस पाण्डेय | प्लॉट सं0 324 | प्लॉट सं0 315 एवं 316 | प्लॉट सं0 317 शेष | प्लॉट सं0 317 शेष |
| 11 | - | 322 P | रैयती | धान I | 0.01 | राजेन्द्र पाण्डेय वगैरह पिता–स्व0 भुनेश्वर पाण्डेय | प्लॉट सं0 322 शेष | प्लॉट सं0 323 | प्लॉट सं0 323 एवं 354 | प्लॉट सं0 322 शेष |
| 12 | 96 | 325 P | रैयती | धान I | 0.07 | अजीत कुमार पाण्डेय पिता–स्व0 ज्ञानीदत पाण्डेय | प्लॉट सं0 323 शेष | प्लॉट सं0 326 | प्लॉट सं0 325 शेष | प्लॉट सं0 324 |
| 13 | 75 | 326 P | रैयती | धान I | 0.04 | तारा देवी पति–स्व0 भवानी पाण्डेय | प्लॉट सं0 325 | प्लॉट सं0 317 | प्लॉट सं0 326 शेष | प्लॉट सं0 317 |
| 14 | 129 | 358 | रैयती | धान I | 0.07 | बालेश्वर साव पिता–छदु साव | प्लॉट सं0 367 | प्लॉट सं0 356 | प्लॉट सं0 360 | प्लॉट सं0 358 शेष |
| 15 | 129 | 358 | रैयती | धान I | 0.03 | दिपन महतो वो बहादुर महतो पिता–स्व0 कनी महतो | प्लॉट सं0 367 | प्लॉट सं0 356 | प्लॉट सं0 360 | प्लॉट सं0 358 शेष |
| 16 | 134 | 364 | रैयती | धान I | 0.02 | अवधेश प्रसाद सिंह वो राजकुमार सिंह वो जयचन्द प्रसाद सिंह वो गौतम प्रसाद सिंह वो जालेश्वर सिंह पिता–स्व0 रूदो सिंह उर्फ रूद्रनारायण सिंह | प्लॉट सं0 365 | प्लॉट सं0 362 | प्लॉट सं0 364 शेष | प्लॉट सं0 365 |
| 17 | 31 | 365 P | रैयती | धान I | 0.01 | भागवत साव पिता–स्व0 प्रसाद साव | प्लॉट सं0 425 | प्लॉट सं0 364 | प्लॉट सं0 364 शेष | प्लॉट सं0 366 |
| 18 | 31 | 365 P | रैयती | धान I | 0.06 | रितु साव पिता–स्व0 नेमधारी साव | प्लॉट सं0 425 | प्लॉट सं0 364 | प्लॉट सं0 364 शेष | प्लॉट सं0 366 |
| 19 | 31 | 365 P | रैयती | धान I | 0.035 | महेन्दर साव पिता–स्व0 पदुम साव | प्लॉट सं0 425 | प्लॉट सं0 364 | प्लॉट सं0 364 शेष | प्लॉट सं0 366 |
| 20 | 31 | 365 P | रैयती | धान I | 0.035 | बासदेव साव पिता–स्व0 महावीर साव | प्लॉट सं0 425 | प्लॉट सं0 364 | प्लॉट सं0 364 शेष | प्लॉट सं0 366 |
| 21 | 31 | 365 P | रैयती | धान I | 0.20 | नागेश्वर साव पिता–स्व0 मोहन साव | प्लॉट सं0 425 | प्लॉट सं0 364 | प्लॉट सं0 364 शेष | प्लॉट सं0 366 |
| 22 | 31 | 365 P | रैयती | धान I | 0.065 | विका साव पिता–स्व0 चुरामन साव | प्लॉट सं0 425 | प्लॉट सं0 364 | प्लॉट सं0 364 शेष | प्लॉट सं0 366 |
| 23 | 31 | 365 P | रैयती | धान I | 0.04 | बिट्टु साव पिता–स्व0 चुरामन साव | प्लॉट सं0 425 | प्लॉट सं0 364 | प्लॉट सं0 364 शेष | प्लॉट सं0 366 |
| 24 | 31 | 365 P | रैयती | धान I | 0.045 | गुरूदयाल साव पिता–स्व0 चुरामन साव | प्लॉट सं0 425 | प्लॉट सं0 364 | प्लॉट सं0 364 शेष | प्लॉट सं0 366 |
| 25 | 36 | 425 | रैयती | धान I | 0.08 | गणेश साव पिता–स्व0 चुरामन साव | प्लॉट सं0 426 | प्लॉट सं0 365 | प्लॉट सं0 425 शेष | प्लॉट सं0 424 |
| 26 | 36 | 425 | रैयती | धान I | 0.10 | रितु साव पिता–स्व0 नेमधारी साव | प्लॉट सं0 426 | प्लॉट सं0 365 | प्लॉट सं0 425 शेष | प्लॉट सं0 424 |
| 27 | 36 | 425 | रैयती | धान I | 0.14 | खुशियाल साव वो भैरो साव वो अमृत साव पिता–भागवत साव | प्लॉट सं0 426 | प्लॉट सं0 365 | प्लॉट सं0 425 शेष | प्लॉट सं0 424 |
| 28 | 36 | 425 | रैयती | धान I | 0.17 | राजकपुर कुमार गुप्ता वो जयपवन कुमार पिता–गुलाब साव | प्लॉट सं0 426 | प्लॉट सं0 365 | प्लॉट सं0 425 शेष | प्लॉट सं0 424 |
| 29 | 34 | 426 | रैयती | धान I | 0.19 | रितु साव वो जुठी साव वो नागेश्वर साव पिता–स्व0 मोहन साव | प्लॉट सं0 429 | प्लॉट सं0 425 | प्लॉट सं0 426 शेष | प्लॉट सं0 426 शेष |
| 30 | 34 | 426 | रैयती | धान I | 0.05 | रघु साव वो जगदीश साव पिता–स्व0 पुनित साव | प्लॉट सं0 429 | प्लॉट सं0 425 | प्लॉट सं0 426 शेष | प्लॉट सं0 426 शेष |
| 31 | 34 | 426 | रैयती | धान I | 0.14 | जागेश्वर साव वो जेठन साव पिता–स्व0 लंगर साव | प्लॉट सं0 429 | प्लॉट सं0 425 | प्लॉट सं0 426 शेष | प्लॉट सं0 426 शेष |
| 32 | 34 | 426 | रैयती | धान I | 0.03 | रमन साव पिता–पुहू साव | प्लॉट सं0 429 | प्लॉट सं0 425 | प्लॉट सं0 426 शेष | प्लॉट सं0 426 शेष |
| 33 | 34 | 426 | रैयती | धान I | 0.03 | खुशियाल साव वो भैरो साव वो अमृत साव पिता–भागवत साव | प्लॉट सं0 429 | प्लॉट सं0 425 | प्लॉट सं0 426 शेष | प्लॉट सं0 426 शेष |
| 34 | 34 | 426 | रैयती | धान I | 0.08 | गणेश साव वो महेन्दर साव पिता–पुदम साव | प्लॉट सं0 429 | प्लॉट सं0 425 | प्लॉट सं0 426 शेष | प्लॉट सं0 426 शेष |
| 35 | 45 | 458 | रैयती | टांड I | 0.18 | धरम महतो वो तिला महतो पिता–स्व0 पुरन महतो वो कैलाश महतो पिता–स्व0 करम महतो, नीज ग्राम | प्लॉट सं0 574 रास्ता | प्लॉट सं0 458 शेष | प्लॉट सं0 459 | प्लॉट सं0 455 |
| 36 | 45 | 458 | रैयती | टांड I | 0.01 | अमीया देवी पति–सोभी महतो | प्लॉट सं0 574 रास्ता | प्लॉट सं0 458 शेष | प्लॉट सं0 459 | प्लॉट सं0 455 |
| 37 | - | 475 | रैयती | टांड I | 0.025 | शम्भु महतो पिता–स्व0 ठाकुर महतो | प्लॉट सं0 474 | प्लॉट सं0 476 | प्लॉट सं0 475 शेष | प्लॉट सं0 456 |
| 38 | - | 475 | रैयती | टांड I | 0.025 | हेमराज महतो पिता–स्व0 तुला महतो | प्लॉट सं0 474 | प्लॉट सं0 476 | प्लॉट सं0 475 शेष | प्लॉट सं0 456 |
| 39 | - | 475 | रैयती | टांड I | 0.04 | नारायण महतो पिता–चमन महतो | प्लॉट सं0 474 | प्लॉट सं0 476 | प्लॉट सं0 475 शेष | प्लॉट सं0 456 |
| 40 | - | 476 | रैयती | टांड I | 0.005 | गुलाब महतो पिता–स्व0 सामर महतो | प्लॉट सं0 475 | प्लॉट सं0 476 शेष | प्लॉट सं0 476 शेष | प्लॉट सं0 485 |
| | | | | कुल रकबा | 3.445 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0 30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है:–

ग्राम–X, थाना–X थाना सं0–X अंचल–X, जिला–X क्षेत्रफल X एकड़ X यानि X हेक्टेयर जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, चतरा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है :–X

उपायुक्त,
चतरा

PR 337467 Land Reforms (24-25)_D

## विकास कार्यों के साथ ग्रामीणों की सुरक्षा मेरी प्राथमिकता : डॉ नीरा यादव

**कोडरमा।** डोमचांच के सुदूरवर्ती जंगली क्षेत्र सपही से पुलिस पिकेट हटाए जाने की सूचना पर स्थानीय ग्रामीणों में गहरी चिंता और आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों के अनुसार, उन्होंने अपने स्तर पर पुलिस पिकेट को हटने से रोकने की पूरी कोशिश की, लेकिन इस फैसले के खिलाफ लोगों में गहरा रोष देखा गया। वहीं ग्रामीणों की इस चिंता को देखते हुए विधायक डॉ.नीरा यादव संज्ञान लेते हुए मौके पर पहुंचीं ग्रामीणों से वार्ता की और इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए पिकेट प्रभारी, पुलिस अधीक्षक और डीआईजी से तत्काल वार्ता की। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को वस्तुस्थिति से अवगत कराया और पुलिस पिकेट को हटाने के फैसले पर कड़ी नाराजगी जताई। इस फैसले के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त किया और कहा कि पिकेट के रहते हुए वे खुद को सुरक्षित महसूस करेंगे। मौके पर सैंकड़ों स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

### अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम गुलाम हैदर की आदालत ने सुनाई सजा

# शंकर यादव हत्या कांड के चार आरोपियों को आजीवन कारावास

### 50 हजार रूपये जुर्माना भी लगाया, जुर्माना की राशि नहीं देने पर दो वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** तत्कालीन कांग्रेस जिलायक्ष शंकर यादव हत्याकांड मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम के न्यायाधीश गुलाम हैदर की अदालत ने कांड के आरोपी मुनेश यादव पिता नाथो यादव ग्राम भट्टबीघा चौपारण जिला हजारीबाग को मामले में 302/34 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई, साथ ही पचास हजार रूपये जुर्माना भी लगाया, जुर्माना की राशि नहीं देने पर दो वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वहीं न्यायालय ने 120बी के तहत दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई साथ ही पचास हजार रूपये जुर्माना भी लगाया, जुर्माना की राशि नहीं देने पर दो वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वहीं न्यायालय ने रामदेव यादव व नरेश यादव को भी 302/34 आईपीसी एवं 120बी के तहत दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई, साथ ही पचीस हजार रूपये जुर्माना लगाया, जुर्माना की राशि नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वहीं न्यायालय ने पवन यादव को 302/34 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 25 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई एवं पचीस हजार



रूपये जुर्माना लगाया, जुर्माना की राशि नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वहीं न्यायालय ने सभी आरोपियों को 307 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए दस वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई साथ ही पांच हजार रूपये जुर्माना लगाया, जुर्माना की राशि नहीं देने पर छह माह अतिरिक्तसजा भुगतनी होगी। वहीं न्यायालय ने एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत सभी को दोषी पाते हुए 12 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई, साथ ही पांच हजार रूपये जुर्माना भी लगाया, जुर्माना की राशि नहीं देने पर छह माह अतिरिक्तसजा भुगतनी होगी। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी।

बताते चलें कि मृतक शंकर यादव की पत्नी हेमलता देवी के लिखित आवेदन पर चंदवारा थाना कांड संख्या 16/2018 के तहत मामला दर्ज किया गया था। वहीं अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक एंजेलिना वारला एवं अधिवक्ता सुरेश यादव ने किया। इस दौरान सभी 32 गवाहों का परीक्षण कराया गया। लोक अभियोजक ने कार्रवाई के दौरान न्यायालय से सभी अभियुक्तों को फांसी की सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनवर हुसैन, तारकेश्वर मेहता एवं दीपक गुप्ता ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्षयो का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया।

## एक नजर में

## दुर्गा पूजा मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न, डीजे पर प्रतिबंध



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिद्धौर।** प्रखंड में दुर्गा पूजा की तैयारियां जोरों पर हैं। शांतिपूर्ण पूजा के लिए थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई, जिसमें प्रखंड क्षेत्र के 9 अखाड़े से पूजा महासमिति के अध्यक्ष शामिल हुए। बैठक में सरकार के निदेर्शानुसार थाना प्रभारी ने डीजे न बजाने के सख्त निर्देश दिए, जिससे उपस्थित लोगों में निराशा देखी गई। इस बार लाउडस्पीकर से पूजा करने की बात कही गई है। गिद्धौर, पहरा, केंदुआ, गांगपुर, द्वारी पिंडारकौन, सिन्दवारी, बारिसखी, पैक्सा जैसे गांवों में धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाई जाएगी। पूजा समिति के अध्यक्षों को 3 अक्टूबर से 14 अक्टूबर के बीच होने वाले कार्यक्रमों की सूची देने को कहा गया है। विसर्जन के लिए समय सीमा का भी पालन करना होगा। गिद्धौर दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष ने विधि व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए पंडाल में सीसी टीवी, ड्रोन कैमरा, वॉलिंटियर और अन्य सुरक्षा उपायों की जानकारी प्रशासन को दी है। बैठक में पंचायत मुखिया, जिला परिषद प्रतिनिधि, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष, महामंत्री और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सभी पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरा अनिवार्य : इंस्पेक्टर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा सौहार्द वातावरण में मनाने को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव एवं संचालन इंस्पेक्टर अनिल उरांव ने किया। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सभी जगहों में दुर्गा पूजा मना रहे पूजा समिति की लाइसेंस एवं गैर लाइसेंस पर विशेष चर्चा हुई, एवं विधि व्यवस्था कायम रहे, इसके लिए प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। वही इंस्पेक्टर ने कहा कि सभी पूजा पंडालों में सीसीटीवी, आगजमी का सामग्री, सुद्दढ बिजली कनेक्शन साथ ही कार्यक्रम के दौरान महिला एवं पुरुष की गैलेरी होना अनिवार्य बताया गया। इस दौरान गाडिलौंग निवासी राहुल चौरसिया ने गाडिलौंग के सतबहनी नदी से अवैध बालू उठाव पर रोक की मांग किया है, ताकि दुर्गा पूजा के बाद छठ महापर्व अच्छी तरह से किया जा सके। इस पर इंस्पेक्टर ने कहा कि गाडिलौंग नदी से अवैध बालू उठाव करते हुवे यदि कोई पकड़े जाते हैं तो उसे दण्ड के साथ विभाग द्वारा कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर प्रखंड बड़ा बाबू सीताराम दास सीआई एवं मुखिया अरबिंद सिंह विश्वजीत उरांव जागेश्वर दास रफुल अंसारी महेंद्र यादव कुलदीप राम सुधीर चौरसिया अशोक ठाकुर महेश वर्मा राजेन्द्र नायक समेत दोनों समुदाय के प्रबुद्ध मौजूद थें।

# फोन पे से सट्टे के लिए घर के नौकर ने किया विश्वासघात

### 18 लाख 14 हजार 5 सौ किया भिन्न भिन्न अकाउंट में ट्रांसफर, थाने में मामला दर्ज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कालीमंडा निवासी व व्यवसायी ओमप्रकाश वर्णवाल पिता स्व. छोटेलाल वर्णवाल से विश्वासघात कर पे फोन से रूपये को दूसरे अन्य लोगों के खाता में डालकर सट्टा खेलने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबध में ओमप्रकाश वर्णवाल ने डोमचांच थाना में आवेदन देकर एक मामला दर्ज कराया है। आवेदन में कहा गया कि मनु मेहता पिता दिलीप मेहता काली मंडा नीचे टोला डोमचांच निवासी पिछले तीन वर्षो से मेरे घर में घरेलु नौकर का काम करते आ रहा है, इस कारण घर का विश्वासी सदस्य बन गया, जिसके कारण मेरे बैंक खाता जो भारतीय स्टेट बैंक शाखा डोमचांच के खाता नं0-11657935072 की सारी जानकारी उसे था। वह मेरा फोन पे का पासवर्ड जान गया। मेरे



खाता से भिन्न-भिन्न तिथियों में करीब अठारह लाख चौदह हजार पांच सौ रूपया अन्य के खाता में डाल कर सट्टा खेला है। मुझे मनु मेहता द्वारा उपरोक्त सारा रूपया निकालने की जानकारी घर में लगे सीसीटीवी कैमरा से 27 सितम्बर को हुई। मैं अपना मोबाईल फोन अपने बगल में रखा था, उसी बीच दोपहर 2.39 मिनट में मेरे मोबाईल के फोन पे से मनु मेहता के द्वारा दिप्ती कुमारी सिंह के नाम पर नब्बे हजार रूपया भेज कर फिर मेरा मोबाईल मेरे ही बगल में रख दिया, जिसे सीसीटीवी में देखा जा सकता है। मुझे फोन पे का हिस्ट्री चेक करने नहीं आता था, लेकिन जब जानकारी लेकर चेक किये तो मुझे पता चला कि मेरे खाता से करीब अठारह लाख चौदह हजार पांच सौ रूपया का निकासी हो गया है, जिसका पूर्ण विवरण आवेदन के साथ संलग्न है। सट्टा खेल को खेलवाने में राजेश कुमार मेहता, पिन्टु कुमार मेहता पिता मुन्नी लाल मेहता, इन्हीं दोनों के कारण मनु मेहता मेरे फोन पे से उपरोक्त राशि को अन्य के खाते में भिजवाया है।

## सुदूरवर्ती इलाकों के लिए कनेक्टिविटी में मील का पत्थर साबित होंगे पुल : डॉ नीरा

**कोडरमा।** मुख्यमंत्री ग्राम सेतू योजना अंतर्गत एवं विधायक डॉ. नीरा यादव द्वारा अनुशंसित डोमचांच प्रखंड अंतर्गत दो पुलों एवं सतगावां प्रखंड में एक पुल का शिलान्यास विधायक डॉ.नीरा यादव के द्वारा किया गया। योजनाओं में ग्राम मसमोहना एवं ग्राम कुंडी धनवार के बीच दुलकी नदी पर दो करोड़ तीन लाख निनांबे हजार चार सौ उनचालिस रुपए की लागत से उच्च स्तरीय पुल के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया, साथ ही इसी दिन दूसरे जगह एक और पुरनाडीह पंचायत अन्तर्गत ग्राम रायडीह में केशो नदी पर पांच करोड़ अड़तालिस लाख छियानवे हजार आठ सौ सैंतालीस रुपए की लागत से उच्च स्तरीय पुल के निर्माण कार्य का विधि विधान से पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़ कर एवं फीता काट कर शिलान्यास किया गया। वहीं डॉ. नीरा यादव ने कहा कि आवागमन में हो रहे परेशानी को लेकर ग्रामीणों के द्वारा मांग की गयी थी। मौके पर मंडल अएयक्ष बालमुकुंद सिंह, शिवराज आदि सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## वन विभाग चतरा में 75 एकड़ एरिया में बनवा रहा है इको पार्क



**खबर मन्त्र संवादाता**

**चतरा।** चतरा वन विभाग द्वारा शहर के पूर्वी क्षेत्र में जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम के पीछे और महिला कॉलेज के ठीक सामने 75 एकड़ में एक इको पार्क का निर्माण किया जा रहा है।पार्क के लिए बाउंड्री वॉल का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है और पार्क में पहले से मौजूद पेड़-पौधों के बीच विभिन्न प्रकार के फूलों के पौधे लगाए जा रहे हैं। पार्क का निर्माण 2025 के मार्च तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है और विभाग निर्धारित समय सीमा के भीतर काम पूरा करने के लिए प्रयासरत है। इस पार्क के बन जाने से चतरा जिले के लोगों को पर्यटन के क्षेत्र में एक बड़ा तोहफा मिलेगा और यह पार्क जिले में पर्यटन और मनोरंजन का एक प्रमुख साधन बन जाएगा।

**इको पार्क में आकर्षण का केंद्र :** इको पार्क में छोटे बच्चों से लेकर बड़े लोगों के मनोरंजन के लिए चिल्ड्रन प्लेयिंग जोन, जॉगिंग पाथ, ग्रास लान, रोज पार्क, बंबू जोन, कैक्टस जोन, औषधीय पौधे जोन और एक्वेटिक जोन जैसे कई आकर्षण हैं। पार्क में दो बड़े तालाब, 10 गैजेबो, 10 आरसीसी शेड, दो फास्ट फूड कॉर्नर, दो शौचालय, एक प्रशासनिक भवन, एक ओपन एयर थिएटर, दो फव्वारे और 20-20 फीट ऊंचे दो मुख्य द्वार भी हैं। पार्क की सुरक्षा के लिए पूरे पार्क में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और सुरक्षा गार्ड, फॉरेस्टर स्तर के अधिकारी और वनरक्षक तैनात रहते हैं। पार्क में अधिक से अधिक लोगों को आकर्षित करने के लिए विभाग ने मामूली प्रवेश शुल्क रखा है।

## हजारीबाग पुलिस ने चतरा के दो फरार अफीम तस्करों को किया गिरफ्तार

**चतरा।** हजारीबाग पुलिस ने चतरा के गिद्धौर पुलिस के सहयोग से चतरा जिले के गिद्धौर के दो फरार अफीम तस्करों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार दोनों पर हजारीबाग के बड़ाबाजार ओपी में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है। हजारीबाग पुलिस और गिद्धौर पुलिस ने संयुक्त रूप से दोनों तस्करों को एक होटल से गिरफ्तार किया और उन्हें हजारीबाग ले गई। हजारीबाग न्यायालय के द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट पर पुलिस ने यह कार्रवाई की। दूसरी ओर, केरेडारी पुलिस ने चतरा जिले के पिपरवार पुलिस के सहयोग से टीपीसी के पूर्व एरिया कमांडर पहाड़ी जी उर्फ रामेश्वर महतो के पिपरवार स्थित डमारू गांव घर में कुर्की-जब्ती की। पुलिस ने घर में रखे चल संपत्ति को जब्त कर लिया। एरिया कमांडर पर पिपरवार, टंडवा, केरेडारी सहित आसपास के थाना क्षेत्रों में लेवी को लेकर कई वारदातों को अंजाम देने का आरोप है।

## टंडवा अंचल अधिकारी फुलेश्वर साव ने पदभार ग्रहण किया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**टंडवा।** झारखंड सरकार के भु राजस्व विभाग और चतरा उपायुक्त के निर्देशन में बेहतर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध, नव नियुक्त टंडवा अंचल अधिकारी फुलेश्वर साव ने सोमवार को अपना पदभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि पुराने अनुभवों के आधार पर वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे और सभी आगंतुकों का सम्मानपूर्वक स्वागत करते हुए उनके कार्यों को निपटाने का हर संभव प्रयास करेंगे।

अंचल कर्मियों ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया और उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

# आगामी विधानसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** आगामी विधानसभा आम चुनाव-2024 के लिए मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2024 के तहत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 27 अगस्त, 2024 को किया गया है। 27 चतरा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुछ मतदान केंद्रों पर अपेक्षाकृत कम संख्या में प्रपत्र (प्रपत्र 6, 7 और 8) प्राप्त हुए हैं, इसलिए संबंधित पदाधिकारियों को घर-घर सत्यापन कर पात्र नागरिकों से प्रपत्र प्राप्त कर ईआरओ नेट पर दर्ज करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही, मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए राज्य के संबंधित प्राधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया गया है। विधानसभा आम चुनाव-2024 की घोषणा जल्द होने की संभावना है, इसलिए विगत लोकसभा आम चुनाव-2024 में एनजीआर ?एस और अन्य माध्यमों से गलत विलोपन की शिकायतों से बचने के लिए सभी विलोपित व हटाए गए मतदाताओं का स्वयं, बीपीआरओ, सुपरवाइजर, बीएलओ द्वारा क्षेत्र भ्रमण व जांच कराना सुनिश्चित किया जाए। क्षेत्र भ्रमण के दौरान गलत विलोपन के मामले आने पर, उनसे शीघ्र प्रपत्र-6 प्राप्त कर मतदाता सूची में पंजीकरण कराना सुनिश्चित किया जाए।

## कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासमिति झारखण्ड प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक सम्पन्न



**खबर मन्त्र संवादाता**

**गिद्धौर।** हजारीबाग स्थित मधुवन धर्मशाला में रविवार को कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासमिति झारखंड प्रदेश के मंत्रिमंडल के चयनित पदाधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में झारखंड के विभिन्न ज़िलों से पदाधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक द्वारा दीप प्रज्वलित करने और उपस्थित विद्वतजनों द्वारा मंगलपाठ करने से हुई। बैठक में उपस्थित विप्र बंधुओं ने समाज, संगठन, सामाजिक एवं आर्थिक मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की और उनका समाधान भी बताया। प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक ने चयनित पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र (प्रमाण पत्र) और शपथ दिलवाई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ब्राह्मणों ने हमेशा समाज और देश के लिए स्वहितों को त्यागकर जनहितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। बैठक में झारखंड प्रदेश के कई गणमान्य पदाधिकारी और विप्रगण उपस्थित थे।

# झामुमो का बूथ प्रभारी सम्मेलन आयोजित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिमरिया (चतरा)।** प्रखंड के उदयन पब्लिक स्कूल में रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा का बूथ प्रभारी सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में केंद्रीय महासचिव फागु बेसरा, सचिव संजीव बेदिया और सिमरिया विधानसभा प्रभारी मनोज चंद्रा मुख्य रूप से उपस्थित हुए। सम्मेलन में बूथ कमेटी को मजबूत करने और आगामी विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी मनोज चंद्रा को भारी बहुमत से चुनाव जीताने का संकल्प जताया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय महासचिव और सचिव ने कहा कि झामुमो ही एक ऐसी पार्टी है जिससे झारखंड का भला हो सकता है।

# सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना मकसद

## विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिमरिया।** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार बैनर तले किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ अमरेश कुमार विशेष न्यायाधीश पोक्सो विनय कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी सिमरिया 'रीना कुमारी सीडीपीओ 'उप प्रमुख दामोदर गोप, जेएसएलपीएस के प्रखंड प्रबंधक भवेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर सुभारंभ किया। इस अवसर परन्यायाधीश अमरेंद्र कुमार ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विधिक सेवा प्राधिकार सुलभ निः शुल्क और



त्वरित न्याय के लिए तत्पर है। उपस्थित लोगों को नारी उत्पीड़नडायन दहेज प्रथा बाल विवाह पर विस्तृत जानकारी दिया। अपनी संबोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह हथियार है। जिनके सहयोग से सभी समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। माता-पिता अपने आय से अपने बच्चों की शिक्षा के लिए बचत करना शुरू कर दें। लोग अपनी समस्याओं के समाधान के लिए तो प्रयास करते ही हैं ।लेकिन जो दूसरों की समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करता है वही मानव कहलाता है। वहीं पर प्रखंड विकास पदाधिकारी विनय कुमार ने बताया की प्रखंड प्रशासन के द्वारा राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा जनहित में संचालित योजनाओं को सफलता पूर्वक संचालन किया जा रहा है।

मौके पर 16 लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन महिला समूहों के बीच 92 लाख रुपए का ऋण वितरण 26 लोगों के बीच जाति आवासीय 13 बच्चों को साइकिल वितरण कृषि विभाग के द्वारा 10 लोगों स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 40 लोगों का इलाज 'सेंट्रल कोल फील्ड लिमिटेड सिमरिया के द्वारा 42 लोगों के बीच पौधा एवं बीज का वितरण किया गया। मौके पर थाना प्रभारी मानव मयंक विधिक कार्यकर्ता सुबोध कुमार शर्मा, उमेश प्रसाद, रंजन कुमार मिश्रा, सीता देवी, कुशल कुमार, संदीप उरांव एवं अख्तर मौजूद थे।

## चौकीदार भर्ती परीक्षा में अंक बढ़ाने के नाम पर छात्रों के पास आ रहें फोन, डिमांड 20 से 50 हजार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** चौकीदार भर्ती परीक्षा के बाद, छात्रों को उनके अंकों को बढ़ाने के नाम पर ऑनलाइन धोखाधड़ी का सामना करना पड़ रहा है। ठग छात्रों को फोन करके 20 से 50 हजार रुपये की मांग कर रहे हैं और दावा कर रहे हैं कि अगर वे यह राशि देंगे तो उनके अंक बढ़ा दिए जाएंगे। इस धोखाधड़ी की शिकायतें मिलने के बाद छात्रों और अभिभावकों में दहशत का माहौल है। उन्होंने प्रशासन से मामले की गंभीरता से जांच करने की मांग की है। चतरा पुलिस ने सभी छात्रों को सावधान



करते हुए कहा है कि वे किसी भी प्रलोभन या बहकावे में न आएं और ऐसे किसी भी कॉल की जानकारी तुरंत संबंधित अधिकारियों को दें। इस घटना ने परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और सुरक्षा की आवश्यकता को एक बार फिर उजागर किया है।

# खस्ताहाल सिस्टम : बरवाडीह में बगैर आंधी-बारिश के ही ढलाई के कुछ घंटों में भरभरा कर गिरा पुल

## मेटेरियल कमजोर या संवेदक व अधिकारियों की नियत पर उठे सवाल, बरवाडीह में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है महत्वकांक्षी योजनाएं

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह में यूं तो आए दिन भ्रष्टाचार के मामले सामने आते रहते हैं, लेकिन रविवार की रात बरवाडीह प्रखण्ड के चुंगरू पंचायत में निमार्णाधीन पुल के भरभराकर गिरने से अधिकारियों और संवेदक में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि आरईयू विभाग से एसएस कंस्ट्रक्शन के द्वारा उक्त पुल और इसके साथ सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पुल की ढलाई के दौरान विभाग के कनीय अभियंता या कोई भी अधिकारी मौजूद नहीं थे। संवेदक द्वारा रात के अंधेरे में गुप्त रूप से पुल की ढलाई कर दी गई। लेकिन सुबह होते ही पुल पूरी तरह धराशाई हो गया और विभाग की मिलीभगत से पुल निर्माण में हो रहे भ्रष्टाचार की पोल खुल गई। ग्रामीणों का आरोप है कि संवेदक द्वारा निर्माण कार्य में शुरूआत से ही लापरवाही बरती जा रही है। पुल निर्माण कार्य में नदी से निकाले हुए मृत पत्थरों का इस्तेमाल भी किया गया है, क्योंकि योजनास्थल पर मृत पत्थर को भी देखा जा सकता है। भ्रष्टाचार का बोलबाला इस कदर है कि योजना के प्राक्कलन के जिस गुणवत्ता का उल्लेख किया जाता है, उसका अनुपलान दूर दूर तक नहीं होता है। वहीं अधिकारी इस ओर से पूरी तरह से आंखें बंद कर लेते हैं। योजना में चाहे अच्छी किस्म के छड़ तथा मानक के अनुसार छड़ देने का मामला हो या फिर बालू एवं सीमेंट की किस्म का हो, सबमें घटिया सामान का ही उपयोग किया जाता है। जब यह पुल ही ढलाई होते धवस्त हो गया तो इस पुल से होकर गुजरने वाले बड़े वाहनों का बोझ यह पुल कितने दिनों तक बर्दाश्त कर पाता इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।




चुंगरू में भरभरा कर गिरा पुल व योजना स्थल पर पड़े मृत पत्थर

**ग्रामीणों ने कई बार सड़क पर उतर कर किया विरोध, पर नहीं हुई कारवाई :** चुंगरू पंचायत के ग्रामीणों ने कई बार सड़क निर्माण पर भी सवाल उठाए क्योंकि एसएस कंस्ट्रक्शन द्वारा सड़क कालीकरण किए जाने के एक सप्ताह के अंदर ही सड़क उखड़ने लगी थी। ग्रामीणों की आवाज जब-जब अधिकारियों के कानों तक पहुंची तब - तब दुबारा से उक्त सड़क की मरम्मती करवा दी गई लेकिन संवेदक पर किसी प्रकार की कारवाई नहीं हुई। यही कारण है कि संवेदक द्वारा नियम कानून और मानकों को ताक पर रखते हुए निर्माण कार्य मनमाने तरीके से करवाया जा रहा है।

इधर एक बार फिर से अमवाटीकर पुल के पास सड़क धंस गई है। लेकिन इसकी जानकारी होते हुए विभाग द्वारा नजरंदाज करते हुए खानापूर्ति की जा रही है।

### एसएस कंस्ट्रक्शन पर कार्रवाई के लिए भेजी जायेगी रिपोर्ट : ओमप्रकाश

ढलाई होते ही पुल ध्वस्त होने की खबर के बाद जब खबर मंत्र ने आरईयू के कनीय अभियंता विलकोष खेस को दूरभाष पर संपर्क करना चाहा तो उन्होंने पूर्व की भांति फोन रिसीव नहीं किया। वहीं कार्यपालक अभियंता ओमप्रकाश बड़ाइक ने कहा कि मुझे इसकी जानकारी नहीं है। अगर ऐसा है तो यह बेहद गंभीर मामला है।

इस मामले में लापरवाह संवेदक पर कारवाई के लिए रिपोर्ट भेजी जाएगी।

## चार अक्टूबर को होगा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण

**बरवाडीह।** बरवाडीह के पुराने ब्लॉक परिसर में बिरसा मुंडा एकता मंच के तत्वाधान में भगवान बिरसा मुंडा जी की प्रतिमा स्थापित की गई है। जिसका अनावरण आगामी 4 अक्टूबर दिन शुक्रवार को किया जायेगा। प्रतिमा स्थली के सौंदर्यीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। मंच के अध्यक्ष विक्टर केरकेटा ने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा देश की आजादी के लिए लड़ाई तो लड़ें ही थे। उन्होंने आदिवासियों और मूलवासियों के हक और जल जंगल जमीन की लड़ाई भी लड़ी थी और अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ बगावत का बिगुल फूंका था। बताया कि बिरसा मुंडा एकता मंच काफी समय से भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा को स्थापित करने के लिए प्रयासरत थे जो अब पूर्ण हुआ है। उपाध्यक्ष सिप्रियन मिंज और सचिव शशि भूषण तिवारी ने बताया कि अपने देश और जल, जंगल, जमीन को बचाने के लिए अपने प्राण की आहुति देने वाले भगवान बिरसा मुंडा की शहादत को सदियों तक याद किया जाएगा।

## बिजली बिल मांफी कल भारतीयों के बीच किया गया प्रमाण पत्र का वितरण



प्रमाण पत्र लेते ग्राहक

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा स्थित बिजली ऑफिस में सोमवार को बिजली बिल माफी प्रमाण पत्र वितरण के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बिजली बिल माफी का प्रमाण पत्र का वितरण लाभार्थियों के बीच किया गया। बताते चले कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रखंड के बिजली पावर सब स्टेशन में भी शिविर लगाकर बिजली बिल माफी का प्रमाण पत्र वितरित किया जा रहा है। सीनियर लाइन मैन सुनील कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के लाभुक उपभोक्ताओं के बीच बिजली बिल माफी का प्रमाण पत्र वितरण कार्य शुरू कर दिया गया है। माफी योजना का लाभ लेने वाले उपभोक्ता प्रमाणपत्र अवश्य ले। मौके पर विभाग के कर्मी समेत बड़ी संख्या में उपभोक्ता मौजूद थे।

## परहिया टोला में जेनरल स्टोर का एस्बेस्टस तोड़कर चोरी

**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र में इन दिनों अचानक चोरी की घटनाओं में बढ़ोतरी देखी जा रही है। रविवार की देर रात्रि एनएच 75 रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर स्थित चंदवा थाना क्षेत्र के परहिया टोला के समीप अज्ञात चोरों ने सोनू जेनरल स्टोर नामक दुकान में एस्बेस्टस तोड़कर नकद व समान चोरी कर रफूचक्कर हो गए। घटना की भनक भुक्तभोगी दुकानदार सोनू कुमार गुप्ता को सोमवार की सुबह तब हुई जब वह दुकान खोलने आया तो एस्बेस्टस टूटा देखा तो उसने इसकी सूचना चंदवा पुलिस को दी, सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। सोनू गुप्ता ने बताया कि उनके दुकान से लगभग 35 हजार रुपये की सामान एवं नकद 1400 रुपये की चोरी हुई है। खबर लिखे जाने तक मामले को लेकर भुक्तभोगी द्वारा थाना में आवेदन नही दिया गया था।

## संत कोलंबस कॉलेज के छात्र का सड़क दुर्घटना में मौत

### शव घर पहुंचते ही गांव में छाया मातम

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड के इटके ग्राम निवासी उमेश दास के बड़ा पुत्र अनिकेत दास उम्र लगभग (23) की हजारीबाग जिला के कटकमसांडी थाना क्षेत्र के बलबल के आसपास बेंजीयामोड़ मे बाईक से सड़क हादसे मे मौत गई। मौत के बाद इटके गांव अपने घर शव आते ही चीख चिकत्कार से माहौल गमगीन हो गया। बताया जाता है की अनिकेत आट्र्स का पढ़ाई करता था। रविवार को कुछ काम से निकला था जिसके बाद सड़क हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे वहां स्थानिक लोगों की मदद से उसे एंबुलेंस के सहयोग से हजारीबाग सदर अस्पताल भेजा गया। इलाज के दौरान उसने अपना दम तोड़ दिया। शव पोस्टमार्टम के बाद एम्बुलेंस के सहारे शव को घर लाया गया। मृतक व्यवहारशील व होनहार लड़का था। कबड्डी खेल मे राज्य स्तरीय सेलेक्ट हुआ था। उसके मौत से आसपास मे मातम का माहौल बन गया। मृतक के पिता उमेश झारखंड पुलिस मे है। माता ललिता देवी छोटे भाई अनुराग कुमार सहित अन्य परिवार के चीख चित्कार से किसी के आंसू नहीं रुक रहा था। घटना के सूचना मिलते ही जिप सदस्य रमेश राम, मुखिया शांति देवी, भीम आर्मी जिला अध्यक्ष जगजीवन राम, मनिका प्रखंड उपाध्यक्ष।जय दिलीप राम, मीडिया प्रभारी मोहन राम, जेबीकेएसएस के नेता संजय दास, समाजसेवी बालकेश्वर राम, अजय राम सहित कई समाज सेवी ने पीड़ित परिवार को ढाढ़स बंधाएं। शव को देखते ही घर परिजन सहित आसपास के ग्रामीण मे भी मातम पसर गया।



रोते बिलखते लोग

एक नजर में

## विद्यालय प्रबंधन समिति ने पुरस्कृत कर खिलाड़ियों का बढ़ाया जज्बा



पुरस्कृत होते विजेता टीम

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** जिला मुख्यालय स्थित खेल स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय खेलों झारखंड प्रतियोगिता में चंदवा प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय रोल का दबदबा रहा। बेहतर प्रदर्शन करते हुए उत्क्रमित उच्च विद्यालय रोल के बच्चों ने जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। ग्रामीण परिवेश से आने वाले बच्चों ने खेलो झारखंड के माध्यम से लोगों को यह संदेश देने का प्रयास किया कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी ही अब किसी से पीछे नहीं है।सोमवार को विद्यालय प्रबंधन समिति ने खेलो झारखंड प्रतियोगिता में कबड्डी खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र को सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आशीष कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को अच्छा मंच दिया जाए तो बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। इनमें प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत है अच्छे मार्गदर्शन एवं उचित सलाह की।

इन्होंने कहा कि उत्क्रमित उच्च विद्यालय रोल के छात्र-छात्राएं काफी प्रतिभावान है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी ने कहा विद्यालय के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम जिला स्तर पर ऊंचा किया है। बताते चलें कि उत्क्रमित उच्च विद्यालय रोल के छात्रों ने जिला स्तरीय खेलों झारखंड प्रतियोगिता में कबड्डी खेल में पहले राउंड में गारू, दूसरे राउंड में बरियातू तथा फाइनल में लातेहार को पराजित कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। इस अवसर पर शुभकामना देने वालों में शिक्षक अनिल कुमार, शिव नारायण प्रजापति, उदयनाथ शाहदेव, प्रशांत शाहदेव समेत अन्य शामिल हैं।

## जिप सदस्य द्वारा किया गया पीसीसी पथ निर्माण कार्य का उद्घाटन

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के टोटी पंचायत अंतर्गत टोटी गाँव के बेसरा मोड़ जल मीनार से चंदरु उरांव के घर तक 15वें वित्त योजना के अंतर्गत पीसीसी पथ निर्माण कार्य का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य रमेश राम द्वारा संपन्न हुआ। पीसीसी पथ के निर्माण कार्य से प्रारंभ होने से टोला वासी बहुत खुश हुए। इस रास्ते पर बरसात के दिनो मे लोगो को आवागमन मे काफी मुस्किल का सामना करना पड़ता था। पीसीसी पथ निर्माण होने से लोगों को राहत मिलेगी। मौके पर टोटी मुखिया शांति देवी, समाज सेवी धनेश्वर उरांव, मो. मालुम, राजेन्द्र उरांव, तुलेश्वर उरांव, सावन उरांव, शंकर उरांव, चेतलाल उरांव, रीना देवी,रणवा देवी, लिलो देवी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## जब तक अंतिम व्यक्ति का विकास नहीं, तब तक भाजपा का सपना साकार नहीं : नागेंद्र

### मनिका प्रखंड में मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए क्षेत्रीय संगठन महामंत्री

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के नामुदाग पंचायत स्थित सधवाडीह गांव स्थित में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा निर्देशित मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी उपस्थित रहे। मौके पर उपस्थित ग्राम वासियों ने मुख्य अतिथि को आदिवासी परंपरा के तहत भव्य स्वागत किया। वहीं कार्यक्रम में सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्याम प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मनदीप कुमार ने किया। मौके पर उपस्थित लोगों ने एलसीडी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को सुना। वहीं लोगों को संबोधित करते हुए क्षेत्रिय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी का मूल-मंत्र अंतोदय है। पार्टी की यह सोच है कि जब तक अंतिम व्यक्ति का विकास न हो जाए तब तक भारत का और भारतीय जनता पार्टी का सपना साकार नहीं होगा। श्री त्रिपाठी ने कहा कि इसी निमित्त देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार यहां के गरीबों के लिए कई जन कल्याणकारी योजनाएं लागू करने का काम किए हैं। श्री त्रिपाठी ने आने वाले विधानसभा चुनाव में लोगों को देश हित एवं राज्य हित में कार्य करने का अपील किया। वहीं कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष पंकज सिंह,बबन पासवान,मुनेश्वर सिंह,अजित कुमार,विरन सिंह,ने भी सम्बोधित किया। साथ ही कार्यक्रम समाप्ति के बाद स्थानीय कार्यकर्ता मुनेश्वर सिंह के घर जा कर क्षेत्रिय संगठन महामंत्री ने कार्यकताओं के साथ भोजन किया। वहीं पंचायत प्रभारी,मुनेश्वर सिंह,बूथ अध्यक्ष बीरन सिंह,संजय सिंह एवं गांव के बैगा को मुख्य अतिथि श्री त्रिपाठी के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जिला मंत्री कौशल किशोर प्रसाद,भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा,विधानसभा विस्तारक रविंद्र बडाइक,अमरदीप कुमार,बिरजू सिंह,आनंद सिंह,संजय सिंह,गंगा सिंह,गुलाब सिंह,नरेश सिंह,बिट्टू कुमार,समेत कई लोग उपस्थित थे।




कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि व अन्य

## नाबालिक किशोरी के संदेहास्पद मौत मामले में आरोपी शाहरुख गिरफ्तार



गिरफ्तार शाहरूख

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** लातेहार एसपी कुमार गौरव के निदेशार्नुसार विशेष छापामारी अभियान चलाकर चंदवा पुलिस ने चंदवा थाना कांड संख्या 132/24 (नबालिग किशोरी के संदेहास्पद मौत मामले) के आरोपी शाहरुख खान पिता अनवर खान (धाधु बालूमाथ) को गिरफ्तार कर सोमवार को अग्रतर कार्रवाई के बाद मंडल कारा लातेहार भेज दिया। विदित हो कि बीते 18 अगस्त की रात्रि थाना क्षेत्र के चकला मोड़ के समीप नाबालिग किशोरी का शव उसके घर के बरामदे में संदेहास्पद स्थिति फंसी के फंदे से लटका हुआ मिला था। घटना के 4 दिन बाद मृतका की माता ने लातेहार एसपी को आवेदन देकर आरोपी शाहरुख खान पर उनकी बेटी के साथ दुष्कर्म व हत्या करने का आरोप लागई थी, साथ ही बीते दिनों लातेहार में आई अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा को भी पूरे मामले से अवगत कराई थी। मामला संज्ञान में आने के बाद डॉ. आशा लकड़ा ने तत्काल आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देशित किया था। छापेमारी अभियान में पुअनि रविन्द्र सिंह व दल बल के जवान शामिल थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## टीवीएनएल रजवार कोल ब्लॉक एनओसी को लेकर ग्राम सभा, ग्रामीणों ने जताया विरोध

### गांव में शिविर लगाकर जमीन संबंधी त्रुटियों में सुधार की रखी मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** तेनुघाट विद्युत निगम लिमिटेड को प्रस्तावित रजवार कोल ब्लॉक के लिए एनओसी को लेकर सोमवार को रेन्ची जतरा टांड परिसर में विस्थापित हो रहे ग्रामीणों व टीवीएनएल के अधिकारियों व राजस्व कर्मचारी जनेश्वर राम के साथ ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा की अध्यक्षता रेन्ची ग्राम प्रधान बिगु उरांव ने की। ग्राम सभा मे विस्थापित हो रहे गांवों के ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को रखते हुए विरोध दर्ज कराते हुए एनओसी नही देने की बात पर अड़ गए। ग्राम प्रधान बिगू उरांव, युवा समाज सेवी मंटू कुमार व वन समिति के अध्यक्ष जगेश्वर उरांव ने मांगो को रखते हुए कहा कि लातेहार जिले में हुए हाल सर्वे में बड़े पैमाने पर त्रुटि है। ऑफलाइन रसीद में जमीन कुछ है तो ऑनलाइन में कुछ और दिखा रहा है। गांव में शिविर लगा कर जमीन सम्बधि त्रुटियों को दूर करने का कार्य पहले किया जाए साथ ही वर्ष 2011 से अनुमंडल में जमा व्यक्तिगत वन पट्टा के आवेदनों का निष्पादन कर वन पट्टा देने व सामुदायिक वन पट्टा देने की मांग ग्रामीणों के द्वारा की गई। ग्राम सभा के मौके पर वन समिति के सचिव शुशील उरांव, राजकुमार ठाकुर, शिला देवी, छठमा देवी, गुप्तेश्वर साहू, विजेंद्र सिंह मुनेश्वर भुइयां, अजय उराव, वीरेंद्र उरांव सीताराम उरांव झगरू भुइयां समेत रेन्ची के गांव के ग्रामीण मौजूद थे। मामले में अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक ने बताया कि एनओसी को लेकर ग्राम सभा आहूत था, लेकिन ग्रामीणों के विरोध के कारण वार्ता नही हो पायी।



विरोध करते ग्रामीण

## स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में सभी की सहभागिता जरूरी है : दीपक

**बरवाडीह।** बरवाडीह व्यवसायिक समिति के तत्वाधान में आज सोमवार की सुबह स्वच्छता अभियान चलाया गया। बरवाडीह बस स्टेंड स्थित आदिशक्ति महावीर मंदिर से स्वच्छता अभियान की शुरूआत की गई। जिसके बाद मुख्य बाजार स्थित दुर्गा मंडप पूजा पंडाल परिसर, पंचमुखी शिव मंदिर परिसर और पंचमुखी दुर्गा मण्डप परिसर की साफ - सफाई की गई।

व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज ने दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि वे इस सफाई अभियान से ज्यादा की ज्यादा संख्या में जुड़े ताकि इस कार्यक्रम को प्रति रविवार को किया जा सके। दीपक राज ने इस अभियान से जुड़ने वाले तमाम दुकानदारों का आभार व्यक्त किया है।

## चटूआग डैम में डूबने से किसान की मौत

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के कामता पंचायत अंतर्गत चटूआग डैम में सोमवार की दोपहर बाद किसान भूखल मांझी (55 वर्ष) पिता गुणा मांझी डैम में डूब गया। आसपास मौजूद लोगों की नजर पड़ने के बाद उसे मूर्छित अवस्था में डैम से बाहर निकालकर ग्रामीण द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार भूखल मांझी अपने भैंस को चराने के लिए डैम की ओर गया था, इसी दौरान भैंस पानी पीने के लिए डैम में उतरी, उसी को बाहर निकालने डैम के नजदीक गया, इसी दौरान भूखल फिसल कर गिर गया व गहरे पानी मे चला गया।

# सरयू राय जहां चुनाव लड़ेंगे, वहां जाकर मैं उनका विरोध करूंगा : ढुल्लु महतो

■ भाजपा सांसद ने कहा- सरयू राय बनते तो हैं बड़े ही ईमानदार, लेकिन हैं बहुत बड़े भ्रष्टाचारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** धनबाद से भाजपा के टिकट पर सांसद बने ढुल्लु महतो ने यहां कहा कि विधायक सरयू राय बनते तो बहुत ईमानदार हैं। लेकिन वह भ्रष्टाचारी हैं। सरयू राय जल्द जेल जाएंगे। ढुल्लू महतो ने कहा कि विधायक सरयू राय ने हमेशा सत्य की राह पर चलने वालों के खिलाफ आवाज उठाई है। उन्होंने कभी किडनैपर, माफिया, रंगदारी वसूलने वालों और गुंडों के खिलाफ आवाज नहीं उठाई। सरयू राय का जो राजनीतिक जीवन और राजनीतिक शैली रही है।

धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो वैश्य समाज के कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए सोमवार को जमशेदपुर में हैं। उन्होंने सर्किट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय पर जमकर निशाना साधा। प्रेस कॉन्फ्रेंस शुरू होते ही वह सरयू राय पर निशाना साधने लगे। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि वह सरयू राय पर ही बोलने सर्किट हाउस आए हैं। सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि सरयू राय जिस सीट से चुनाव लड़ेंगे वहां इनका विरोध करूंगा। ढुल्लू महतो ने कहा कि विधायक सरयू राय जमशेदपुर में जिस भी सीट से खड़े होंगे। उनकी पराजय निश्चित है। ऐसे नेता की राजनीति समाप्त होनी चाहिए। ऐसे नेता का राजनीतिक वध हो जाना चाहिए।



**सर्किट हाउस में पत्रकारों से बात करते ढुल्लु महतो। साथ में बैठे हैं महानगर भाजपा के पूर्व अध्यक्ष दिनेश कुमार।**

## किसी सूरत में सरयू राय को नहीं देना चाहिए टिकट

सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि सरयू राय को कहीं से टिकट नहीं मिलना चाहिए। ऐसे नेता को किसी भी पार्टी को टिकट नहीं देना चाहिए। लेकिन अगर कोई पार्टी टिकट देती है तो वह सभी वर्ग से अपील करते हैं कि सरयू राय जैसे नेता को पराजित करने का काम करें। उन्होंने सरयू राय पर व्यक्तिगत लाभ के लिए राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि ऐसे व्यक्ति को पराजित ही होना चाहिए। ढुल्लू महतो ने कहा कि सरयू राय ने भाजपा में आने की बहुत कोशिश की। बहुत हाथ पैर मारा लेकिन ऐसे नेता के लिए भाजपा में कोई जगह नहीं है।

## ढुल्लु का चरित्र सब जानते हैं, मान हानि का केस करूंगा : सरयू राय

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्व के विधायक सरयू राय ने यहां जारी एक बयान में कहा कि भाजपा के सांसद ढुल्लू महतो और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के भांजे दिनेश कुमार ने सोमवार को संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस किया। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में ढुल्लू महतो ने मेरे विरुद्ध आपत्तिजनक शब्दों में अपनी भड़ास निकाली है। सरयू राय ने कहा कि प्रेस कांफ्रेंस में ढुल्लू महतो ने आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया है। इस विषय में मैं कल वकीलों से सलाह लूंगा और उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई के लिए नोटिस भिजवाउंगा और सक्षम न्यायालय में मुकदमा दर्ज करूंगा। विधायक ने कहा कि ढुल्लु महतो का आरोप उनके चरित्र का परिचायक है। श्री ढुल्लू महतो 4 आपराधिक मामलों में सजायाफ्ता हैं और उनके खिलाफ करीब 45 मामलों में एफआईआर दर्ज है जिसकी सुनवाई चल रही है। धनबाद लोकसभा चुनाव के समय मैंने इन मामलों को उठाया था।



# भटकाना, लटकाना, अटकाना, मटियाना और भूल जाना यही सरयू राय का चरित्र : डॉ अजय कुमार

■ मौके से क्यों गायब रहे, सरयू राय बतायें किसके लिए काम कर रहे हैं विधायक सरयू राय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ अजय कुमार ने सोमवार को पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि पांच वर्षों में विधायक सरयू राय ने भटकाना, लटकाना, अटकाना, मटियाना और भूलजाना ये पांच बेहतरीन कार्य किए. यही उनका चरित्र भी है। सरयू राय ने पांच वर्षों में केवल जनता को ठगा है। लोग त्राहिमाम कर रहे हैं।

डा अजय ने कहा कि पांच वर्षों में मोहरदा जलापूर्ति योजना की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ आज भी लोगों को दूषित एवं बदबूदार पानी की सप्लाई हो रही है। पांच वर्षों में बिरसानगर, बागुनहातू, बारीडीह बस्ती, बागुननगर आदि क्षेत्रों में शुद्ध पानी नहीं उपलब्ध करा पाए सरयू राय। लोग पानी के लिए विधायक के पास भटकते रहे और विधायक उन्हें आश्वासन की चासनी से सराबोर वादों की मिठाई दिखाकर भटकाते रहे।

पांच वर्षों में जेम्को चौक से साउथ गेट तक जाने वाली सड़क की सूरत-ए-हाल नहीं बदल पाए सरयू राय। भारी वाहनों के चलने से सड़क जर्जर हो गयी है। इस क्षेत्र की जनता जान हथेली पर रख कर सफर करती है, इस सड़क पर हुए हादसे में कई लोगों ने अपनी जान गंवाई है। पंचवर्षीय योजना के तहत भी इस सड़क का जीर्णोद्धार नहीं हो पाया, तो आप समझ सकते है कि सरयू राय ने कितना विकास के कार्य किया है। शनिवार की रात इस सड़क पर एक पत्रकार घर लौटने के क्रम में घायल हो गया। आप समझ सकते हैं कि सरयू राय कितनी तेजी से कार्य करते है। पांच वर्षों से तो इस सड़क का जीर्णोद्धार लटका हुआ है।

डॉ अजय ने कहा कि 25 वर्षों तक भाजपा व पूर्व सीएम ने जमशेदपुर पूर्वी के लोगों को मालिकाना के नाम पर ठगा और अब पांच वर्ष सरयू राय ने भी उसी के नाम पर अटकाये रखा।

पूर्व सांसद ने कहा कि पांच वर्ष (2014 से 2019) तक मंत्री रहे और फिर 2019 से विधायक इतने दिनों में सरयू राय चमत्कार कर सकते थे, लेकिन उन्होंने कुछ नहीं किया। बस महटियाते रहे।

डॉ अजय कुमार ने आरोप लगाया कि कल्याणनगर, इंद्रानगर जैसी बस्तियों में लोग नरकीय जीवन जीने को विवश हैं। यह मैं नहीं मीडिया में छपी खबरें इसके प्रमाण हैं। विधायक या सांसद नहीं होने के बावजूद भी बस्तीवासी मुझ तक पहुंच रहे हैं और एक कांग्रेस कार्यकर्ता होने के नाते मैं उनकी बात सुनने और उनकी समस्या का समाधान करने की पूरी कोशिश कर रहा हूं, तो फिर सरयू राय क्यों नहीं कर सकते?



**संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते डॉ अजय कुमार।**

## स्पीड न्यूज



### गम्हरिया : अनियंत्रित टैंकर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**गम्हरिया।** टाटा- कांड्रा मुख्य मार्ग पर गम्हरिया स्थित डीवीसी मोड़ के समीप सोमवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे अनियंत्रित टैंकर की चपेट में आने से बाइक सवार भाटिया बस्ती निवासी रामाकांत झा (46) की दुर्घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। वे अपने बाइक से औद्योगिक क्षेत्र स्थित रेक्स हाइड्रोलिक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में ड्यूटी जा रहे थे। इसी दौरान के संबंध में बताया जा रहा है कि मृतक काम करता था, और अपनी मोटरसाइकिल से ड्यूटी जा रहा था। इसी दौरान डीवीसी मोड़ के समीप वे अनियंत्रित टैंकर की चपेट में आ गए जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची आदित्यपुर थाना पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुट गयी।

### चार को भिलाई पहाड़ी पुल का ऑनलाइन शिलान्यास करेंगे सीएम

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के लिट्टी चौक से एनएच 33, भिलाई पहाड़ी तक बनने वाले स्वर्णरेखा नदी के दोनों ओर 4 किलोमीटर तक पुल बनाने की योजना का शिलान्यास आगामी 4 अक्टूबर, 2024 को मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ऑनलाइन करेंगे। यह जानकारी जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने दी। श्री राय ने बताया कि स्वर्णरेखा नदी पर पुल बनाने और 3.68 किलोमीटर तक पहुँच पथ बनाने की योजना करीब 39.92 करोड़ रुपए में पूरी होगी। रांची के मेसर्स सतीश प्रसाद इसके लिए संवेदक चयनित हुए हैं। कल, एक अक्टूबर को लंबित योजनाओं पर कार्य शुरू कराने को लेकर पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त कार्यालय में श्री राय धरना पर बैठेंगे। 30 सितंबर की संध्या बेला में मुख्यमंत्री द्वारा ऑनलाइन शिलान्यास करने संबंधित आई सूचना काफी उत्साहवर्द्धक है। श्री राय ने कहा कि भिलाई पहाड़ी पहुंच पथ के निर्माण से सर्वाधिक लाभ मानगो की जनता को होगा।

### कल रन फॉर सद्भावना साकची में 6.30 बजे

**जमशेदपुर।** गांधी जयंती पर 2 अक्टूबर को आयोजित होने जा रहे दौड़ के सबसे बड़े आयोजन रन फॉर सद्भावना की तैयारी अंतिम चरण में है। लगातार रजिस्ट्रेशन चल रहा है। बता दें कि यह विगत 14 वर्षों से दौड़ का सबसे बड़ा आयोजन है। रन फॉर सद्भावना के लिए जमशेदपुर एक बार फिर से तैयार है।

# चांडिल फाटक पर मालगाड़ी बेपटरी

■ रेल पटरी पूरी तरह हुई क्षतिग्रस्त, कई ट्रेनों का आवागमन बाधित

**खबर मन्त्र टीम**

**चांडिल/जमशेदपुर।** चांडिल रेलवे फाटक के पास आज स्टील प्लेट रोल से लदी मालगाड़ी बेटरी हो गई। इससे इस मार्ग पर घंटों रेल यातायात बाधित रहा। इस दुर्घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है।

हमारे चांडिल संवाददाता के अनुसार इस दुर्घटना के बाद रेलवे फाटक क्रोसिंग के पास रेल पटरी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इसकी वजह से उस रूट पर यातायात प्रभावित हो गया है। इस दुर्घटना में किसी की हताहत होने की सूचना नहीं है। इस मालगाड़ी में लोहा प्लेट का रोल लोडेड है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

मालगाड़ी बेपटरी होने की घटना सोमवार की दोपहर करीब 12 बजे की है। रेल के बेपटरी होने की घटना के बाद सुरक्षा के लिहाज से चांडिल से होकर रेल परिचालन फिलहाल बंद कर दिया गया है। ट्रेन के बेपटरी होने के बाद चांडिल से होकर जाने वाली कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हो रही है। घटना में रेल पटरी कई जगहों पर उखड़ गई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटना के बाद लोहे का पटरी कुछ दूर तक ऊपर उठ गया था। चांडिल रेलवे फाटक के पास मालगाड़ी के बेपटरी होने से सिकली, कॉलेज मोड़ के ग्रामीणों का आवागमन भी प्रभावित हो रही है। रेलवे के लोग दुरुस्त करने में जुट गयी है।



**क्षतिग्रस्त रेल पटरी के पास मालगाड़ी का इंजन।**



## एक नजर में

### बामनी में तीन अक्टूबर को कोल्ड स्टोरेज का उद्घाटन करेंगे मंगल कालिंदी



**पटमदा।** पटमदा प्रखंड के बामनी में वर्षों से बनकर तैयार कोल्ड स्टोर का उद्घाटन स्थानीय विधायक मंगल कालिंदी के द्वारा 3 अक्टूबर को विधिवत रूप से पूजा अर्चना करने के पश्चात किया जायेगा। इसके साथ ही पटमदा व बोड़ाम प्रखंड क्षेत्र के किसानों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो जायेगी। इस बात की जानकारी देते हुए झामुमो नेता सुभाष कर्मकार ने बताया कि पटमदा में कोल्ड स्टोर की मांग वर्षों पुरानी रही है। स्थानीय विधायक के पहल पर 3 अक्टूबर को विधिवत रूप से पूजा अर्चना करते हुए कोल्ड स्टोर का शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 5 अक्टूबर (शनिवार) को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की महत्ताकांक्षी योजना बिजली बिल माफी योजना के लाभुकों के बीच सर्टिफिकेट वितरण विधायक मंगल कालिंदी ने सुबह 11 बजे बोड़ाम एवं दोपहर 12 बजे पटमदा प्रखंड में अपने हाथों से करेंगे। उन्होंने सभी लाभुकों को संबंधित प्रखंड मुख्यालय में ससमय उपस्थित होने की अपील की है।

### बैंककर्मी नेहा ने झारखंड स्टेट योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में जीता गोल्ड



**जमशेदपुर।** झारखंड के गिरिडीह में आयोजित तीन दिवसीय झारखंड राज्य योगासना स्पोर्ट्स प्रतियोगिता 28-30 सितंबर को आयोजित की गयी जिसमें उम्र सीमा के आधार पर अनेक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जमशेदपुर से वैश्य एकता मंच के प्रदेश महासचिव श्रीकांत देव की सुपुत्री नेहा जो बैंक कर्मी भी है उसने उक्त प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक (प्रथम स्थान) जीत कर अपने परिवार जनों, श्रेष्ठजनों एवं समस्त मित्र-बंधुओं को गोरावनित किया है। नेहा की इस उपलब्धि पर वैश्य एकता मंच के कई पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त कर उसे शुभकामनाएं दी है जिसमें मुख्य रूप से हलदर नारायण शाह, उत्तम कुमार गुप्ता, दिनेश गुप्ता, जया साहू, राजेश्वर साहू, राजकुमार शाह, डॉ संतोष गुप्ता, अमर चंद्र पोद्दार, अरुण पोद्दार, संजीव पोद्दार, रामानुज पोद्दार, राजीव रंजन पोद्दार यूबीएचआरसीसी के राज सिंह, रुपेश शर्मा, योगेश लाल वरिष्ठ नागरिक के सुधाकर लाल दास सहित सैकड़ों लोगों ने बधाइयां दी एवं आगे आने वाले राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी है।

### जन सेवा संघ ट्रस्ट के शिविर में 146 रक्त संग्रहित



**जमशेदपुर।** शहर में पशु सेवा और सामाजिक कार्यों से एक अलग पहचान बनाने वाली संस्था जन सेवा संघ ट्रस्ट के आठवें वर्षगांठ पर रक्तदान शिविर का आयोजन जमशेदपुर बल्ड बैंक में किया गया, जिसमें 146 लोगों ने रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं और अतिथियों को संस्था ने 251 पौधा देकर पर्यावरण संरक्षण का भी संकल्प लिया। कार्यक्रम में मौजूद डीडीसी मनीष कुमार, बंटी सिंह, तरणप्रीत सिंह, भाजपा नेता विकास सिंह, डीडी त्रिपाठी, मयंक गुप्ता, जुगनू पांडे, हरि सिंह राजपूत, प्रभुनाथ सिंह, रंजन सिंह व शहर के अन्य कई गणमान्य लोगों ने बतौर अतिथि मौजूद होकर रक्तदाताओं का हौसला अफजाई की। जन सेवा संघ ट्रस्ट के सूरज कुमार, प्रशांत सिन्हा, कुणाल शर्मा, विशाल कुमार, मिठू कुमार, अभिषेक कुमार, सूरज सिंह,अमन सिंह, कृष्णा मोहन, हेमंत मैटी, विजय चौहान, विक्की नायडू, आशीष घोष, कृष्ण सिंह, अनुरंजन इक्का, सपना थापा, रीना सोरेन, अमृत कौर, ज्योति कुमारी, सोनी कुमारी, रिसी कुमार, सुनील गुप्ता का योगदान अहम रहा।

### इंडियन सिल्क हाउस एजेंसीज ने जमशेदपुर में किया अपने रिटेल स्टोर का शुभारंभ



जमशेदपुर। सस्ती कीमत पर पूरे भारत से साड़ियों के व्यापक संग्रह के लिए प्रसिद्ध बंगाल की अग्रणी रिटेल चेन इंडियन सिल्क हाउस एजेंसीज ने झारखंड के जमशेदपुर के ठाकुरबाड़ी रोड़, साकची में अपने नए स्टोर का शुभारंभ किया। इस स्टोर का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. अजय कुमार ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इंडियन सिल्क हाउस एजेंसीज की संस्थापक प्रतिभा दुधोरिया ने एक बयान जारी कर कहा 50 साल की विरासत के साथ भारतीय सिल्क हाउस एजेंसीज पूर्वी भारत में सबसे बड़ी सिल्क साड़ी रिटेल चेन है। यह ब्रांड गुणवत्ता, शिल्प कौशल और ग्राहक सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है। बंगाल में साड़ी के शौकीनों का दिल जीतने के बाद, ब्रांड ने सफलतापूर्वक छत्तीसगढ़, बिहार तक अपनी पहुंच बढ़ा दी है।

# कांग्रेस की मेनिफेस्टो कमेटी का आगमन आज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर प्रदेश स्तरीय मेनिफेस्टो कमेटी (घोषणा पत्र निर्माण समिति) का एक प्रतिनिधिमंडल पूर्वी सिंहभूम जिला के जमशेदपुर में 1 अक्टूबर को सुबह 11 बजे जमशेदपुर परिसदन (सर्किट हाउस) में पधारेगी। मेनिफेस्टो कमेटी के चेयरमैन पूर्व मंत्री सह वरिष्ठ कांग्रेस नेता बंधु तिर्की एवं कमेटी के सदस्यगण जमशेदपुर परिसदन के सभागार में सामाजिक संस्थाओं से जुड़े प्रतिनिधियों के माध्यम से तथा जनहित के मुद्दे जनता के माध्यम से, मजदूर युनियन, चैम्बर ऑफ कॉमर्स, सांस्कृतिक संस्थान से प्राप्त करेगी। जिसे मेनोफिस्टो कमेटी सभी सुझावों को एकत्र कर जनहित एवं समाजहित से संबंधित मुद्दों को कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र में स्थान देगी। जिससे आम जनता का घोषणा पत्र का रूप दिया जा सकेगा। उक्त कमेटी के द्वारा सुबह 11:00 से अपराह्न 3:00 बजे तक 1 अक्टूबर को सुझाव संबंधी प्रविष्टियों को लिखित रूप से जमा लेने का कार्य करेगी तथा अपराह्न 3:00 बजे प्रेस प्रतिनिधियों को प्रेस वार्ता के माध्यम से संबोधित करेंगी। उक्त अवसर पर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे उपस्थित रहेंगें तथा मेनोफेस्टो कमिटी के आगमन पर प्रोटोकॉल के तहत आगवानी करेंगे। उक्त जानकारी कांग्रेस कार्यालय प्रभारी संजय सिंह आजाद ने दी।

# छठे यूएफसी चैलेंजर ट्रॉफी का खिताब एसएस ट्रेडिंग्स, कोलकाता ले उड़ा



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** गोलमुरी के युएफसी ग्राउंड मे चल रहे दो दिवसीय छठे युएफसी चैलेंजर ट्रॉफी 2024 का समापन हो गया, दो दिवसीय यह नॉकआउट फुटबाल टूर्नामेंट काफी रोमांच भरा रहा जहां एस.एस ट्रेडिंगस, कोलकाता ने विजेता के रूप मे अपना नाम दर्ज करवाया। युएफसी फैमली के अध्यक्ष शाही आदिल एवं उनकी पूरी टीम के द्वारा विगत छह वर्षो से लगातार इसका आयोजन किया जा रहा है, युवाओं मे खेल स्पर्धा को बढ़ावा देने एवं उन्हें नशा आदि से दूर रखने का यह सार्थक प्रयास लगातार इनके द्वारा फुटबाल खेल के माध्यम से किया जा रहा है। खेल मे बतौर मुख्य अतिथि राज्य के मंत्री बन्ना गुप्ता शामिल हुए। उनके अलावे कांग्रेस नेता डॉ अजय कुमार, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार समेत शहर के प्रबुद्धजन इस आयोजन मे शामिल हुए। रोमांचक मुकाबले मे प्रथम पुरस्कार पर एस. एस. ट्रेडिंगस, कोलकाता ने कब्जा जमाया वहीं द्वितीय पुरस्कार पर स्काई वर्ल्ड, मानगो ने, तृतीय पुरस्कार पर एबीसी आदित्यपुर ने, और चौथे पुरस्कार पर जेवियर बॉयज क्लब ने कब्जा जमाया, वहीं टूर्नामेंट मे सबसे अनुशाषित टीम का खिताब स्काई वर्ल्ड को मिला, साथ ही सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब पोटका निवासी विक्रम किस्कू को मिला, वहीं सर्वश्रेष्ठ डिफेन्डर का खिताब मानगो निवासी सोना को मिला। साथ ही सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का खिताब कोलकाता के राजेश को मिला।

# बीएसीईटी के छात्र हीरालाल का चयन स्काइला सॉफ्ट में हुआ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बी ए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, घुटिआ, जमशेदपुर के कंप्यूटर साइंस विभाग के अंतिम वर्ष के छात्र श्री हीरा लाल राणा का अग्रणी सॉफ्टवेयर कंपनी स्काईला सॉफ्ट प्राइवेट लिमिटेड में बहुत अच्छे पैकेज पर चयन हुआ है। कस्टमर सर्विस कार्यकारी पद के लिए 14 सितंबर 24 को कंपनी के एचआर कार्यालय में छात्र का साक्षात्कार हुआ था। छात्र कंपनी के लिए सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट के साथ-साथ मार्केटिंग उद्देश्य के लिए भी काम करेगा और 1 साल तक प्रशिक्षण में रहेगा। कंप्यूटर साइंस विभाग के अंतिम वर्ष का एक अन्य छात्र साकिब अहमद कंपनी में सॉफ्टवेयर डेवलपर पद के लिए प्रतीक्षा सूची में है। उनकी सफलता पर चेयरमैन डॉ. एसके सिंह, प्रभारी प्राचार्य डॉ. प्रत्यंचा प्रसाद, टीपीओ राहुल सिंह और सभी फैकल्टी ने बधाई दी।



# ऑल इंडिया बार परीक्षा 2024 के सिलेबस में नये एक्ट जोड़ना सरासर गलत : अमर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भारत सरकार द्वारा जुलाई 2024 में नये तीन कानून को संशोधन करके भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता लागू किये गये, जो आज के समय मे पूरे देश में लागू है। फिर भी प्रतियोगिता परीक्षा में विद्यार्थियों से सवाल पुराने लॉ के मुताबिक ही पूछे जा रहे है,यहाँ तक कि झारखंड ज्यूडिशरी प्री में भी पुराने लॉ से ही प्रश्न पूछे गए लेकिन अब ऑल इंडिया बार परीक्षा 2024 का सिलेबस 20 सितंबर को प्रकाशित हुआ जिसमें पुराने तीनो लॉ के साथ साथ नए तीनो लॉ को भी ऐड कर दिया गया है,अब ऐसे विद्यार्थी जो कि पुराने लॉ से 2023 औ? 2024 में पास हुए हैं उनके लिए दोनों विधि पढ़कर परीक्षा देना दुबिधा बना हुआ है,जबकि जो बिधि अभी हाल में लागू हुए है और अभी तक किसी बिधि विद्यालयों के सिलेबस में इसे ऐड नही किया गया है तो आखिर में बार परीक्षा में क्यों ऐड कर दिया गया है, पिछले आकड़ों के अनुसार 48.36 अभ्यार्थी ही एआईबीई 18 की परीक्षा पास किये।

# नेशनल हॉकर फेडरेशन के अधिवेशन में भाग लेकर लौटे उत्तम और साथी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** एनएचएफ (नेशनल हॉकर फेडरेशन) द्वारा आयोजित जलवायु परिवर्तन एवम प्लास्टिक उन्मूलन विषय पर आधारित चार दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन बीते 21सितंबर से 24 सितंबर 2024 तक हिमांचल प्रदेश के मनाली में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस अधिवेशन में पूरे भारत वर्ष से कुल 105 डेलीगेट्स शामिल हुए , जिनमें झारखंड प्रदेश से तीन प्रतिभागी उत्तम चक्रवर्ती, नागेन्द्र कुमार एवम सुनीता पोयडा अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। इस राष्ट्रीय अधिवेशन में स्ट्रीट वेंडर से संबंधित मुद्दों और सरकार की ओर से बनाए गए कानूनों पर चर्चा की गयी।

अधिवेशन में 24 राज्यों, 5 केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 105 स्ट्रीट वेंडर लीडरों ने भाग लिया और अपने अपने प्रदेश की समस्याओं को सबके सामने रखा तथा उसके समाधान के लिए गहन मंथन की गयी। इस अधिवेशन में स्ट्रीट वेंडर्स के जीवन और आजीविका की सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन, प्लास्टिक उन्मूलन एवम न्याय से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर 12 सत्रों में चर्चा हुई।

अधिवेशन में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 9 सितंबर 2013 के फैसले के साथ-साथ स्ट्रीट वेंडर्स प्रोटेक्शन ऑफ लाइवलीहुड एंड रेगुलेशन ऑफ स्ट्रीट वेंडिंग एक्ट 2014 को लागू करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

अधिवेशन में कहा गया कि स्ट्रीट वेंडर प्रतिदिन 8,000 / करोड़ रुपये से अधिक के कारोबार के साथ राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को समृद्ध कर रहे हैं। केंद्र सरकार को अमीर और गरीब के बीच की खाई को कम करना होगा। जहां यह आम लोगों से जीएसटी का बड़ा हिस्सा वसूल रही है, वहीं सुपर अमीर लोगों को करों में छूट और बड़ी मात्रा में वित्त पूंजी माफ करने से यह खाई और चौड़ी हो रही है। एनएचएफ ने 1% सुपर अमीरों पर 1% संपत्ति कर की आवश्यकता पर बल दिया, जो देश की 50% से अधिक संपत्ति के मालिक हैं। अधिवेशन में इसके विरुद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया।



स्पीड न्यूज

## कंगना रनौत ने खरीदी नयी रेंज रोवर कार



नयी दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस और सांसद कंगना रनौत हमेशा किसी न किसी वजह से चर्चा में रहती हैं। उनकी आने वाली फिल्म 'इमरजेंसी' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म को लेकर उठे विवाद के कारण रिलीज डेट अटक गई है। इसी बीच कंगना को भारी नुकसान हुआ। कंगना को मुंबई के पाली हिल इलाके में अपना बंगला 32 करोड़ रुपये में बेचना पड़ा। हालांकि, इस बीच उन्होंने एक लग्जरी कार भी खरीदी है। इसकी कीमत सुनकर आप हैरान हो जाएंगे। कंगना ने एक लग्जरी कार रेंज रोवर खरीदी है। इसकी कीमत तीन करोड़ रुपये है। इस मौके पर कंगना के कार कलेक्शन में एक और लग्जरी कार जुड़ गई है। अपनी खुशी जाहिर करते हुए कंगना ने सोशल मीडिया पर कार के साथ कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं। फोटो में कंगना सलवार-सूट पहने हाथों में पूजा की थाली लिए अपनी आलीशान कार के सामने खड़ी नजर आ रही हैं।

## नेपाल में बाढ़ से मरने वालों की संख्या 200 के पार

**काठमांडू।** नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन के कारण मरने वालों की संख्या बढ़ कर 200 के पार हो गई है। अभी भी करीब चार दर्जन से अधिक लोग लापता हैं। भूस्खलन की चपेट में फंसे शवों को निकालने का काम जारी है। बाढ़ का पानी कम होने के साथ ही लोगों के खाने-पीने की व्यवस्था में सरकार जुट गई है। गृह मंत्रालय की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक बाढ़ और भूस्खलन के कारण मरने वालों की संख्या बढ़ कर 204 हो गयी है।

## ड्रोन अटैक में पीएफएलपी के तीन नेता मारे गये

**बेरुत।** हिज्बुल्लाह के खिलाफ व्यापक अभियान को अंजाम देते हुए इजराइल ने सोमवार तड़के लगातार ड्रोन हमलों से लेबनान की राजधानी बेरुत को दहला दिया। इजराइली सेना ने ड्रोन अटैक कर शहर की इमारत को निशाना बनाया। हमले में कम-से-कम 4 लोगों की मौत हो गई, जिसमें इजराइल के खिलाफ कड़े संघर्ष में सक्रिय पॉपुलर फ्रंट फॉर दी लिबरेशन ऑफ फिलिस्तीन (पीएफएलपी) के तीन बड़े नेता शामिल हैं। इजराइली सेना रविवार से ही बेरुत के रिहाइशी इलाकों को निशाना बनाकर हमले कर रही है।

## भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवा पीढ़ी निभाए भूमिका : नरेश बंसल

**हरिद्वार।** राज्यसभा सांसद और संसद की रक्षा समिति के सदस्य नरेश बंसल ने कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य में सरकार के साथ युवा पीढ़ी को भी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि गत एक दशक में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि में व्यापक रूप से बदलाव आया है। भारत की शक्ति उसकी युवा पीढ़ी में निहित है। युवा पीढ़ी की लगन, ऊर्जा, उत्साह और उद्देश्य के प्रति समर्पण से ही भारत विकसित राष्ट्र के रूप में सामने आएगा।

## रामलीला मैदान में तीन से रामलीला का आयोजन

**जयपुर।** श्री सनातन धर्म महोत्सव समिति के द्वारा 3 अक्टूबर से रामलीला का आयोजन चौड़ा रास्ता स्थित रामलीला मैदान में रामलीला का मंचन किया जाएगा। रामलीला आयोजन के अध्यक्ष प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि 3 से 12 अक्टूबर रामलीला मैदान में रामलीला का मंचन किया जाएगा । विजयदशमी 12 अक्टूबर को 50 फीट के रावण का दहन किया जाएगा। आयोजन के संरक्षक राम रिछपाल दास महाराज सरस निकुंज के अलबेली माधुरी शरण महाराज, सानिध्य में रामलीला आयोजित की जाएगी।

---

चुनावी दर्पण: झारखंड छतरपुर विधानसभा

# भाजपा और जदयू का रहा राज, झामुमो कभी नहीं जीता

## राधाकृष्ण किशोर भाजपा और जदयू से जीते पर आजसू और कांग्रेस से हारे






**छतरपुर** सीट से राधा कृष्ण एक बार भाजपा और एक बार जदयू के टिकट पर चुनाव जीत चुके हैं। पिछले 4 विधानसभा चुनावों की बात करें तो इस क्षेत्र से 2 बार भाजपा और दो बार जनता दल यूनाइटेड (जदयू) को जीत मिली। राधा कृष्ण किशोर इस सीट से सबसे अधिक 2 बार चुनाव जीते हैं। एक बार भाजा से और एक बार जदयू से। वहीं जब श्री किशोर आजसू और कांग्रेस के टिकट पर लड़े तो उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा। इन चुनावों में झामुमो को अबतक एक बार भी जीत हासिल नहीं हुई है।

2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने इस सीट पर अपना परचम लहराया। भाजपा की पुष्पा देवी ने राजद के विजय कुमार को हराया था। भाजपा की पुष्पा देवी को कुल 64,127 वोट मिले थे। वहीं लालू प्रसाद यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की ओर से चुनाव लड़ रहे विजय कुमार सबसे अधिक वोट पाने वाले दूसरे नंबर के उम्मीदवार रहे। उनको 37,335 वोट मिले। तीसरे नंबर पर रहे ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) के प्रत्याशी राधा कृष्णा किशोर को 16,081 वोट मिले।

2014 के झारखंड विधानसभा चुनाव में इस सीट पर कुल 14 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया। इनमें 10 पुरुष और 4 महिला थीं। जनता ने भाजपा उम्मीदवार राधा कृष्ण किशोर पर भरपूर प्यार लुटाया। 43,805 वोट पाकर राधा कृष्णा किशोर चुनाव जीत गये। राजद के मनोज कुमार दूसरे स्थान पर रहे। उनको कुल 37,943 वोट मिले। तीसरे नंबर पर झारखंड विकास मोर्चा के प्रत्याशी प्रभात कुमार थे। उनको कुल 17,974 वोट मिले थे।

2009 के झारखंड विधानसभा चुनाव में कुल 19 प्रत्याशी मैदान में थे। इनमें 15 पुरुष और चार महिलाएं थीं। इस चुनाव में जदयू की सुधा चौधरी को सबसे अधिक वोट मिले। 25,854 वोट पाकर वह छतरपुर विधानसभा की विधायक बनीं। दूसरे नंबर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के मनोज कुमार रहे। उनको कुल 16,108 वोट मिले। कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले राधा कृष्ण किशोर तीसरे नंबर पर रहे। उन्हें मात्र 15,575 वोट मिले थे। 2005 के झारखंड विधानसभा चुनाव में 12 पुरुष और 2 महिला उम्मीदवार थीं। इस चुनाव में जदयू के टिकट पर चुनाव लड़ रहे राधा कृष्ण किशोर पर लोगों ने भरोसा जताया।

39,667 वोटों से राधा कृष्ण किशोर चुनाव जीत गये। राजद के टिकट पर चुनाव लड़ने वालीं पुष्पा देवी इस चुनाव में दूसरे नंबर पर रहीं। उनको कुल 23,234 वोट मिले थे। निर्दलीय चुनाव लड़ने वाली सुधा चौधरी तीसरे नंबर पर रहीं। उनको 10,399 वोट मिले थे।

---

## कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी ने इनफिनिटी लैब प्रोग्राम में भारतीय छात्रों का किया स्वागत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी, सैन मार्कोस ने अपने मशहूर इनफिनिटी लैब पाठ्यक्रम में भाग लेने के लिये भारतीय विद्यार्थियों को आमंत्रित करते हुए कहा है कि उसका यह पाठ्यक्रम जीवन विज्ञान (लाइफ साइंसेस) की पढ़ाई के क्षेत्र में विशेष स्थान रखता है।

विश्वविद्यलय की ओर से यहां जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इस पाठ्यक्रम के तहत भारतीय छात्रों को विश्वविद्यालय की अत्याधुनिक लाइफ साइंसेस लैब में प्रैक्टिकल पढ़ाई और आधुनिक शोध का अवसर मिलता है और यह वैज्ञानिक शोध को असल दुनिया के प्रयोगों के साथ जोड़ा जाता है। यहां छात्र अत्याधुनिक उपकरणों और विशेषज्ञ शिक्षकों की मदद से एक ऐसे माहौल में पढ़ाई करते हैं, जो नवाचार और तार्किक सोच को बढ़ावा देता है। ये सभी कौशल आज के वैज्ञानिक जगत में सफलता के लिये बेहद जरूरी हैं। विज्ञप्ति के अनुसार इनफिनिटी लैब प्रोग्राम खासकर मॉलिक्यूलर और सेलुलर बायोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी, इम्यूनोलॉजी, और बायोइन्फॉर्मेटिक्स जैसे विषयों पर ध्यान केंद्रित करती है। इन क्षेत्रों में छात्र न केवल तकनीकी विशेषज्ञता हासिल करते हैं, बल्कि समस्या सुलझाने के महत्वपूर्ण कौशल भी सीखते हैं, जिससे वे दुनिया भर के जॉब मार्केट में ज्यादा प्रतिस्पर्धी हो जाते हैं।


विश्वविद्यालय के उत्तरी अमेरिका और दक्षिण एशिया क्षेत्र में विद्यार्थियों के लिए प्रदर्शनी लगाने वाले वाले प्रभाग के उपाध्यक्ष करन ललित ने कहा, ह्ल कोर्सेस में पंजीकृत होकर छात्र सेलुलर बायोटेक्नोलॉजी और इम्यूनोलॉजी में अत्याधुनिक तकनीक का प्रैक्टिकल अनुभव हासिल करते हैं। इससे वे लाइफ साइंस इंडस्ट्री में नेतृत्व की भूमिकाओं के लिये तैयार हो जाते हैं। विश्वविद्यालय के साथ हमारी साझेदारी यह सुनिश्चित करती है कि छात्रों को व्यापक शैक्षणिक सहयोग मिले, जिससे वे कोर्स में अच्छा प्रदर्शन कर सकें और अमेरिका में पढ़ाई की चुनौतियों से भी निपट सकें।

---

### अमित शाह का खड़गे पर हमला, कहा

## आप 2047 तक जीवित रहें और विकसित भारत का निर्माण होते देखें

एजेंसी



**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के उस बयान पर प्रतिक्रिया दी है, जिसमें उन्होंने कहा कि मैं पीएम मोदी को कुर्सी से हटाने तक जिंदा रहूंगा। अमित शाह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए यह प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी ने कल रविवार को अपने भाषण में खुद, अपने नेताओं और अपनी पार्टी से भी ज्यादा घटिया और शर्मनाक बात कही। अपनी कटुता का परिचय देते हुए उन्होंने बेवजह पीएम मोदी को अपने निजी स्वास्थ्य के मामले में घसीटते हुए कहा कि वे पीएम मोदी को सत्ता से हटाकर ही दम लेंगे। इससे पता चलता है कि इन कांग्रेसियों में पीएम मोदी के प्रति कितनी नफरत और डर है, कि वे हर समय उनके बारे में सोचते रहते हैं। जहां तक श्री खड़गे जी के स्वास्थ्य की बात है, मोदी जी प्रार्थना करते हैं, मैं प्रार्थना करता हूं और हम सब प्रार्थना करते हैं कि वे दीघार्यु और स्वस्थ रहें। वे अनेक वर्षों तक जीवित रहें और 2047 तक विकसित भारत का निर्माण होते देखें।

जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव 2024 के लिए एक रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हम राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए लड़ेंगे... मैं 83 साल का हूं, मैं इतनी जल्दी नहीं मरने वाला हूं। मैं तब तक जिंदा रहूंगा जब तक पीएम मोदी सत्ता से बाहर नहीं हो जाते... इसके बाद यह विवाद बढ़ गया।

### पीएम ने किया था फोन

जैसे ही पीएम मोदी को खड़गे की तबियत का पता चला उन्होंने फोन कर उनका हाल-चाल पूछा. बता दें, खड़गे की तबियत अचानक बिगड़ गई थी।

---

# आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए कानून का शासन जरूरी : मुर्मु

एजेंसी



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि कानून के शासन के कारण ही देश में आर्थिक तथा सामाजिक विकास संभव है और कानून के शासन की बहाली में पुलिस सेवा का महत्वपूर्ण योगदान है। भारतीय पुलिस सेवा परिवीक्षाधीनों के एक समूह ने सोमवार को यहां राष्ट्रपति भवन में श्रीमती मुर्मु से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने पुलिस अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अखिल भारतीय सेवाओं में से भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) का अपना एक महत्व है। उन्होंने कहा कि कानून और व्यवस्था न केवल शासन का आधार है बल्कि यह आधुनिक राज्य का भी आधार है। सरल शब्दों में कोई यह भी कह सकता है कि कई स्थानों और कई स्थितियों में वे साथी नागरिकों के लिए सरकार का चेहरा होंगे और वे राज्य की प्रशासनिक मशीनरी के साथ उनका पहला इंटरफेस होंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि चूंकि भारत आने वाले वर्षों में नई ऊंचाइयों को छूने का लक्ष्य रखता है, इसलिए पुलिस अधिकारियों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा कि आर्थिक विकास और सामाजिक विकास केवल वहीं संभव है जहां कानून का शासन कायम है। कानून और व्यवस्था बनाए रखने, न्याय सुनिश्चित करने और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के बिना प्रगति एक अर्थहीन शब्द बन जाता है। श्रीमती मुर्मु ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि हाल के वर्षों में भारतीय पुलिस सेवा में महिला अधिकारियों की संख्या तेजी से बढी है। उन्होंने कहा कि उनकी बढ़ती संख्या पुलिसिंग के समग्र चरित्र को बेहतरी के लिए बदल सकती है, पुलिस-सामुदायिक संबंधों में सुधार कर सकती है और राष्ट्र के लिए भी फायदेमंद साबित होगी।

राष्ट्रपति ने कहा कि कानून और व्यवस्था के रखरखाव, अपराध की रोकथाम और पता लगाने के साथ-साथ पुलिसिंग के अन्य पहलुओं की दृष्टि से प्रौद्योगिकी में प्रगति से लाभ हुआ है। हालाँकि, दूसरा पक्ष यह है कि अपराधियों और आतंकवादियों ने भी प्रौद्योगिकी का सहारा लेना शुरू कर दिया है। जब दुनिया भर में साइबर अपराध और साइबर युद्ध बढ़ रहे हैं, तो आईपीएस अधिकारियों से तकनीक-प्रेमी होने और अपराधियों से एक कदम आगे रहने की उम्मीद की जाएगी।

राष्ट्रपति ने कहा कि आईपीएस अधिकारियों की बड़ी जिम्मेदारियां कभी-कभी बहुत तनावपूर्ण हो सकती हैं। इसलिए, उन्हें योग, प्राणायाम और विश्राम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने उन्हें यह भी याद रखने की सलाह दी कि आईपीएस में एस का मतलब सेवा है। उन्होंने कहा कि उनका सर्वोपरि नारा देश और उसके नागरिकों की सेवा करना है।

---

## तिरुपति लड्डू विवाद पर सीएम के बयान से सुप्रीम कोर्ट खफा

## भगवान को राजनीति से दूर रखा जाना चाहिए

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 'तिरुपति लड्डू' विवाद मामले में मुकदमा दर्ज होने और विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने का आदेश देने से पहले आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की ओर से प्रसाद में कथित तौर पर दूषित घी के इस्तेमाल के बारे में बयान देने पर सोमवार को नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि उसे उम्मीद है कि देवताओं को राजनीति से दूर रखा जाएगा। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने कहा, 18 सितंबर को प्रेस के सामने बयान देने का औचित्य क्या था? इस बात का कोई ठोस सबूत नहीं था कि लड्डू बनाने में वास्तव में दूषित घी का इस्तेमाल किया गया था। पांच आपूर्तिकर्ता थे। जिनमें से केवल एक आपूर्तिकर्ता की आपूर्ति दूषित पाई गई।

पीठ ने हालांकि यह भी पूछा कि क्या सभी आपूर्तिकताओं से प्राप्त घी को इस्तेमाल से पहले मिलाया गया था। पीठ ने कहा, हमारा प्रथम दृष्टया मानना है कि जब जांच लंबित थी तो सर्वोच्च संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के लिए बयान देना उचित नहीं था।

शीर्ष अदालत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता सुब्रमण्यम स्वामी, इतिहासकार डॉ. विक्रम संपत, सुदर्शन टीवी चैनल के संपादक सुरेश चव्हाण और एक अन्य व्यक्ति के द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से यह निर्देश लेने को कहा कि क्या राज्य सरकार द्वारा गठित वर्तमान एसआईटी को ही जारी रहने दिया जाना चाहिए या कोई अन्य एसआईटी गठित की जानी चाहिए।

---

## एयर चीफ मार्शल सिंह ने वायु सेना के नये प्रमुख का कार्यभार संभाला

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी के सोमवार को सेवानिवृत होने पर एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने वायु सेना के नये प्रमुख का कार्यभार संभाल लिया। वायु सेना के अनुसार एयर चीफ मार्शल चौधरी ने वायु सेना प्रमुख के रूप में तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर वायु सेना मुख्यालय में एयर चीफ मार्शल सिंह को वायु सेना की कमान सौंपी। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने सुबह राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्हें वायु सेना मुख्यालय वायु सेना भवन में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने नये वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल सिंह को कार्यभार सौंपा। एयर चीफ मार्शल सिंह फरवरी 2023 से वायु सेना उप प्रमुख की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। इस मौके पर वायु सेना के अनेक वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। एयर चीफ मार्शल सिंह को 21 सितम्बर को नया वायु सेना प्रमुख नियुक्त किया गया था। उन्हें दिसंबर 1984 में भारतीय वायु सेना की फाइटर पायलट स्ट्रीम में नियुक्त किया गया था।

---

## सीबीआइ ने 26 साइबर अपराधियों को दबोचा

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर साइबर अपराध नेटवर्क चलाने वाले गिरोह के अलग- अलग शहरों में 32 ठिकानों पर छापामारी करते हुए 26 लोगों को गिरफ्तार किया है। सीबीआई के प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि एजेन्सी ने इस साइबर अपराध नेटवर्क के बारे में जानकारी मिलने के बाद 26 सितम्बर को विशेष अभियान चलाया था। एजेन्सी ने पुणे, हैदराबाद, अहमदाबाद और विशाखापत्तनम में 32 अलग-अलग स्थानों पर छापे मारकर तलाशी ली। सीबीआई ने चार अवैध कॉल सेंटरों रीजेंट प्लाजा, पुणे में मेसर्स वी.सी. इन्फ्रोमेट्रिक्स प्राइवेट लिमिटेड, मुरली नगर, विशाखापत्तनम में मेसर्स वी.सी. इन्फ्रोमेट्रिक्स प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद में मेसर्स वियाजेक्स सॉल्यूशंस और , विशाखापत्तनम में मेसर्स अटरिया ग्लोबल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड में चल रही ऑनलाइन आपराधिक गतिविधियों में शामिल 170 लोगों को रंगे हाथ पकड़ा।

---




---

# फाल्के अवॉर्ड पर भावुक हुए मिथुन कहा, मेरे पास शब्द नहीं

## ना मैं हंस सकता हूं, न रो सकता हूं

एजेंसी



**मुंबई।** सिनेमा जगत का सबसे प्रतिष्ठित अवॉर्ड दादा साहेब फाल्के पुरसकार मिलने की घोषणा से बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर मिथुन चक्रवर्ती भावुक हो गये। उन्होंने कहा, मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि इतना बड़े सम्मान से मुझे सम्मानित किया जायेगा। जब दिग्गज एक्टर मिथुन चक्रवर्ती से पूछा गया- सर आपको दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड से नवाजा जा रहा है इस पर आप कैसा महसूस कर रहे हैं। इस पर उन्होंने जवाब देते हुए कहा- सर मेरे पास शब्द नहीं है, ना मैं हंस सकता हूं ना मैं रो सकता हूं। मैं कोलकाता के एक छोटे से इलाके से आता हूं। मैंने कभी नहीं सोचा थी कि मुझे इतने बड़े अवॉर्ड से सम्मानित किया जायेगा।

बस इतना कह सकता हूं कि इस सम्मान को मैं अपनी फैमिली और मेरे सभी फैंस को डेडिकेट करने जा रहा हूं। मिथुन दा को 8 अक्टूबर को इस पुरुस्कार से सम्मानित किया जायेगा।

### पहली ही फिल्म में बेस्ट एक्टर का अवार्ड

मिथुन चक्रवर्ती ने साल 1976 में फिल्म मृगया से सिनेमा में कदम रखा। पहली ही फिल्म के लिए मिथुन को बेस्ट एक्टर के नेशनल अवॉर्ड से नवाजा गयाया। मिथुन ने अपने करियर में अब तक 250 से ज्यादा फिल्में की हैं। वहीं साल 1989 में लगातार 19 फिल्में की थी उनका यह रिकॉर्ड आज तक कोई नहीं तोड़ पाया है। मिथुन राजनेता भी हैं और उनका नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉड्र्स में दर्ज है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक्स हैंडल पर लिखा- मिथुन दा का सिनेमा में शानदार योगदान रहा है, जिन्होंने पीढ़ियों को प्रेरित किया है। मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि मिथुन दा को सिनेमा में उनके शानदार योगदान के लिए दादा साहेब फाल्के अवार्ड के लिए चुना गया है।